प्रियंका ने मोदी को शहंशाह कहा बोलीं, मेरे... 12

राज्य मंत्री ने की धर्मेंद्र कश्यप को भारी मतों से... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 201
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 05 मई, 2024

कानपुर के मन मस्तिष्क पर छा गई मोदी और योगी की जोड़ी

- रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच भी आम जनमानस का दिखा उत्साह
- कई किमी पैदल चलकर रोड शो देखने पहुंचे लोग,साथ में लेकर आए फूल और आरती की थाली
- महिलाओं और युवाओं में पीएम मोदी और सीएम योगी को देखने का रहा सबसे ज्यादा क्रेज
- देश और प्रदेश के नायकों को अपने कैमरों में कैप्चर करने के लिए लालायित नजर आया कानपुर

जन एक्सप्रेस । कानपुर

पीएम मोदी और सीएम योगी की झलक देखने को पूरा कानपुर शनिवार को गुमटी नंबर 5 की ओर उमड़ पड़ा। निश्चित रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं की इसमें बड़ी भीड़ थी, लेकिन कानपुर की आम जनता भी इस हुजूम का हिस्सा थी, जिसने रोड शो के रूट तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर तक पैदल यात्रा की। ये मोदी और योगी की झलक पाने का जुनून ही था कि शाम 5 बजे से ही गुमटी गुरुद्वारा से लेकर गुमटी नंबर 5 और संत नगर चौराहे तक लाखों लोग जमा हो गए। जब मोदी और योगी का रोड शो गुजरा तो पूरा कानपुर योगी-मोदी जिंदाबाद के नारों और जो राम को लाए हैं, हम उनको लाए हैं... जैसे गीतों से गुंजायमान हो गया। कानपुर के लिए यह पहला मौका था, जब पीएम मोदी और सीएम योगी यहां रोड शो कर रहे थे। ऐसे में हर कोई देश और प्रदेश के इन नायकों को अपने कैमरों में कैप्चर करने के लिए लालायित नजर आया। करीब सवा घंटे तक चले इस रोड शो ने कानपुर की फिजां में भगवा रंग घोल दिया। कानपुर के लोगों के मन और मस्तिष्क में मोदी और योगी की छवि हमेशा हमेशा के लिए कैद हो गई।

सुरक्षा का फूल प्रूफ बंदोबस्त

दरअसल, कानपुर की संवेदनशीलता किसी से छुपी नहीं है। इसलिए जिला प्रशासन ने रोड शो की बेहद पुख्ता तैयारी की थी। गुमटी गुरुद्वारे से गुमटी नंबर 5 बाजार होते हुए संत नगर चौराहे और कालपी रोड तिराहे तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। रोड को तीन हिस्सों में विभाजित किया गया था। मुख्य रोड पर पीएम मोदी और सीएम योगी की जीप और उनका काफिला चल रहा था, जिसके आगे महिला कार्यकर्ताओं की भीड़ थी और पीचे पीएम और सीएम के काफिले से जुड़ी गाड़ियां और उनकी सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड्स चल रहे थे। बाकी रोड के दोनों तरफ, आम पब्लिक, कार्यकर्ता और मीडिया के लिए बैरीकेडिंग लगाकर खड़े होने की व्यवस्था की गई थी। उस पर भी सिक्योरिटी का गहरा पहरा था। कोई भी इस पहरे को तोड़कर आगे नहीं बढ़ सकता था। इसी तरह शहर के इस व्यस्ततम इलाके की बिल्डिंगों पर भी सिक्योरिटी मुस्तैद थी। पूरे इलाके की स्कैनिंग की गई थी और अत्यधिक भीड़ को मैनेज करने का प्लान भी तैयार किया गया था।

दोपहर से ही जुटने लगी भीड़

इस जबर्दस्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों के लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। इसके बावजूद पीएम मोदी और सीएम योगी को देखने की ललक थी कि लाखों लोग शाम होते-होते गुमटी पहुंचने लगे। इसमें बड़ी संख्या गृहणियों और युवाओं की थी। रोड शो के रूट पर जाने के लिए लोगों को सिक्योरिटी चेक से भी गुजरना पड़ा। लंबी कतारों में लगकर लोगों ने जल्दी आकर अपनी-अपनी जगह संभाल ली थी। पीएम की विजिट के चलते एक दिन पहले से ही ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया था, इसलिए इस पूरे रूट के कई कई किलोमीटर तक गाड़ियां अलाउ नहीं की गई थीं, इसके बावजूद लोग पैदल ही रोड शो और मोदी-योगी की जोड़ी को देखने के लिए पहुंचने लगे। कुछ गृहणियों ने बताया कि मोदी और योगी को देखने का क्रेज था, इसलिए शाम को ही यहां पहुंच गए थे। सिक्योरिटी के कारण हमें गाड़ियां घर पर छोड़कर आना पड़ा और पैदल ही यहां चले आए। कुछ युवाओं ने कहा कि पीएम और सीएम को सिर्फ टीवी पर ही देखा था, इसलिए आज यह अवसर छोड़ना नहीं चाहते थे। पुरुषों ने बताया कि पीएम मोदी जब भी कानपुर आए हैं तब उन्होंने यहां जनसभा ही की है। यह पहला मौका है, जब मोदी और योगी को इतनी पास से देखने का अवसर मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस पूरे कार्यक्रम के लिए फूल प्रूप व्यवस्था की गई थी। हजारों टन फूल मंगाए गए थे, जिन्हें कार्यकर्ताओं के साथ ही आम लोगों को भी दिया गया था। हालांकि, आम जनमानस भी अपने साथ फूल और आरती की थाली लेकर पहुंचा था। कुल मिलाकर इस सवा घंटे के शो में मोदी-योगी कानपुर के और कानपुर मोदी-योगी के दिलो दिमाग पर छा गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए मांगा वोट

भारत की धरती राम-कृष्ण की, जेहाद की नहीं : योगी

- वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट देना है: सीएम
- अब सीमापार से आतंकवाद नहीं होता, बल्कि पटाखा फूटने पर भी आतंकवादियों के आका सफाई देते हैं: मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित
- यूपीए सरकार में पिछड़ी, एससी-एसटी के आरक्षण को काटने की हो रही थी साजिश-सीएम

जन एक्सप्रेस । फर्रुखाबाद/गुना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात करके लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। सीएम ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भीखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। योगी के आह्वान पर फर्रुखाबाद वालों ने फिर से कमल खिलाने का आश्वासन दिया। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे।

सीएम ने फर्रुखाबाद वालों से की विकास की चर्चा

- सीएम ने भारत व उप्र के विकास की चर्चा की। बोले कि 2022 में यहां आकर कहा था कि गंगा मैया पर बनने वाला पुल जल्द शुरू होगा। अब कार्य प्रारंभ हो चुका है। पहले नारा लगता था कि फर्रुखाबादी चूसे गन्ना, लेकिन अब फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्रवाई आगे बढ़ा दी है।
- उन्होंने कहा कि 2022 में भी यहीं आया था और कहा था कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर भी बनेगा और माफिया का रामनाम सत्य भी होगा।
- सीएम ने कहा कि कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, सपा वाले कहते थे कि अयोध्या में परिंदा पर नहीं मार सकता, लेकिन आज वहां लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। यूपी में कर्फ्यू और दंगा मुक्त वातावरण है।
- नए भारत में गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं के सम्मान-संरक्षण के लिए कार्य हो रहा है तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन हकों पर डकैती डालने की योजना बना रहा है। जब सपा-कांग्रेस के नेतृत्व की यूपीए सरकार थी तब इन लोगों की तरफ से ओबीसी, एससी-एसटी के आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश हो रही थी।

भारत की प्रगति न चाहने वाले हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे

सीएम ने कहा कि आपने 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। 2014 के पहले का भारत दुनिया में विश्वास खो चुका था। आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। यह अराजकता वे लोग करते थे, जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर विश्वास नहीं था और जिन्हें विश्वास था वे एक भारत, श्रेष्ठ भारत के साथ जुड़कर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ते थे। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे।

अब सीमापार से आतंकवादियों के आका भी सफाई देते हैं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के बाद भारत का नया रूप दिख रहा है। पहले कहीं विस्फोट और आतंकवादियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमापार से हैं, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमापार से उनका आका भी सफाई देने को मजबूर होता है। हर किसी को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छेड़ता नहीं है।

राम और कृष्ण की भूमि पर नहीं होने देंगे गौहत्या

सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार में आपकी आस्था को भी सम्मान मिल रहा है और सुरक्षा का भाव जाग्रत हुआ है तो गरीब कल्याण के कार्य भी हो रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस का मैनिफेस्टो देखेंगे तो इसके उलट ही नजर आएगा। उन्होंने कहा कि मुगलों का एक बादशाह था औरंगजेब, जिसे सबसे क्रूर मुगल बादशाह माना जाता है। उसने एक कर लगाया था जजिया। आज कांग्रेस भी अपने मैनिफेस्टो में जजिया कर की बात कर रही है। मोदी जी कहते हैं कि विरासत का सम्मान होना चाहिए और कांग्रेस कहती है कि विरासत टैक्स लगाएंगे। ये कांग्रेस औरंगजेब के जजिया कर को जबरन लागू करना चाहती है जिसे कोई भारतीय स्वीकार नहीं करेगा।

राम मंदिर के निर्माण से साकार हुआ राजमाता का सपना

सीएम योगी ने गुना और अयोध्या के बीच संबंध को लेकर कहा कि अयोध्या का रामजन्मभूमि आंदोलन का इतिहास गुना के लिए भी गौरवान्वित करने वाला है। इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए जो एक प्रमुख स्वर था वो था राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी का। राम जन्मभूमि आंदोलन के किसी भी कार्यक्रम में उन्होंने अपने व्यक्तिगत कार्यक्रमों को छोड़कर पहले से लेकर अंतिम दिन तक खुद को जोड़े रखा। प्रसन्नता इस बात की है कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद जब प्रभु श्रीराम विराजमान हुए तो राजमाता की आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी कि जो वर्षों का सपना था वो सपना आज की पीढ़ी साकार कर रही है।

उत्तर प्रदेश की माटी में हुआ कर्मयोगी और योगी का संगम: ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम योगी की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज गुना में अशोक नगर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। हमारे बीच में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पधारे हैं। एक ऐसे व्यक्तित्व के कदम इस भूमि पर पड़े हैं, जिन्होंने विकास और प्रगति का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आपमें से कई लोगों को नहीं मालूम होगा, लेकिन महाराज योगी आदित्यनाथ जी और सिंधिया परिवार के बीच एक परिवारिक और आध्यात्म का संबंध भी रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की लोकप्रियता राष्ट्र के कोने-कोने में है और जिस तरह उन्होंने उत्तर प्रदेश की भूमि को परिवर्तित कर दिया है, वह आज विकास और प्रगति के लिए पूरे देश में मशहूर है। केंद्र में हमारे पास पीएम मोदी के रूप में एक कर्मयोगी हैं तो उत्तर प्रदेश में योगी जी हैं। कर्मयोगी और योगी का संगम उत्तर प्रदेश की माटी में हो चुका है। योगी जी हमारे लिए उदाहरण है।

वोट में जेहाद नहीं होता

सीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग धार्मिक आधार पर बंटवारा करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के इस्लामीकरण की साजिश है और इसी के तहत वोट जेहाद की बात करते हैं। वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट करना होता है, जिससे हमारा अधिकार सुरक्षित रहे। अपने अधिकार का सदुपयोग करते हुए विकास, सम्मान, लोकआस्था और भावी पीढ़ी के विकास के लिए जो कार्य कर सके। वोट उसे ही दें। विकास और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने विकसित भारत के लिए पीएम मोदी को तीसरा कार्यकाल देने की अपील की। इस अवसर पर फर्रुखाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, विधान परिषद सदस्य व भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सुशील शाक्य, सत्यपाल सिंह, डॉ. सुरभि, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सांप का जहर बेचने वाले पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई मामले में एल्विश यादव पर ईडी ने शिकंजा कसा

- एल्विश यादव के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लखनऊ में केस दर्ज किया गया है
- ईडी हेडक्वार्टर की ओर से निर्देश मिलने के बाद लखनऊ जोनल ऑफिस ने मामले की जांच भी शुरू की

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। आमतौर पर लोग सांप को देखकर ही डर जाते हैं। लेकिन इन दिनों हाई प्रोफाइल रेव पार्टियों में नशे के शौकीन सांप के जहर को खरीद रहे हैं। ऐसे ही एक सांप के जहर के सौदागर एल्विश यादव पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शिकंजा कसा गया है। यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई मामले में एल्विश यादव पर ईडी ने शिकंजा कसा है। एल्विश यादव के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लखनऊ में केस दर्ज किया गया है। साथ ही ईडी हेडक्वार्टर की ओर से निर्देश मिलने के बाद लखनऊ जोनल ऑफिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है।

पुलिस ने बहुत चालाकी से पकड़ा था

पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर मुखबिर के जरिए एल्विश से संपर्क किया। जिस पर एल्विश ने एजेंट राहुल का नंबर दिया। जब राहुल से एल्विश का रिफ्रेंस देकर बात की गई तो वह पार्टी के लिए तैयार हो गया। उसने 2 नवंबर को अपने दो साथियों के साथ सेक्टर 51 में सेवरोन बैंक्वेट हॉल बुलाया। राहुल और उसके साथियों ने आने के बाद सांप दिखाए, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

एल्विश ने सभी आरोपों को नकारा

एल्विश यादव ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज किया है। लेकिन पुलिस की जांच पड़ताल में संलिप्तता मिलने पर 17 मार्च को एल्विश को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में उनको जमानत मिल गई।

जल्द ही पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा

जल्द ही एल्विश यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा। अब ईडी ऐसी पार्टियों के संचालकों के बारे में भी पूछताछ करेगी। एल्विश के पास लग्जरी कारों के काफिले पर भी पूछताछ होगी। इसी मामले में 17 मार्च को नोएडा पुलिस ने एल्विश को गिरफ्तार भी किया था। इस पूरे मामले में एनसीआर के बड़े होटलों, फार्म हाउस,रेव पार्टियों में सांपों के ज़हर सप्लाई करने की बात सामने आई थी।

मेनका गांधी की संस्था ने कराई थी एफआईआर

मामले में बीजेपी सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनिमल्स के गौरव गुप्ता ने नोएडा के सेक्टर 49 में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर एल्विश यादव और 5 अन्य लोगों पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में 5 लोगों की गिरफ्तारी की थी। आरोप है कि एल्विश यादव सांपों का जहर और जिंदा सांपों को अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ वीडियो शूट कराते हैं और गैरकानूनी रेव पार्टी करते हैं।

ट्रैक्टर पुलिया पर पलटा, तीन बच्चों की दर्दनाक मौत, छह घायल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में गन्ना बोआई कर लौट रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार ग्रामीण व बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी बिसवां में भर्ती कराया गया। जहां तीन बच्चों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, छह घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए

भेज दिया है। सदरपुर थानाक्षेत्र के पहाड़पुर निवासी विश्राम (65) शनिवार सुबह अपने खेत में गन्ने की बोआई करने के लिए गांव से बच्चों को लेकर गए थे। गन्ना बोआई कर शाम को खेत से वापस लौटते समय करीब चार बजे गांव के पूरब में बनी पुलिया के पास खारजा पार करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के साथ गन्ना बोआई वाला हल भी लगा था। जिस पर बच्चे बैठे थे। ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिरकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे अंबरीश (10), छोटू (12) और अमन (8) ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ट्रैक्टर चालक विश्राम (65), नितिन (11), आशुतोष (14), अविनाश (10), प्रदीप (08) और रामपुरकलां निवासी शिवा (10) भी जख्मी हो गए। ट्रैक्टर पलटने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के सहयोग से ट्रैक्टर के नीचे दबे सभी घायलों को बाहर निकाला। बाहर निकालने पर अंबरीश, छोटू और अमन बेसुध हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां भेजा गया। जहां अंबरीश, छोटू और अमन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बलरामपुर अस्पताल : बच्ची को लगाया एक्सपायर्ड इंजेक्शन लापरवाही पर 5 स्टाफ नर्सों को ड्यूटी से हटाया, होगी जांच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बलरामपुर अस्पताल में भर्ती बच्ची को एक्सपायर्ड इंजेक्शन लगा दिया गया। परिजनों ने इसकी शिकायत की तो अफसरों ने लापरवाही करने वाले को हटाने का दावा किया। मामला वायरल होने पर शनिवार को यूपी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री व डिप्टी सीएम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए

अस्पताल में तैनात सिस्टर इंचार्ज समेत पांच स्टाफ नर्सों को ड्यूटी से हटा दिया और मामले की जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। अलीगंज निवासी सूरज की दस साल की बेटी खुशी पीलिया से ग्रस्त है। इमरजेंसी के बाद उसे बाल रोग विभाग में भर्ती किया गया। सूरज का आरोप है कि शुक्रवार सुबह स्टाफ ने खुशी को एक्सपायर्ड इंजेक्शन लगा दिया। उनके विरोध पर हुई जांच में पता चला कि इंजेक्शन की एक्सपायरी डेट दिसंबर 2023 है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया और कार्रवाई की। मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चुनावी चर्चा में जन एक्सप्रेस ने जाना जनता का मूड...

बांदा-चित्रकूट में मुद्दों की खनक कमजोर प्रत्याशियों का हार-जीत पर अधिक जोर

हैट्रिक मारने को बेताब है भाजपा, लेकिन मोदी के सहारे प्रत्याशी की पतवार

जन एक्सप्रेस SPECIAL

जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन

चित्रकूट। पांचवें चरण के लिए होने वाले चचनाव के लिए प्रत्यासियों ने चुनाव प्रचार मे पूरी ताकत झोंक रखी है। लेकिन यहां मुद्दों की खनक बेहद कमजोर है। बुन्देलखण्ड के अधिकांश सीटों पर सीटिंग सांसदों को ही चुनावी रण मे उतारा गया है।

जहां विकास के मुद्दों को भूलाकर हार-जीत के मार्जिन पर अधिक जोर दे रहे है। बांदा -चित्रकूट लोकसभा सीट से भाजपा ने सिटिंग सांसद आरके सिंह पटेल को पुन- अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट से भाजपा लगातार दो बार फतह कर चुकी है। इस बार हैट्रिक मारने को बेताब है। भाजपा के आरके पटेल पार्टी के जीत की हैट्रिक बनाने के लिए मोदी और रामनाम के भरोसे जी-जान से लगे हुए हैं। वहीं बसपा ने ब्राम्हण प्रत्याशी तो सपा ने महिला प्रत्याशी उतारकर दांव खेला है। जन एक्सप्रेस के संवाददाता जब बांदा-चित्रकूट कि सियासत का मिजाज जानने के लिए चित्रकूट जनपद के राजापुर क्षेत्र पहुंची। लमियारी गांव के लोगों का मन टटोला गया तो गांव के राजकुमार, मुन्ना, संत कुमार, रविशंकर आदि ने बताया कि गांव मे बालिका इंटर कालेज बनाने के लिए लंबे समय से मांग चल रही है। लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। इसके साथ ही पशु अस्पताल वर्षों से बंद पडा है। जिससे लोगों के पशुओं को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है।

अतरौली गांव के हनुमान, देविदयाल, ब्रजमोहन आदि लोगों ने बताया कि केन्द्र और राज्य मे भाजपा की सरकार काफी दिनों से है, लेकिन क्षेत्र आज भी पिछडा है। यहां आवागमन के लिए रास्ते भी ठीक नहीं हैं। मौजूदा भाजपा प्रत्याशी को कई बार मौका दिया लेकिन हमारे क्षेत्र के लिए कुछ भी नहीं किया। इसी तरह से नैनी के सोनू पाण्डेय, कृष्णावतार ने बताया कि काफी दिन पहले गांव मे गल्ला मंडी बनी थी,लेकिन चालू आज तक नहीं हुई। गांव में बुनियादी सुविधाओं से लोग महरूम है। इसी तरह से मानिकपुर नगर के एक चाय के दुकान में बैठे लोग चुनावी चर्चा में मस्त थे। चाय की चुस्की लें रहे महेश कहते हैं कि डबल इंजन कि सरकार में भी क्षेत्र पिछड़ेपन से उबर नहीं पाया। इसका कारण स्थानीय जनप्रतिनिधियों कि निष्क्रियता है। कल्लूराम कहते हैं राष्ट्रीय मुद्दों को हल करने में सरकार ने काबिले तारीफ काम किये हैं, लेकिन यहां के प्रत्याशी की वजह से भाजपा का भारी विरोध है।

राजापुर (तिरहार) के मुद्दे

- स्वास्थ्य व्यवस्थाएं नहीं हैं
- बिहरवां का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम का अस्पताल हैं
- 20 किमी. में कोई हाईस्कूल व इंटर कॉलेज व बालिका इंटर कॉलेज नहीं है
- बिहरवां गल्ला मंडी तो बनी लेकिन आज तक चालू नहीं हुई
- जर्जर व टूटी सड़कें
- रोडवेज बसों का कोई रूट न होना और डग्गामार वाहनों से आवागमन बनी मजबूरी
- नहरों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण न होने से किसानों को समस्या

पाठा के मुद्दे

- चमरौंहा में बरदहा पुल का निर्माण न होना
- ग्रामीणों के लिए पेयजल की भारी समस्या
- बेरोजगारी और पलायन की समस्या
- किसानों के लिए सिंचाई का साधन न होना
- ग्रामीण इलाकों मे माध्यमिक शिक्षा का बेहतन माध्यम न होना
- समुचित स्वास्थ सुविधाएं न होना
- यातायात की सुविधाएं न होना

भाजपा की हैट्रिक आसान नहीं

बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में 10 वर्षों से भाजपा का कब्जा है। पार्टी ने सिटिंग सांसद को ही फिर से मौका दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से हैट्रिक मारने भारी प्रयास कर रही है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी का भारी विरोध के चलते हैट्रिक मारना आसान नहीं है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी की पतवार सिर्फ मोदी के सहारे है।

फास्ट फॉरवर्ड

जंगलों में रह रहे दलित-आदिवासी बच्चों को प्रेरित कर स्कूल तक लाने का किया प्रयास

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। भारत में स्कूल चलो अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका लक्ष्य हर बच्चे को शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार है और यह सुनिश्चित करना हर सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी बच्चों को स्कूल जाने और अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हनुमानगंज के प्रधानाध्यापक शिवनारायन द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जंगलों में रह रहे दलित-आदिवासी बच्चों को प्रेरित कर स्कूल तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। अभिभावको के अशिक्षित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चित्रकूट जिले में कोई उद्योग केन्द्र न होने के कारण यहां के गरीब तबके के लोग अपने बच्चों के साथ रोटी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में चले जाते हैं, इसी कारण से पीढ़ी की पीढ़ियां अशिक्षित रह जाती है और सरकार का यह मिशन अधूरा रह जाता है।

अवैध शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने पांच आरोपियों को 90 क्वार्टर देशी व 38 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक राजोल नागर तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी मयंक कुमार निवासी इन्द्रानगर कस्बा व थाना मानिकपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खान तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी अमित सोनकर निवासी गोस्वामी नगर कस्बा व थाना राजापुर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ, चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव कुमार तिवारी तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी भरतलाल निवासी डिलौरा कोतवाली कर्वी को 28 लीटर कच्ची शराब के साथ, थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी रामप्रताप कोल निवासी बिजहना कोलान मजरा बड़ी मडैयन थाना बहिलपुरवा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ व उपनिरीक्षक यूटी हर्शित मिश्रा थाना मारकुण्डी तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी मुन्ना निवासी दुधबनिया थाना बहिलपुरवा को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

अतुल के निधन से वाम आंदोलन को गहरी क्षति: अमित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय कामरेड अतुल अंजान के निधन पर शनिवार को पार्टी कैंप कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान का. अमित यादव ने कहा कि का. अतुल एक जमींदार घराने के बेटे होते हुए भी आराम की जिंदगी त्यागकर मेहनतकशों, किसानों व गरीबों की लड़ाई आजीवन लड़ते रहे। वे उत्तर भारत के बड़े वाम नेता के रूप में मुखर होकर किसानों के लिए लड़ाई लड़े। कृषि कानूनों को निरस्त कराने में उनकी अग्रणी भूमिका रही। उनके निधन से वाम आंदोलनों को गहरी क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। का. रामचन्द्र सरस ने कहा कि अतुल अंजान छात्र राजनीति में भी खासे लोकप्रिय नेता रहे। वे हमेशा किसानों, नौजवानों की बात रख दिशा देने का काम करते थे। वे छात्र राजनीति के दौरान ही वामपंथी दल में शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में का. रामप्रसाद सिंह, का. मदनभाई पटेल, का. कमलेश, का. संदीप कुमार पाण्डेय, का.सुशील, का. शिवबरन, का.रामू यादव, का. महेंद्र प्रताप, का.कल्लू.सोनू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

हैंडपम्प में पानी न भरने देने की शिकायत

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में राजापुर क्षेत्र के सुरजुवा पुरवा मजरा भटरी में छुआछुत के आधार पर हैंड़पम्प में पानी न भरने देने के मामले को गम्भीरता से लेने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भटरी ग्राम सभा की सुमैना देवी के नाम हैंड़पम्प स्वीकृत हुआ था और ग्राम सभा की सरकारी बंजर भूमि पर लगाया गया था। इसके बावजूद घर के बगल में रहने वाला रजउवा करवरिया ने तीन माह पूर्व जबरन हैंड़पम्प में समरसिबल का कनेक्शन करवा लिया है और अब उन लोगों को पानी नहीं भरने दे रहा है। इस मामले में सुमैना देवी का आरोप है कि जाति आधारित भेदभाव करते हुए आरोपी उसे हैंड़पम्प नहीं छूने देता है। साथ ही गाली-गलौज करता है। उन्होंने मामले को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कम्युनिस्ट पार्टी ने अमित यादव को बनाया स्टार प्रचारक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राष्ट्रीय पार्टियां अपनी सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, तो वहीं राष्ट्रीय पार्टी रही सीपीआई ने यूपी की सात लोकसभा सीटों पर उतारे गए उम्मीदवारों के लिए पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला सचिव अमित यादव को स्टार प्रचारक बनाने की घोषणा की है। बताते चलें कि सभी पार्टियां चुनाव को गति देने के लिए तथा मतदाताओं को रिझाने की भरसक कोशिश में लगी है। इसी क्रम में कम्युनिस्ट पार्टी ने यूपी की सात लोकसभा सीटों एवं एक विधानसभा पर होने वाले उपचुनाव में अकेले चुनाव लडने के लिए प्रत्याशी उतार कर बिगुल बजा दिया है। इसी को गतिमान बनाने के लिए पार्टी के चित्रकूट से फायरब्रांड नेता व विधानसभा के प्रत्याशी रहे अमित यादव को लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनाने की घोषणा कर दी है।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनगर में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनगर में बीती शाम महिला मेवा देवी 38 वर्ष पत्नी गजेंद्र सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि महिला ने जिस समय वारदात को अंजाम दिया उस समय पति गांव में एक पार्टी के चुनाव प्रचार में गया हुआ था। जबकि महिला की सास खेतों पर बकरियां चराने गई हुई थी, और उसके बच्चे गांव में खेलने के लिए निकले थे। देर शाम घर लौटे बच्चों ने मां को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह जोरों पर चीखने लगे। ग्रामीण ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। ग्रामीणो ने बताया कि मृतका के तीन बच्चे हैं और पति गांव में खेती व मजदूरी कर जीवन यापन करता है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या की वजह क्या रही यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

निर्मल मन से आराधना करने वाले को अवश्य प्राप्त होती है भगवान की कृपा

✳ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर से करीब तीन किमी दूर रगौली मोड़ स्थित सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा के पास वन्दना ऑयल एण्ड फ्लोर मील के संयोजकत्व में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चैथे दिन शनिवार को कथा व्यास डॉ श्याम सुंदर पाराशर महाराज वृंदावन ने कहा कि कलियुग में केवल भगवान का नाम ही एक ऐसा आधार है, जिसे जपने से बड़े-बड़े पापियों को मोक्ष मिल चुका है।

कथा व्यास ने कहा कि कलियुग केवल नाम अधारा, जपत-जपत नर उतरी पारा अर्थात कलियुम में भगवान के नाम की महिमा अपरंपार है। पापी वाल्मिकि उल्टा नाम जप कर ऋषि की उपाधि धरण की थी। गाडिका, अजामिल जैसे पपियो को प्रभु ने अपनी शरण में लिया था। कहा कि जो मनुष्य शास्त्रों के आधार पर चलता है, वह सांसारिक काम, क्रोध, मद, लोभ से विरक्त होकर वह निश्चित ही साकेत गामी होता है। सत्संग ही एक ऐसा माध्यम है, जो आत्मज्ञान के साथ आत्मा को शक्तिशाली बनाता है। इस भौतिक शरीर में एक ऐसा तत्व है, जो अजर और अमर है। यदि उसे निर्मल कर ले तो भागवत की कृपा अवश्य प्राप्त हो सकती है। राजा जड़ भरत का दृष्टांत देते हुए कहा है कि रहु मणी राजा के पालकी के पालक ने सत्संग के माध्यम से राजा को आत्मज्ञान का बोध कराया था और सृष्टि में अंधकार को नष्ट करने के लिए भगवान भास्कर की आवश्यकता होती है, लेकिन मानव शरीर के अंदर अंधकार को नष्ट करने के लिए सतगुरु की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में ऐसा कोई ग्रंथ नहीं है, जो हिंसा की इजाजत देता है। कहा कि जो जीवों पर दया करता है और इंद्रियों पर नियंत्रण कर लेता है, उसी को गोस्वामी की उपाधि दी जाती है और वह व्यक्ति संसार में कभी दुखी नहीं रह सकता हैं।

श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में दिवाकर द्विवेदी, सन्तोष त्रिपाठी, घनश्याम द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अंशू पाण्डेय, पप्पू द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, रितेश पाण्डेय, गौरीदत्त द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी, सत्यम द्विवेदी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

देर रात दीवार फांदकर घर में घुसे युवक ने किशोरी से की छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के अन्दर हो रही किशोरी को गांव के ही युवक ने देर रात दीवार फाद कर बुरी नियत से दबोच लिया। किशोरी के शोर मचाने पर पास में सो रही मां मौके पर पहुच गई। मां को आता देख युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित किशोरी ने मां ने कोतवाली पहुच कर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात नाबालिक किशोरी अपने घर के अंदर सो रही थी, जबकि उसकी मां पास में बने दूसरे कमरे में सो रही थी। तभी देर रात गांव का युवक बुरी नियत से दीवार फांद कर घर के अंदर घुस गया और कमरें में सो रही किशोरी को बुरी नियत से दबोच लिया। इस दौरान अपनी अस्मत बचाते हुए किशोरी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। पुत्री के चीखने की आवाज सुनकर पास के कमरे में सो रही मां मौके पर पहुंच गई। मां को आता देख युवक गाली-गलौज के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

चुनाव की निष्पक्षता के लिए हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वी कलाइराशि की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कंप्यूटर सिस्टम से मतदान कार्मिकों व सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों का रेंडमाइजेशन एनआईसी कलेक्टरेट में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्रिटिकल व बल्नरेबल बूथों के बारे में अवगत कराया। सुरक्षा बलों में सेक्टर पुलिस, पुलिस क्षेत्रधिकारी, फ्लाइंग स्क्वायड एवं ईवीएम सिक्योरिटी पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद चित्रकूट में विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट व विधानसभा क्षेत्र 237 मानिकपुर में 851 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पालिका ने भीषण गर्मी में लू लपट से गायों को बचाने के लिए की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। कालपी

भीषण गर्मी व लू लपट को मद्देनजर रखते हुए गायों के बचाव तथा उनकी सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देश पर पालिका प्रशासन के द्वारा गौशाला में पुख्ता व्यवस्था की गई है। नगर पालिका द्वारा संचालित आलमपुर गौ आश्रय स्थल प्रभारी व राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह ने बताया कि गौशाला में वर्तमान समय में 197 गाय है। गायों के लिए गौशाला में धूप से बचाव के लिए टीन सैंड में जूट के बोरे बिछाये गए है तथा चारों तरफ जूट के बोरे लगाए गए है। भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडक पहुँचाने के लिए लगातार जूट के बोरो में पानी का छिड़काव किया जाता हैं। जिससे गायों को लू लपट ना लग सके। आरआई ने बताया कि गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाकर ऑनलाइन जिला मुख्यालय से निगरानी रखी जाती हैं। गायों को हरा चारा तथा भूसा निरन्तर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा गायों को मानक के अनुरूप सुख सुविधा दी जा रही हैं।

युवक की ट्रेन के चपेट में आने से मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवांकला रेलवे क्रासिंग के पास मार्निंग वॉक के लिए निकले युवक की ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवां कला निवासी राजन कुशवाहा 22 वर्ष पुत्र महेंद्र कुशवाहा की बीती 18 अप्रैल को शादी हुई थी। घर में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था और वह शनिवार सुबह मार्निंग वाक पर निकला था। तभी रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। रेलवे क्रॉसिंग कर्मचारी ने गांव के लोगों को दी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने मृतक की पहचान राजन के रूप में की और मामले की खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही उसकी नव विवाहिता पत्नी मुस्कान सहित परिजन रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

14-15 मई को टीम घर-घर जाकर दिव्यांगों व बुजुर्गों के डलवायेगी वोट

जन एक्सप्रेस। कालपी

लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक शारीरिक रूप से दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्वाचन टीम 14-15 में को मतदान करायेंगी। जबकि 9 मई से 14 मई तक शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा मेडिकल कॉलेज उरई में स्थापित मतदान केंद्र में वोट डाले जाएंगे।

तहसीलदार अभिनव तिवारी ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों तथा दिव्यांगों के द्वारा 113 निर्वाचन प्रपत्र 12 घ के आवेदन भरे गए थे। सभी 113 मतदाताओं के घरों में निर्वाचन टीम एवं पुलिसकर्मी पहुंचेंगे व उनके घरों में ही वोट डलवाएंगे।

सभी मतों को तहसील परिसर में एकत्रित करके स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के शत प्रतिशत वोट डलवाने के लिए मेडिकल कॉलेज उरई को मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र में कालपी विधानसभा के पीठासीन अधिकारी तहसीलदार अभिनव तिवारी को बनाया गया है। तहसीलदार ने बताया कि 14 मई तक शासकीय कर्मचारी पोस्टल बैलट के माध्यम से मेडिकल कॉलेज उरई स्थित मतदान केंद्र में अपने-अपने मतों का प्रयोग करेंगे। शनिवार को तहसील में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

चुनाव ड्यूटी में जुटी एफएसटी टीम ने कार से 7 लाख रूपए किये जब्त

जन एक्सप्रेस। कालपी

लोकसभा चुनाव में अनाधिकृत नगदी से लेनदेन ना हो इसके लिए एफ़एसटी टीम द्वितीय जनपद बार्डर में स्थानीय पुलिस के साथ चैकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान टीम ने एक स्विफ्ट कार से 7 लाख रुपये की नगदी बरामद करके जब्त करने की कार्यवाही की। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन के अनुसार शनिवार को कानपुर देहात-जनपद जालौन बॉर्डर स्थित यमुना नदी के पुल में वाहनों से अवैध तरीके से नगदी, शराब व कोई मादक पदार्थ ना ले जाये इसके के लिए एफएसटी टीम प्रभारी नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, कोतवाल कामता प्रसाद, उपनिरीक्षक राजेश कुमार कांस्टेबल मुईद खान, गौरव कुमार, योगेश कुमार चैकिंग करने में जुटे हुए थे। इसी दौरान कानपुर से जनपद जालौन की ओर आ रही स्विफ्ट डिजायर कार को जब पुलिस टीम ने रोककर चेकिंग की तो उसमें 7 लाख रुपये नगद बरामद किए गए। कार में सवाल राजीव यादव पुत्र दशरथ सिंह निवासी आगरा तथा चालक कृष्ण पुत्र विश्वनाथ मिश्रा निवासी मोहल्ला मनीगंज कालपी से नगदी रकम के बारे में पूछताछ की गई टी वह कोई सही जानकारी नहीं दे सके। टीम ने नगदी रकम को सील करके जप्त करने की कार्रवाई करते हुए सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी।

डीएम ने किए स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को मऊ तहसील के अंतर्गत मवई रोड एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्टांप विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सब रजिस्टार मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव से स्टांप के संबंध में जानकारी की तथा कहा कि इन दोनों विलेखों का परीक्षण किया जाए। अगर स्टांप की कमी पाई जाए, तो तत्काल नोटिस जारी कर धनराशि जमा कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय यादव, खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ बी के गौतम, थानाध्यक्ष मऊ अजीत कुमार पांडेय सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत नवाचारों से देश भर के विद्वान आकर्षित

दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उच्च शिक्षा संस्थानों में होने वाले दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद भारतीय विश्वविद्यालय संघ और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रस्तुति ने विश्वविद्यालयों के कुलपति, उच्च शिक्षा संस्थानों के निदेशकों और प्राध्यापकों को आकर्षित किया। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय सहित 12 विश्वविद्यालयों ने अपनी दीक्षांत प्रक्रिया को साझा किया। ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं का पालन करने के लिए आयोजित कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को को भी सराहना मिली। कार्यक्रम बीते शुक्रवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सभागार में आयोजित हुआ। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा की ओर से दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन पर परीक्षा नियंत्रक डॉ ललित कुमार सिंह ने प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर 100 से अधिक विश्वविद्यालय के कुलपति, विभिन्न संस्थाओं के निदेशक तथा 200 से अधिक प्रोफेसर एवं अनेक छात्र छात्राएं भी शामिल रहें। उद्घाटन सत्र में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल, राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डॉ अतुल कोठारी, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रो सीताराम, भारतीय विश्वविद्यालय संघ के महासचिव प्रो पंकज मित्तल, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के उपाध्यक्ष डॉ अभय जेरे मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ । रविवार । 05 मई 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०सेo) : 39.2 (-0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०सेo) : 23.0 (-0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 41 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.5 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

पीएम को कमल भेंट करने पहुंचा व्यक्ति

कानपुर में गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेकने के बाद पीएम मोदी ने पूरे देश के सिख समाज का जीत लिया दिल

प्रधानमंत्री मोदी को देखने के लिए उमड़ा जन सैलाब

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर/विष्णू राठौर/विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर की जनता ने कल शनिवार को गुमटी नंबर 5 से लेकर संत नगर चौराहे तक आयोजित रोड शो के दौरान अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत ही करीब से देखा। लगातार एक सप्ताह पहले से पीएम मोदी के कानपुर आगमन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था। युद्ध स्तर पर चार दिन पहले से जो तैयारी हो रही थी वह रोजाना चर्चा में रहती थी। देश के चहेते पीएम को देखने के लिए सुबह से ही पब्लिक दीवानों की तरह एकत्रित होने लगी थी आसपास के जनपदों से भी महिला पुरुष के साथ-साथ बच्चे और दिव्यांग भी भारी संख्या में पहुंचे हुए थे। पीएम मोदी के दीदार के लिए सारे के सारे ब्लॉक खचाखच भरे हुए थे सांस लेने तक की जगह नहीं थी फिर भी जनता कई घंटे पहले से खड़ी होकर पीएम का इंतजार करती रही और जब उन्हें पीएम मोदी के दीदार हुए तो बड़े ही खुशनुमा माहौल में जनता अपने घरों को चर्चा करते हुए वापस गई।

गुरुद्वारे में माथा टेकते पीएम मोदी

कानपुर ही नहीं पूरे देश के सिखों का पीएम मोदी और योगी ने जीता मन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जब कानपुर नगर के गुमटी गुरुद्वारा में पहुंचे और वहां पर उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेका तो उसके बाद उनकी यह गंज कानपुर ही नहीं बल्कि पूरे देश में गूंजी। सिख समाज ने पीएम मोदी के माथा टेकने वाले मामले को खूब सराहा है। सिख समाज में यह भी चर्चा रही की किसी भी सरकार में 84 में कत्ल ए आम करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, करतारपुर कॉरिडोर भी किसी ने नहीं सोचा था, और उसके साथ जो अन्य कार्य किए गए वह सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के ही कार्यकाल में हुए हैं जिससे सिख समाज काफी खुश दिखाई दिया। सिख समाज के लोग तो यह भी कहते हुए नजर आए कि पीएम मोदी ने कानपुर के नहीं बल्कि पूरे देश के सिखों का दिल जीता है।

सुबह 10 के बाद से ही जनता का रोड शो के स्थल पर एकत्रित होना आरंभ हो गया था

ज्ञातव्य हो कि शनिवार के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो का कार्यक्रम कानपुर लोकसभा के प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में सायंकाल छह बजे से प्रस्तावित था। पीएम मोदी और सीएम योगी के आगमन से पहले ही सुबह 10 के बाद से ही जनता का रोड शो के स्थल पर एकत्रित होना आरंभ हो गया था। पुरुष महिला बच्चे दिव्यांग और बुजुर्ग भारी संख्या में धीरे-धीरे एकत्रित हो रहे थे। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी बहुत ही मुस्तैदी से चप्पे चप्पे पर पर मौजूद था और कार्यक्रम स्थल को भव्यता से सजाया गया था। लोकल इंटेलीजेंस यूनिट, सीआईडी एसपीजी के अलावा कई खुफिया एजेंसियां सक्रिय थी और उनके द्वारा संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। भारतीय जनता पार्टी के कई प्रकोष्ठों के नेता भी अपने नेतृत्व में भारी भरकम भीड़ लेकर रोड शो में शामिल होने पहुंचे हुए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष तौर पर गुरु ग्रंथ साहब के लिए वस्त्र लेकर पहुंचे थे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ लगभग 6:35 पर गुमती गुरुद्वारा पहुंचे। पीएम मोदी को गुरुद्वारे के मुख्य द्वार पर रिसीव करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सिख नेता गुरविंदर सिंह छाबड़ा ऊर्फ विक्की और गुरुद्वारा गुमटी के प्रधान पहुंचे थे। जिसके बाद पीएम बाद सीधे ऊपर गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेकने पहुंच गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष तौर पर गुरु ग्रंथ साहब के लिए वस्त्र लेकर पहुंचे थे जिसे उनके सामने ही गुरु ग्रंथ साहब को वस्त्र पहनाए गए। गुरु ग्रंथ साहब के सामने माथा टेकने के बाद स्वर्गीय संत बाबा मोहन सिंह जी के सामने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना माथा ठेका जिसके बाद गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान हरजीत सिंह कालरा द्वारा 2 मिनट का संबोधन भी किया गया।

विधायक सुरेंद्र मैथानी की मेहनत हुई सफल, खूब उमड़ी जनता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर भारतीय जनता पार्टी के गोविंद नगर विधानसभा से विधायक सुरेंद्र मैथानी की जीतोड़ मेहनत आखिरकार सफल हो गई क्योंकि इस रोड शो में जनता अनुमानित संख्या से ज्यादा पहुंची हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार इस रोड शो की जिम्मेदारी अनुज गुप्ता क्षेत्रीय प्रभारी, संजीव चौरसिया उत्तर प्रदेश प्रभारी, और बसंत त्यागी जो इस रोड शो के प्रभारी थे और विधायक सुरेंद्र मैथानी जो इस रोड शो के व्यवस्था प्रभारी थे।

मोदी की एक झलक पाने को बेताब रही भीड़

मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क पर लोगों की भारी भीड़ बेताब दिख रही थी। लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाकर उनका स्वागत अभिनन्दन किया। चकेरी से गुमटी तक उनका कफिला जहां से भी गुजरा रास्ते भर लोगों ने घरों की छतों से फूल बरसा कर उनका स्वागत किया।

व्यापार प्रकोष्ठ को मिली भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो में कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा दो दिन पूर्व हुई बैठक में कानपुर बुंदेलखंड व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनोद गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई थी कि शहर भर के व्यापारियों की भीड़ को रोड शो में बुलाया जाए इसी कड़ी में बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ के ब्लॉक में हजारों की संख्या में व्यापारियों का हुजूम मोदी जी को देखने के लिए उमड़ पड़ा व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के ब्लॉक में व्यापारियों की ओर से एक बैनर लगाया गया जिसमे लिखा था की आधुनिक भारत से स्वामी विवेकानंद है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हजारों की संख्या में व्यापारियों ने विभिन्न व्यापारिक हितों से जुड़ी योजनाओं की तख्तियां हाथ में लेकर और कानपुर के व्यापारी की ओर से मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तख्ती हाथ में लेकर मोदी जी का भारी पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया मोदी जी ने भी व्यापारियो का भारी उत्साह देख कर व्यापारियों की ओर हाथ हिलाकर कानपुर के व्यापारी समाज के उत्साह का सम्मान करते हुए व्यापारियों का अभिवादन किया।

प्रमुख रूप से ये रहे उपस्थित

बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता, रोशन लाल अरोड़ा, ईश्वर वर्मा, विजय गुप्ता मार्बल, राकेश सिंह, राजेश गुप्ता, संत मिश्रा, किशोर सक्सेना, सनी सिंह, संजय राठौर, राहुल दीक्षित, विष्णु गुप्ता, मनोज वाधवानी, विराट गुप्ता, विक्रम पंडित, शिवम गुप्ता, रमेश अग्रहरी, सुशील बाजपेई, देवा अग्रवाल आदि।

दो लोकसभा और सात विधानसभा को कवर करते हुये निकला पीएम का काफिला

पीएम मोदी कानपुर और अकबरपुर लोकसभा की महाराजपुर विधानसभा, छावनी विधानसभा, किदवई नगर, आर्य नगर, सीसामऊ, गोविंदनगर और कल्याणपुर विधानसभा को टच करते हुए गुजरा इससे कानपुर की सातों विधानसभाओं और दो लोकसभाओं को कवर किया गया।

पीएम मोदी को बधाई देने के साथ पंजाबी यूनिवर्सिटी की सिख समाज ने की मांग

गुमटी गुरुद्वारा के प्रधान हरजीत सिंह कालरा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सिख समाज के हित में किए गए कार्यों 84 के दंगों में कत्ल ए आम करने वाले आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने ,करतारपुर कॉरिडोर, लाल किले पर 400 सौ साला,और चार साहिबजादों के लिए बाल दिवस के लिए धन्यवाद दिया गया। इस दौरान सिख समाज के लोगों की ओर से पंजाबी यूनिवर्सिटी की मांग भी पीएम मोदी और सीएम योगी से की गई जिसके बाद उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पंजाबी यूनिवर्सिटी का तोहफा सिख समाज को देंगे गुमटी गुरुद्वारा अरदास करने की प्रक्रिया के बाद पीएम मोदी और सीएम योगी बाहर आए और उन्होंने कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में रोड से आरंभ किया । रोड शो जैसे ही आरंभ हुआ हर-हर मोदी घर घर मोदी नमो नमो मोदी जय जय श्री राम के नारे गूंज उठे जो बैरिकेड के पीछे ब्लॉक बने थे उसमें जनता इस कदर दीवानों की तरह जय श्री राम के नारे लगा रही थी मानो उन्हें उनके भगवान मिल गय हों, यह समा देखते ही बन रहा था पीएम मोदी ने भी जनता की ओर हाथ उठाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया और शहर की जनता से दोनों प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिता कर उनकी सरकार तीसरी बार पुनः बनाने के लिए कहा गया।

विधायक बिल्हौर से बातचीत करता है एसपीजी का अधिकारी

पीएम मोदी की गाथा सुनाता हुआ रामदेव से मिलता जुलता साधु

दिव्यांग पति-पत्नी अपनी बेटी संग पहुंचे पीएम मोदी से मिलने

राम लक्ष्मण की वेशभूषा मे मोदी से मिलने पहुंचे बालक

प्रेम गुप्ता चाय वाला जिसने पीएम मोदी के आगमन पर चाय कर दी मुफ्त

राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने रायबरेली जाने की सियासत

जन एक्सप्रेस। अमेठी

लोकसभा चुनाव को लेकर अमेठी की सियासत गरमा चुकी है। राहुल गांधी अमेठी छोड़कर अब रायबरेली लोकसभा से ताल ठोक रहे हैं। राहुल गांधी के पास कांग्रेस के पुराने दुर्ग को बचाने की चुनौती रहेगी। पार्टी राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी करना चाहती है। न कि स्मृति ईरानी बनाम राहुल गांधी। वहीं बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह पर स्मृति ईरानी की तरह राहुल गांधी को चुनाव में पटखनी देने की चुनौती रहेगी।

कांग्रेस की तरफ से राहुलगांधी को रायबरेली से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद यह कहा जा रहा है कि मां की विरासत को अब बेटा संभालने के लिए आ गया है। जहां अब राहुल गांधी के पास कांग्रेस के पुराने दुर्ग को बचाने की चुनौती रहेगी। वहीं बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह पर स्मृति ईरानी की तरह राहुल गांधी को चुनाव में पटखनी देने की चुनौती रहेगी। राजनीति की समझ रखने वालों का कहना है कि कांग्रेस की रणनीति यह है कि यदि राहुल अमेठी से चुनाव लड़ते तो वहीं फंसकर रह जाते। जोकि पार्टी होने नहीं देना चाहती थी। वहीं बीजेपी अब राहुल गांधी को **रणछोड़ दास** कहकर घेर रही है। पार्टी यह प्रचार करने में लगी है कि राहुल गांधी ने पहले अमेठी को छोड़ा। उसके बाद अब वायनाड को भी छोड़कर रायबरेली आ गए।

अमेठी सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती थी। हालांकि अमेठी सीट से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की खबरें थीं। लेकिन प्रियंका के चुनाव लड़ने को तैयार न होने पर गांधी परिवार के चाणक्य कहे जाने वाले किशोरी लाल शर्मा के नाम की घोषणा हो गई। माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रही हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के हारने के बाद और उनकी अमेठी से बेरुखी के कारण लोगों का भावनात्मक लगाव भी गांधी परिवार से टूटता गया। वहीं स्मृति ईरानी अमेठी में अपना आवास बनाकर अमेठी की मतदाता भी बन गईं। जिसकी वजह से भी अमेठी के लोगों का भावनात्मक लगाव स्मृति ईरानी की तरफ बढ़ता गया। अब देखना यह है कि गांधी परिवार के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी की जनता कितना अपनाती है। वहीं भाजपा भी इस बार भी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में है। और अपनी जीत के लिए पूरी तरह अमेठी की जनता पर भरोसा जताया है।

कांग्रेस नेत्री ने भाजपा का थामा दामन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

कांग्रेस में लगातार पार्टी के नेताओं का मोह भंग हो रहा है बीते कुछ दिन पूर्व भी कई नेताओं ने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इसी क्रम में कांग्रेस नेत्री श्रीमती रेनू सिंह ने भी पार्टी छोड़कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो गई। शुक्रवार को भाजपा से प्रत्याशी बनाये गए दिनेश प्रताप सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जिला प्रभारी व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, वीरेन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी की मौजूदगी में भगवा पटका पहनाकर स्वागत कर भाजपा में शामिल किया गया। रेनू सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह उनका अपना निर्णय है जहां एक तरफ लोकसभा चुनाव चरम पर है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में कांग्रेस में उथल पुथल देखने को मिल रही है। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ समाजसेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री, राजेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश सिंह सहित तमाम लोग उनके साथ मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं है संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने में चितबहाल आदर्श बालिका इण्टर कालेज में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं ने प्रदेश एवं जिले की मेरिट लिस्ट में अपना दबदबा कायम कर साबित किया है। उक्त बातें चितबहाल आदर्श बालिका इण्टर कालेज पूरनपुर में मेधा सम्मान समारोह में शामिल मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी जहांगीरगंज अनिल कुमार कुशवाहा ने बच्चों को मेडल एवं पुरस्कार वितरित करते हुए कहा।मालूम हो चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कालेज पूरनपुर के प्रांगण में आयोजित मेधा सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डा सुषमा सिंह ने किया, जबकि शानदार संचालन विद्यालय की शिक्षिका एकता सिंह ने किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डा जेबी सिंह प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, पुरस्कार एवं फूल मालायें भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले में दूसरा व प्रदेश में सातवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा आकांक्षा यादव, जनपद में दसवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा आयुषी वर्मा, साक्षी पांडेय को पुष्प गुच्छ, मेडल, एवं पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं प्रधानाचार्या द्वारा हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान एवं जिले की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता हासिल कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने वाली छात्रा नमिता वर्मा को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुष्प गुच्छ, मेडल एवं पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में छठवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा श्रृष्टि मिश्रा, जनपद में नौवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा अनन्या वर्मा को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ जेबी सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों से कहा कि निष्ठा व लगन से आगे भी अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करें । प्रधानाचार्या सुषमा सिंह ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर चुनौतियों से सामना करने के लिए जो हमेशा तैयार रहता है उसे सफलता आवश्य हासिल होगी।

इस मौके पर सेवानिवृत फौजी गोपाल सिंह,बैंक मैनेजर कौशलेश झा, हरीश मिश्रा, तरुण पांडेय, ओंकार सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, मीरा यादव, अर्चना त्रिपाठी, तरुण पांडेय, मनोज यादव, लालमणि गोंड, पियूष श्रीवास्तव, आदि क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वचन एवं शुभकामना दिया तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की सराहना किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल परीक्षा में 80त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 435 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 418 छात्र छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को मिला विकासशील इंसान पार्टी का समर्थन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जैसे जैसे चुनाव में तेजी आ रही दल बदलने और समर्थन देने का भी दौर तेजी के साथ चल रहा है। इसी क्रम में वीआईपी पार्टी जो की निषाद समाज के हक और हुकूक के लिए राजनीति कर रही है, शनिवार को अयोध्या जिलाध्यक्ष जसपाल निषाद की अगुवाई में सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विधायक अवधेश प्रसाद को अपना समर्थन दिया है। शहर के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सपा उम्मीदवार अवधेश प्रसाद और सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में इसका औपचारिक ऐलान किया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है, अपने मताधिकार को बचाने का चुनाव है इस लिए आज विकासशील इंसान पार्टी का उन्हें समर्थन मिला है जिसके लिए वे पार्टी का और पार्टी के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का तहे दिल से शुक्रगुजार है। उन्होंने कहा कि चुनाव और चुनाव के बाद भी विकासशील इंसान पार्टी के लोगों का समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता हमेशा सम्मन करेंगे और उनकी हर लड़ाई में उनके साथ रहेंगे। बता दें कि विकासशील इंसान पार्टी एक भारतीय राजनीतिक पार्टी है, जिसे औपचारिक रूप से 4 नवंबर, 2018 को बॉलीवुड सेट डिजाइनर मुकेश साहनी द्वारा लॉन्च किया गया था।

पीएम के रोड शो की तैयारी को लेकर महापौर ने संतों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को लेकर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बड़ा भक्तमाल में संतो के साथ बैठक किया। बैठक में संतों द्वारा प्रधानमंत्री के स्वागत व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र व पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्पों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अयोध्या के संतो का हमेशा समर्थन मिला है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को आत्मसात करते हुए रामायण की शिक्षा को वैश्विक स्तर पर रामनगरी परिभाषित करती रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो में आध्यात्मिकता व रामनगरी की संस्कृति का संगम दिखाई देगा। अयोध्या के संत व महंत इसमें अपना योगदान देंगे। इसके लिए रामनगरी के संतो व महंतों के साथ सम्पर्क व संवाद की श्रंखला चलाई गयी। सभी को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। प्रबुद्धजन के साथ विशेष रुप से सम्पर्क किया गया। इसके साथ में आयोजन को लेकर विभिन्न स्थानो पर बैठक की गई। रोड शो की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बड़ा भक्तमाल में आयोजित होने बैठक में महंत अवधेश दास, महंत जर्नादन दास, महंत कृपालुदास, महंत वैदेही वल्लभशरण, महंत गिरीश दास सहित अन्य संत-महंत मौजूद रहे।

मेडिकल छात्रों को प्राचार्य ने चिकित्सक बनने के गुर सिखाये

जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार अयोध्याधाम

राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली में सीनियर बैच के छात्र छात्राओ ने होमियो मेडिकल कॉलेज में नए छात्र छात्राओं को जो प्रथम बैच में प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्हें फ्रेशर पार्टी देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में होमियो मेडिकल कॉलेज में नए छात्राओं को संबोधित करते हुए होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने कहा कि आप लोग चिकित्सक बनने की दिशा में प्रथम पायदान पर है चिकित्सक का उद्देश्य धन कमाना नहीं है उनका उद्देश्य गरीब असहाय व दिव्यांग के साथ-साथ पीड़ित मान्यता की सेवा करना है क्योंकि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची मानवता है ।उन्होंने अच्छे चिकित्सक बनने के गुर सिखाते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में भी चिकित्सक के धर्म का पालन करते हुए आगे बढ़े जिससे इस मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ आपके माता-पिता का भी नाम रोशन हो इस अवसर पर डॉ उपेंद्र सिंह डॉ माधुरी गौतम डॉ शैलेश यादव डॉ पी एस त्रिपाठी डॉ केशव गोस्वामी डॉ तुलसीराम डॉ अनुज मिश्रा डॉ हेमंत डॉ मनीषा यादव डॉ करण आनंद डॉ विकास मिश्रा डॉ निशा सचान ने भी मेडिकल छात्र छात्राओं को अच्छे चिकित्सक बनने के गुर सिखाए।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान की समाप्ति तक 48 घंटे पूर्व व मतगणना के दिन मदिरा की दुकानें रहेंगी बन्द: डीएम

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (Dry Day) घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के क्रम में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, लखनऊ एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अनुपालन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये है कि चतुर्थ चरण के मतदान में जनपद उन्नाव की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 11 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 13 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापनों यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0-7. एफ0एल0-9/9 ए एफ0एल0-16/17 एवं एफ0एल0-49 की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सी0एल0-2. एफ0एल0-2/2बी एवं भांग को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (Dry Day) घोषित करने एवं शासकीय अधिसूचना द्वारा मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का निर्देश दिये हैं।

इसी प्रकार पंचम चरण के मतदान में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 20 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं षष्ठम चरण के मतदान में जनपद प्रतापगढ़ की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेंगी। इसी प्रकार 04 जून 2024 को मतगणना दिवस में जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इन अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उपरोक्त बन्दी हेतु कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

दबिश में पकड़ी गई 52 लीटर अवैध शराब

जन एक्सप्रेस। अमेठी

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी अमेठी व उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में शनिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम मड़वा, हारीमऊ भोला का पुरवा, तिलोकपुर एवं पहलवानसह का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम मड़वा तथा हारीमऊ से कुल 52 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।तथा लगभग 150 किलो लहन मौके पर नष्ट किया।इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया।और ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।

एक सौ पचास माइक्रो ऑब्जर्वर का पहला प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस। अमेठी

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को मनीषी महाविद्यालय गौरीगंज में प्रेक्षक डा.एन युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को पहला प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। चुनाव को सही से संपन्न कराने के लिए कुल एक सौ पचास माइक्रोऑब्जर्वर लगाए गए हैं। जिन्हें शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया, माकपोल, ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे।और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है।इस हेतु आप सभी कुशलतापूर्वक सौंपी गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे।मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, उचित प्रकाश, शौचालय, छाया आदि व्यवस्था देखेंगे। इसके अतिरिक्त शनिवार को महाविद्यालय के एक कमरे में पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु ट्रेनिंग दी गई। जिन अधिकारियों एवम कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है, उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा।इसके लिए भी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही चार कमरों में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग की ट्रेनिंग दी गई।

अयोध्या के जितेंद्र पाण्डेय बने कांग्रेस वर्किंग कमेटी के यूपी स्टेट वाइस प्रेसिडेंट

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। देश में लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण भी निपट गया। फिर भी राजनीतिक पार्टियां अपने संगठन को मजबूत करने के साथ चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए पार्टी के सांगठनिक पदों को रेवड़ियों की तरह बांट रही हैं। इस कारनामें में सपा, बसपा, भाजपा के साथ कांग्रेस पार्टी भी पीछे नहीं है। पार्टी से जुड़े राजनीतिक सूत्रों की मानें तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी अपनी चुनावी नैया पार करने की फिराक में नित नए हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस पार्टी ने मूल संगठन के साथ ही अनुषांगिक संगठन को भी मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जिलों में अपनी दस्तक दे दी है। इस कमेटी ने अयोध्या जनपद के जितेन्द्र पाण्डेय को प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सोहावल ब्लॉक के ग्राम पंडितपुर निवासी जितेंद्र पाण्डेय को ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी का यूपी स्टेट वाइस प्रेसिडेंट के पद पर नियुक्त किया गया है। पार्टी को भरोसा है कि श्री पाण्डेय की ताजपोशी से कांग्रेस पार्टी को ऊर्जा मिलेगी।

चोरी के आरोपी दो अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को स्थानीय पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने दो चोरों को बैटरी, रिंच, जग, व प्लास्टिक की पाइप के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपितों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कजरी जमालुद्दीनपुर के अजय कुमार ने गत माह कंबाइन मशीन से बैटरी व अन्य सामान चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मामले में पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस इस समय जगह-जगह चेकिंग अभियान चला रही है। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बसौढ़ी के पास स्थित पुल से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में महमूदपुर के अमरजीत उर्फ चंडाल, व मोहिद्दीनपुर के अंकित कुमार उर्फ आकाश थाना सम्मनपुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपितों की निशान देही के आधार पर पुलिस ने इनके पास से उक्त मामले में चोरी हुआ बैटरी, रिंच, जग, व एक प्लास्टिक की पाइप बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों को माल के साथ गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए ने जेल भेज दिया गया है।

हर घर नल योजना से मिल रहे जल से सुधर रही है ग्रामीणों की सेहत

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के कटेहरी विकास खण्ड के हरिनाथ पुर गांव तक जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का लाभ पहुंचने लगा है। नल से स्वच्छ जल पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी है। उनमें इस बात की उम्मीद जागी है कि उनकी आने वाली पीढ़ी स्कूल जा सकेगी और शिक्षित बन सकेगी। गांव के लोग कहते हैं कि हर घर जल पहुंचने के बाद उनके गांव की तरक्की के रास्ते खुल गए हैं। जबकि हरिनाथपुर में 175 किलो लीटर की टंकी बनी हुई है जिससे लगभग 350 परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।अब गांव में रहने वाले लगभग 350 से अधिक परिवारों को पीने का स्वच्छ पानी मिल रहा है। ग्रामीणों की मानें तो दूर-दूर से पानी भरकर लाने की वजह से पहले बच्चों को समय से विद्यालय भेजने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था बच्चे समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाते थे वहीं गांव की माया देवी का कहना हैं कि पहले कुंओं या फिर हैंडपंप से ही पानी भरा जाता था। लेकिन हैण्डपम्प गर्मियों में सूख जाते थे। हैंडपंप के खारा और गंदे पानी से लोग बीमार होते थे। पर, हर घर जल पहुंचने से अब काफी राहत मिली है। नीतू देवी ने यह भी बताया कि जब से गांव में पानी का कनेक्शन हुआ है इससे भोजन बनाने में जहां कूकर से तीन सी टी में होता था अब वही दो सी टी में हो रहा है यही नहीं हमारे जानवर भी इस पानी को पसंद करते हैं यह मैं नहीं कह रहा हूं यह हरिनाथपुर की ग्रामीण जनता कह रही है। कविता ने यह भी बताया जब से इस पानी का उपयोग हम कर रहे हैं तब से हमारे चेहरे की झाइयां भी खत्म हो रही है। ग्रामीणों ने वहां पर कार्यरत ऑपरेटर लालती देवी की प्रशंसा भी की समय के अनुसार हम लोगों को पानी बराबर उपलब्ध होता है हमको किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होती। ग्राम सभा के बुजुर्ग रामकुमार द्वारा बताया गया कि खारा और गंदे पानी पीने से पहले लोग बीमार होते थे। पर, हर घर जल पहुंचने से अब काफी राहत मिली है। इस बात की उम्मीद भी जगी है कि अब आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी उज्जवल बन सकेगा।

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अनंत फार्मा सदरपुर टांडा, सुधीर मेडिकल स्टोर अरिया बाजार, चौधरी मेडिकल स्टोर सदरपुर टांडा, अमर मेडिकल स्टोर औरंगनगर पहितीपुर बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि विक्रय लाइसेंस व औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। मौके पर औषधियों के रख रखाव की भी जांच की गई, एवम निर्देशित किया गया की बिना डाक्टर के पर्चे के कोई भी औषधि विक्रय न करें, जांच के दौरान जो भी कमियां पाई गई तीन दिन के अंदर ठीक करने का निर्देश दिया गया साथ ही यह भी निर्देशित किया गया की कोई भी औषधि बिना बिल के क्रय व विक्रय न किया जाए, एवम प्रतिष्ठान में अंदर व बाहर कैमरे अवश्य लगे होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान अनंत फार्मा सदरपुर से 3 एवम अमर मेडिकल स्टोर औरंगनगर से 3 संदिग्ध औषधियों का नमूना संकलित किया गया। कुल 06 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	41°C	26°C
कानपुर	41°C	26°C
देहरादून	36°C	22°C
नई दिल्ली	41°C	27°C

नगर आयुक्त पर एफआईआर के आदेश

सीजेएम बोले, शिकायत के बाद भी जांच न करना गलत, जलकल में धोखाधड़ी करके दी गई नौकरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ सीजेएम कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त इंद्रजीत सिंह पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। मामला फर्जी मार्कशीट के आधार पर जलकल विभाग में नौकरी से जुड़ा है। मामले में नगर आयुक्त समेत कुल 6 लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश दिया है। रजनी खंड शारदा नहर निवासी प्रमोद कुमार सिंह चौहान की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। वहीं जलकल विभाग के सचिव ने कहा कि मामले में नगर आयुक्त की जिम्मेदारी नहीं आरोप है कि 2023 में जलकल विभाग में राजकुमार नाम के एक व्यक्ति को नौकरी दी। यह नौकरी मृतक आश्रित के पद पर मिली थी। नौकरी पाने के लिए राजकुमार ने फर्जी दस्तावेज लगाए उसकी जांच भी नहीं करवाई गई। उसकी जलकल विभाग में सहायक लेखाकार के पद पर तैनाती कर दी गई। प्रार्थी ने कोर्ट को बताया है कि उसने कई बार इसको लेकर नगर निगम में लिखित शिकायत की बावजूद उसके कोई जांच नहीं की गई। कोर्ट में बताया गया कि जिस मृतक के नाम पर नौकरी दी गई उसका असली नाम चुन्ना था जबकि आरोपी राजकुमार के पिता का नाम चुन्नीलाल है। लेकिन इतनी बड़ी सच्चाई को भी नजरअंदाज किया गया।

लिखित आदेश का इंतजार कर रहे हैं नगर आयुक्त

इस पूरे प्रकरण पर जब नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि- अभी कोई आदेश हमें नहीं मिला है। पुलिस-प्रशासन से भी किसी तरह की बातचीत नहीं हुई है। जब आदेश मिल जाएगा, तब अपने वकील के माध्यम से उसका जवाब दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश का सम्मान करना सबकी जिम्मेदारी है।

किसे और कैसे दी गई थी नौकरी

आरोप लगाया गया है कि जलकल विभाग के कर्मचारी चुन्ना की मौत के बाद उसके बेटे राजकुमार को नौकरी दी गई थी। लेकिन राजकुमार ने जो कागजात लगाए थे, वे फर्जी थे। इन्हीं नकली दस्तावेजों के आधार पर राजकुमार को नगर निगम में सहायक लेखाकार के पद पर तैनाती दे दी गई है। इस मामले में प्रमोद कुमार सिंह चौहान ने शिकायत की और सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल किया। इसमें कहा गया कि शिकायत के बाद भी सीनियर अधिकारियों ने डाक्यूमेंट्स की जांच नहीं की थी।

कोर्ट ने कहा, 'क्यों नहीं की गई जांच'

मामले की सुनवाई के दौरान सीजेएम कोर्ट ने कहा कि- मामले में शिकायत के बाद जांच न करना गलत है। यह लापरवाही और धोखाधड़ी जैसा है। सीजेएम ऋषिकेश पांडेय ने फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी हासिल करने वाले सहायक लेखाकार राजकुमार सहित नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह पर भी एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया। कोर्ट ने जलकल विभाग के महाप्रबंधक राम कैलाश गुप्ता, वाराणसी के वर्तमान महाप्रबंधक और तत्कालीन महासचिव राघवेंद्र, पूर्व महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार वर्मा, सचिव रमेश चंद्र, पूर्व वित्त अधिकारी अजय गुप्ता के खिलाफ भी एफआईआर करने के आदेश दिए हैं।

मामले पर जलकर विभाग के सचिव का बयान

जलकल विभाग के सचिव ने बताया कि नियुक्ति 1988 में की गई थी। राजकुमार नाम के सहायक लेखाकर को साल 2023 में निलंबित कर दिया गया है। इस पूरे प्रकरण से नगर आयुक्त की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

1.5 लाख मैनहोल के ढक्कन का सर्वे होगा

सीवर लाइन के ढक्कन की जीआईएस मैपिंग होगी, जाल सिस्टम की भी प्लानिंग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में अब कहीं भी सीवर के मैनहोल का ढक्कन नहीं खुला रहेगा। इसको लेकर नगर निगम जीआईएस सर्वे कराएगा। चुनाव आचार संहिता के बाद इसके काम में तेजी लाई जाएगी। इसमें करीब 1.50 लाख ढक्कन की मैपिंग की जाएगी। इस दौरान यह भी देखा जाएगा कि किस स्थान पर सीवर लाइन की गहराई कितनी है। ढक्कन का साइज क्या है। किस जोन के अन्तर्गत कितने मैनहोल है। पूरी सूची जल्द ही जीआईएस मैपिंग के माध्यम से तैयार होगी। दरअसल राजधानी के जानकीपुरम इलाके में 8 साल के शाहरुख की मौत के बाद विभाग सक्रिय हुआ है। भविष्य में ऐसी घटना न घटे इसको लेकर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने पूरी प्लानिंग की है। उन्होंने बताया कि भविष्य में सीवर लाइन के सभी ढक्कनों को जीआईएस मैपिंग के माध्यम से सर्वे करा उसका पूरा डेटा रखा जाएगा।

माइक्रो लेबर पर सर्वे

नगर आयुक्त ने बताया कि यह सर्वे काफी माइक्रो लेबर पर होगा। इसमें यह देखा जाएगा कि कितने मैनहोल है। कहां-कहां पर है। उसकी स्थिति क्या है। चोरी होने की स्थिति में एक्सईएन के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके अलावा जितनी भी शिकायत आएगी उसका निस्तारण तत्काल किया जाएगा।

सुएज कंपनी के काम की रोज होगी समीक्षा

नगर निगम के 6 जोन में निजी संस्था सुएज इंडिया सीवर की पूरी व्यवस्था देख रही है। उसके काम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन होगी। उसमें अगर कोई कमी रही तो उसको तत्काल दूर किया जाएगा। इसके अलावा शहर के 8 जोन के लिए 4 अपर नगर आयुक्तों की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जाएगी। सभी के बीच दो-दो जोन का बंटवारा होगा।

ढक्कन के नीचे जाल सिस्टम देने की कोशिश

सूत्रों का कहना है कि मैनहोल के ढक्कन के नीचे जाल सिस्टम देने की कोशिश की जाएगी। जिससे अगर कहीं कोई ढक्कन खुला रह गया और कोई गिरा भी तो उसको केवल चोट आए। उसकी जान पूरी तरह सुरक्षित रहे। इसको लेकर इंजीनियरों की टीम को प्लानिंग करने को कहा गया है। हालांकि अभी यह व्यवस्था केवल प्लानिंग के स्तर पर है। अगर इंजीनियर इसकी प्लानिंग कर देते हैं तो इसके लिए तत्काल बजट जारी कर काम पूरा करा दिया जाएगा।

तीन महीने से खुला था ढक्कन

जानकीपुरम में ढक्कन तीन महीने से खुला था। इसमें ही गिरकर 8 साल के शाहरुख की मौत हो गई थी। उस मामले में तीन लोगों को सस्पेंड कर दिया गया था। हालांकि शासन स्तर पर ऐसी घटनाएं न हो इसको लेकर प्लान बनाने का निर्देश दिया गया था। यहां तक की हाईकोर्ट ने भी नगर निगम और एलडीए से पूछ लिया था कि सीवर लाइन के ढक्कन खुले न रहे इसको लेकर अभी तक क्या किया है इसकी जानकारी उपलब्ध कराया जाए। 30 अप्रैल को डेट पड़ी थी। अब कोर्ट ने 31 मई तक विस्तार से इसकी पूरी रिपोर्ट मांगी है।

फास्ट फॉरवर्ड

हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 112 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 118 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

कोविशील्ड को राजनीतिक मुद्दा न बनाये : डॉ0 ओ.पी. मिश्रा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी का कहना है कि कोविशील्ड नामक वैक्सीन को लेकर जिस तरह के राजनीतिक विमर्श चुनाव के कारण देश में चल रहे हैं, वे बिल्कुल गलत हैं। आज यहां जारी एक बयान में सोसायटी के अध्यक्ष डॉ0 ओ0पी0 मिश्रा ने कहा कि राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थ के चलते समाज में तथा टीका लगवाये हुए लोगों मे भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। जबकि यह मामला पूरी तरह से वैज्ञानिक शोध तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञो के स्तर का है ताकि देश के करोड़ो शंका ग्रस्त लोगों की शंका का निवारण हो सके और लोग 'कौवा कान ले गया' जैसी सोच से बच सके। डॉ0 मिश्रा ने देश के लाखों चिकित्सा मित्रों का आह्वान करते हुए कहा कि वे आम आदमी के मन में व्याप्त भय को समाप्त करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें और बताये कि टीका लगवाने के बाद 40 दिन में साइड इफेक्ट सामने आ जाते हैं। अब जब टीका लगे दो साल से अधिक का समय हो चुका है तो ऐसी बातें करना बेमानी है। डॉ0 मिश्रा ने एस्ट्रोजेनिका के साथ ही साथ डब्लूएचओ को भी लोगों की शंका दूर करने की सलाह दी है।

टोल प्लाजा पर बाइक सवारों को निशुल्क हेलमेट देकर सुरक्षित चलने की अपील

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज में सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा के अंतिम दिन शनिवार को निगोहां के दखिना शेखपुर टोल प्लाजा से बिना हेलमेट गुजर रहें करीब तीन दर्जन बाइक सवारों को टोल प्लाजा व पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीमो ने रोककर उन्हे अपने हाथो से हेलमेट पहनाकर सडक़ पर सुरक्षित चलने की अपील कीध। हेलमेट लगाकर नियमानुसार चलने वाले बाइक सवारों को फूल देकर धन्यवाद दिया। परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह व टोल मैनेजर राकेश सिंह ने बताया सडक़ सुरक्षा पखवाड़े के अन्तिम दिन शनिवार को टोल प्लाजा पर सडक़ सुरक्षा पर वाहन चालको को जागरूक करने के लिये कैम्प बिना हेलमेट गुजर रहे बाइक सवारों को उपनिरीक्षक अमित कुमार वर्मा व एनएचआई के इंजीनियर पंकज कुमार समेत कर्मचारियो ने रोककर नि-शुल्क हेलमेट प्रदान करते हुये सडक़ सुरक्षा के नियमो को बताकर जागरूक भी किया। इस दौरान हेलमेट लगाकर नियमानुसार बाइक चला रहे लोगो को रोककर फूल देकर धन्यवाद दिया। इस मौके परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह, टोल मैनेजर राकेश सिंह, ट्रैफिक मैनेजर मधु गुराप्पू समेत टोलकर्मी मौजूद रहें।

सीएचसी परिसर में उगी घनी झाड़ियो में लगी आग

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज सीएचसी परिसर में स्थित बाल महिला चिकित्सालय के पीछे स्थित घनी झाड़ियो में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी,कुछ ही देर में आग तेज होने पर अस्पताल में हडक़म्प मच गया,अधीक्षक डा0अशोक कुमार ने पीजीआई फायर स्टेशन समेत स्थानीय पुलिस को सूचना दी।जिसके कुछ देर बाद ही मौके पर एक फायर बिग्रेड वाहन से पहुंचे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुये झाड़ियो में लगी आग को पुरी तरह बुझाया जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

विवाद के बाद दो पक्षो में जमकर मारपीट, आधा दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहनलालखेड़ा गांव में बीते शुक्रवार की शाम प्रेमचन्द्र व रामशंकर के परिवारो के बीच विवाद के बाद जमकर लाठी डंडे व ईट गुम्मे चले। घटना में एक पक्ष से रामचन्द्र व उसकी पत्नी सरिता व बेटी प्रियंका व दूसरे पक्ष से प्रेमचंद्र व उसकी पत्नी शांति व बेटा सुशील व बेटी ज्योति घायल हो गयी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दोनो पक्षो की तहरीर पर मारपीट,जान से मारने की धमकी देने ,बलवा समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

सहायक लेखाकार और लिपिक मामले में नया मोड़

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सचिव जलकल ने सहायक लेखाकार और लिपिक मामले में नगर आयुक्त की भूमिका को नकाराते हुए कहा कि उक्त कार्मिकों की नियुक्ति के प्राधिकारी सचिव जलकल होते है। ऐसे में सालों पहले हुई नियुक्ति के लिए वर्तमान नगर आयुक्त की भूमिका को संदेह के घेरे में नही लाया जा सकता। हालाकि चर्चा यह भी है कि नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की कार्यशैली से निगम के घाघ एवं लम्बे समय से जमे कुछ बड़े ठेकेदार और अधिकारी कर्मचारी अन्दर से रूष्ट है। ऐसे में इस मामले को तूल देने में उनकी भूमिका को भी नकारा नही जा सकता। इस सम्बंध में सचिव जलकल नगर निगम द्वारा जो जानकारी उपलब्ध कराई गई उसके अनुसार इस प्रकरण में वर्तमान नगर आयुक्त की कही से कोई भूमिका स्पष्ट नही है। सचिव जल कल के अनुसार निलम्बित सहायक लेखाकार राजकुमार और कनिष्ठ लिपिक मृत्युंजय के सम्बंध में कतिपय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित हुई है कि नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ पर एफआईआर हुई है।

भाजपा की चल रही एकतरफा लहर : ब्रजेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भदोही में लोकसभा प्रत्याशी डॉ. विनोद बिन्द के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित किया। बृजेश पाठक ने कहा कि यह चुनाव राम मंदिर बनाने वालों तथा कारसेवकों पर गोली चलाने वालों की बीच में है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की धरती को रामभक्तों के खून से रंगने का काम सपा सरकार में हुआ था। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है।उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा की एकतरफा लहर चल रही है। विपक्ष कहीं भी लड़ाई में नही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियां और विकास कार्य जन-जन तक पहुंचे हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं ने गांव, गरीब, किसान को खुशहाल किया है। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाये और भारत को विकसित राष्ट्र के पथ पर आगे बढ़ायें। जो जनसैलाब दिख रहा है उससे स्पष्ट है कि भदोही में प्रचंड मतों के साथ भाजपा जीत रही है। मोदी के नेतृत्व में देश की अखंडता के लिए धारा 370 समाप्त हुई। प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, तीन तलाक पर रोक सहित बड़े निर्णयों से मोदी की गारंटी पर देश को अटूट विश्वास है। अबकी बार 400 पार तथा उत्तर प्रदेश में 80 इस बार का लक्ष्य पूर्ण होगा। देश तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनकर जन-जन की आत्मनिर्भरता से आत्मनिर्भर राष्ट्र का संकल्प पूर्ण करेगा। विकसित भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।

राहुल गांधी वायनाड भी हारेंगे और रायबरेली भी : गौरव भाटिया

पीडीए का अर्थ है प्रहार करो धर्म और आस्था पर

लखनऊ 04 मई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले ही कह दिया था कि वायनाड़ का चुनाव समाप्त होने के बाद शहजादे किसी अन्य सीट पर अपना भाग्य आजमाने जायेंगे। राहुल गांधी की अमेठी में जाने की हिम्मत नही थी ,इसलिए अमेठी छोड़कर रायबरेली चुनाव लड़ने चले गये। उन्होंने कहा कि जब सोनिया गांधी पहले ही रायबरेली से अपनी हार मानकर राज्यसभा पहुंच गई। जब सोनिया खुद को रायबरेली से हारा हुआ मान चुकी है ऐसे में राहुल गांधी रायबरेली से कैसे जीतेंगे? राहुल गांधी वायनाड भी हारेंगे और रायबरेली भी हारेंगे।बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के सूबाई दफ्तर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि असंभव को संभव बनाने का नाम नरेन्द्र मोदी है। मोदी ने देश की अखंडता के लिए जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया। विपक्ष भाजपा पर प्रहार करता था रामलला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे लेकिन तारीख नही बतायेंगे। हमने मंदिर भी वहीं बनाया और तारीख को भी बतलाया है लेकिन बुलाने पर भी विपक्ष नहीं आया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की आयेंगी सीटे अस्सी में अस्सी, विपक्ष की जल जाएगी गुरूर की रस्सी। श्री भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती में जाकर कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। कभी ईवीएम पर तो कभी वीवीपैट पर प्रश्न खड़ा करते हैं। जब चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम भी सही और वीवीपैट भी सही और जब हार जाते हैं तो लोकतंत्र खतरे में होता है। उन्होंने कहा कि देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोकतंत्र की दुहाई दे रहें है।श्री भाटिया ने कहा कांग्रेस पार्टी तथा धमंडिया गठबंधन हिन्दू विरोधी है।कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नही यानि कांग्रेसी विचार में बहुसंख्यक हिन्दू की देश में कोई जगह नही है। आज वोट जिहाद की बात कर रहे हैं। जिहाद शब्द राजनैतिक नही है बल्कि साम्प्रदायिक शब्द है। पीडीए का अर्थ है प्रहार करो धर्म और आस्था पर। सपा आज तक परिवार का अध्यक्ष नही दे पाई वह सपा किसी का क्या हित करेगी। सपा ने यादवों को जो टिकट दिये वह सब अपने परिवार के लोगों को दिये। ये परिवारवादी पार्टियां है। जनता इनके नापाक इरादे जानती और पहचानती है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूर्ण होगा और भारत विकसित भारत बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा।

15 मई तक खुर्रमनगर के रास्ते पर रहेगा डायवर्जन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

खुर्रमनगर फ्लाईओवर (एनएच-24ए) पर फोरलेन एलीवेटेड रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ग्रेड रोड पर रिटेनिंग वॉल, सर्विस लेन और ईपीसी मोड़ पर जंक्शनों का सुधार होना है। ऐसे में इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, कुर्सी रोड से लेकर अन्य रूटों पर 5 से 15 मई ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि जरूरत पडने पर ही इन मार्गो का इस्तेमाल करें। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, कुर्सी रोड से टेड़ी पुलिया की तरफ जाने वाला ट्रैफिक खुर्रमनगर चौराहा या मुंशीपुलिया चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा।

ट्रैक्टर ट्राली व कृषि यंत्र वापस कराने की मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पीड़ित ने उक्त मामले की इटौंजा थाने पर की थी शिकायत,लेकिन सुनवाई के बजाय पुलिस तहरीर बदलने का डालती रही दबाव

लखनऊ कमिश्नरेट के जानकीपुरम थाना क्षेत्र के मड़ियांव गांव निवासी राम उजागर पुत्र स्व. छेदा पिछले दस दिनों से ट्रैक्टर,ट्राली व अन्य यंत्र इटौंजा थानाक्षेत्र के नौरंगपुर गांव निवासी अपनी रिश्तेदार मीनू पुत्र स्व. विनोद से वापस कराने के लिए इटौंजा थाने का लगातार चक्कर लगा रहे हैं।लेकिन पुलिस उनकी तहरीर पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित से लगातार तहरीर बलदने का दबाव बना रही है।पीड़ित की जब थाने पर नहीं सुनी गई तो पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दरवाजा खटखटाकर लिखित शिकायतीपत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित राम उजागर ने मुख्यमंत्री को दिये गए शिकायतीपत्र में कहा है कि वाहन संख्या क्क 32 त्रस् 1589 महिन्द्रा ट्रैक्टर का पंजीकृत वाहन स्वामी है , प्रार्थी का उक्त ट्रैक्टर मेरे रिश्तेदार इटौंजा के नौरंगपुर गांव निवासी शान्ति देवी पत्नी स्व. राम शंकर के घर पर विक्रय करने के लिए खड़ा कर दिया था।लेकिन मेरी रिश्तेदार से इटौंजा थानाक्षेत्र के ही करौंदी गांव की निवासी मीनू पुत्र स्व. विनोद ने प्रार्थी का ट्रैक्टर ट्राली व अन्य यंत्र मांगकर विक्रय करने के उद्देश्य से लेकर चला गया था, कई बार प्रार्थी द्वारा वापस मांगा गया परन्तु प्रार्थी का ट्रैक्टर वापस नही किया। प्रार्थी को पता चला है कि मीनू , रवीन्द्र व उनके पुत्र अरूण के साथ मिलकर प्रार्थी के ट्रैक्टर से सामान की ढुलाई व अन्य कार्य कर रहे हैं, तथा लाभ अर्जित करके स्वयं रखते हैं। इसलिये यह लोग प्रार्थी का ट्रैक्टर वापस नही कर रहे है , 16-03-2024 को प्रार्थी को ज्ञात हुआ कि उपरोक्त लोग प्रार्थी के ट्रैक्टर मे आलू लादकर ले जा रहे हैं, ट्राली मे आलू के ऊपर रवीन्द्र व अरूण कुमार बैठे हैं , माधोपुर पेट्रोल पम्प के पास एक बस जिसका नम्बर क्क37ञ्ज 1212 था का चालक तेज गति व लापरवाही से बस चलाते हुए जोरदार टक्कर प्रार्थी के ट्रैक्टर मे मार दिया।जिससे प्रार्थी का ट्रैक्टर टूट - फूट कर चार पांच टुकड़ो मे हो गया , मीनू आदि द्वारा इसकी सूचना भी प्रार्थी को नही दी गयी। प्रार्थी को अन्य लोगों से ज्ञात हुआ कि प्रार्थी का ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया , प्रार्थी ने इन लोगों से बात किया तो उपरोक्त लोग प्रार्थी का ट्रैक्टर बनवाकर देने का वादा करने लगे तथा कोई कार्रवाई न करने की याचना करने लगे । कुछ समय बीतने के बाद अब यह लोग प्रार्थी का ट्रैक्टर बनवाने से मुखर गये तथा इन लोगों द्वारा बस वाले से 25 रुपये लेकर बस को भी छुड़वा दिया गया , यह लोग आपस मे मिलकर षडयंत्र रचकर अवैध रूप से प्रार्थी से धन उगाही करने के उद्धेश्य से प्रार्थी को तरह - तरह से डरा - धमका रहे है जबकि मेरा ट्रैक्टर आज भी घटनास्थल पर कई टुकड़ो मे पड़ा है। उपरोक्त लोगों के कृत्य से प्रार्थी काफी परेशान है ।

नगर आयुक्त के निरीक्षण मे योजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिह द्वारा डा. अरविन्द कुमार रॉव, अपर नगर आयुक्त, महेश चन्द्र वर्मा, मुख्य अभियन्ता(सिविल), एस.सी. सिंह, अधिषासी अभियन्ता जोन-8, संजीव प्रधान, पर्यावरण अभियन्ता एवं अन्य अधिकारियो की उपस्थिति मे निगम की विभिन्न परियोजनाओ का निरीक्षण किया गया।नगर आयुक्त ने जहाँ एक निरीक्षण के दौरान ठेकेदार के कार्य की सराहना की वही दूसरी तरफ अन्य परियोजनाओं को समय से पूरा न कराने पर जिम्मेदारी को कार्रवाई के लिए तैयार रहने का फरमान भी सुनाया। नगर आयुक्त द्वारा हरकसगढी मे सी एण्ड डी वेस्ट प्रोसेसिगं प्लान्ट का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण में गीले कचरे से खाद बनाने वाले प्लांट को शीघ्र स्थापित करने तथा नये शेड का निर्माण कर अन्य मशीनरी आदि स्थापित किये जाने के निर्देश दिये गये। अमृत योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन अमृत सरोवर हैवतमऊ एवं विरूरा का निरीक्षण किया गया। हैवरतमऊ मे और अधिक मशीनरी लगाकर वर्षाऋतु से पूर्व मुख्य कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

मतदान प्रतिशत 70 के लिए लगाई चुनाव पाठशालाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में 20 मई, 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। आजनगर निगम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्ले में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी। मतदान का प्रतिशत 70 तक पहुचाने के लिए शहर के कई क्षेत्रों में चुनाव पाठशालाएं लगाई गई। नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-2 में गया प्रसाद धर्मशाला, न्यू मार्डेन स्कूल, नवयुग कन्या इण्टर कालेज जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

सपा ने कांग्रेस को बैसाखी बनाया जिसके दोनों पाये टूटे : भूपेंद्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को अखिलेश यादव की बदायूं रैली पर करारा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की स्थिति पर दया आ रही है। न उन्हें अच्छे साथी मिले और न ही कार्यकर्ता। इसी वजह से उनकी सभाओं में लोग तक नहीं जुट रहे। उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस को अपनी बैसाखी बनाया है, जिसके दोनों पाये पहले से ही टूटे हुए हैं। जीत के लिए उन्हें आम कार्यकर्ता नहीं बल्कि परिवार के लोगों पर भरोसा है। जनता ने इनका शासन देखा है और शुरुआती दोनों चरणो में दंगाइयों, आतंकियों और माफिया को संरक्षण देने वाली सपा को नकार दिया है। बाकी बचे 5 चरणो में ये और इनके सहयोगी पूरी तरह प्रदेश से बेदखल कर दिए जाएंगे। इस चुनाव में जनता इनका वो हश्र करेगी कि ये आगे चुनाव लड़ने में भी कतराएंगे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वैक्सीन पर झूठ फैलाने को लेकर भी अखिलेश को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि तरस आता है ऐसे लोगों पर, जो खुद को विदेशी विश्वविद्यालयों से पढ़ा लिखा बताते हैं, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण वो भोली मासूम जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। देश के बड़े-बड़े डॉक्टरों ने इनके झूठ की पोल खोल दी है, लेकिन ये बेशर्मी से अब भी झूठ बोले जा रहे हैं। इन्हें प्रदेश की जनता की कोई फिक्र ही नहीं है। कोरोना के समय भी ये लोग अपने घरों में दुबककर बैठ गए थे और जनता को मरने के लिए छोड़ दिया था। तब भी इन्होंने वैक्सीन का विरोध किया था और आज भी वही कर रहे हैं, लेकिन तब भी जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास किया और आज भी लोगों को भरोसा है कि मोदी के रहते उन्हें कुछ नहीं हो सकता। सपा के परिवारवाद पर प्रहार करते हुए कहा कि इन्होंने हर वर्ग का तिरस्कार किया है। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की है। बदायूं में इन्हें कोई कार्यकर्ता नहीं मिला। हर जगह सिर्फ इनका परिवार ही लड़ेंगा। देश का संविधान हर किसी को बराबरी का अधिकार देता है। यहां राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा। यहां गांव, गरीब, किसान, मजदूर का बेटा भी राजा बनेगा। गरीब का बेटा विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति बन सकता है। संविधान का असली उद्देश्य यही है और नरेंद्र मोदी के रूप में एक गरीब का बेटा तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। उनसे अधिक संविधान की महत्ता कौन जान सकता है। इन परिवारवादियों ने अपने दलों में लोकतंत्र को मार दिया है, ये देश की क्या रक्षा कर पाएंगे। ये तो इतने बेशर्म है कि बुजुर्ग महिलाओं से भी अपने बच्चों के पैर छुआने में गुरेज नहीं करते। ये क्या देशवासियों का सम्मान बढ़ाएंगे।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

ग्लोबल वार्मिंग, संभलने की वार्निंग

पहले मानसून के दौरान कुल बारिश जितनी होती थी उसकी तुलना में आज काफी कम होती जा रही है। बाढ़ की नियमितता और तीव्रता बढ़ती जा रही है। अचानक से कुछ दिनों के लिए मूसलाधार बारिश होती है तो बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। एक-दो सप्ताह में ही इन इलाकों में सूखे की स्थिति बाढ़ की स्थिति में तब्दील हो जाती है। सूखे और बाढ़ का लगभग साथ-साथ होना और अनियमित बारिश ग्लोबल वार्मिंग और बदलती जलवायु का ही परिणाम है। देश में 2011 से 2020 के बीच हर साल औसतन 1500 लोग बाढ़ में काल कलवित हो हुए हैं।

मनुष्य का जल-जंगल-जमीन से रिश्ता आदिकाल से है। बिना इनके जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यतः कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एकसाथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां प्रति वर्ष लू की स्थिति अधिक दिनों तक और ज्यादा तीव्रता के साथ लोगों को अपनी जद में ले रही है। दूसरी ओर हर साल शीत लहर का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। 1980 से 2018 के बीच शीत लहर के कारण हुई मौतें लू से हुई मौतों से ज्यादा थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में शीतलहर से 152 लोगों की मौत हुई। जनवरी 2021 में उत्तर भारत के हर राज्य में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम था। वैज्ञानिकों के अनुसार शीत लहर की बढ़ती अवधि और तीव्रता का मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग और विशेष तौर पर आर्कटिक इलाके का ऊष्मीकरण है। अबतक यह एक स्थापित तथ्य माना जाता था कि आर्कटिक वृत्त पृथ्वी के बाकी हिस्सों के मुकाबले दोगुनी तेजी से गर्म होता है। लेकिन पिछले साल नासा से जुड़े कुछ वैज्ञानिकों के नए शोध के अनुसार आर्कटिक वृत्त असल में दोगुनी नहीं बल्कि चौगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। लांसेट स्वास्थ्य जर्नल में 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत में असामान्य तापमान के कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। इनमें से 6.5 लाख लोगों की मौत असामान्य ठंडे तापमान और औसतन 80 हजार लोगों की मौत असामान्य गर्म तापमान के कारण होती है। असामान्य तापमान के कारण मरने वाले लोग आमतौर पर समाज के निचले तबके से आते हैं। लू और शीतलहर के अलावा ग्लोबल वार्मिंग के कारण एक और भयानक प्रक्रिया घटित हो रही है। यह प्रक्रिया है हिमनदियों और ध्रुवीय हिमच्छदों (पोलर आइस कैप्स) का तेजी से पिघलना और औसत समुद्र तल (मीन सी लेवल) का लगातार बढ़ना। अगले कुछ दशकों में शंघाई, हॉन्ग कॉन्ग, ओसाका, रिओ, एम्स्टर्डम, अलेक्सान्द्रिया जैसे दुनियाभर के कई तटवर्ती शहरों के बड़े हिस्सों के जलमग्न हो जाने की आशंका है। मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम आदि शहरों के कुछ इलाके 2050 तक जलमग्न हो सकते हैं। समुद्र स्तर के बढ़ने से आने वाली बाढ़ के कारण समंदर का खारा पानी जमीन के अंदर रिसकर चला जाएगा। इससे भूमिगत जल भी खारा बन जाएगा। इससे स्वच्छ पानी की उपलब्धता भयंकर विकराल रूप ले लेगी, क्योंकि आज ही मीठे पानी की समस्या गम्भीर समस्या बन चुकी है। तब क्या होगा इसकी कल्पना से कलेजा फटने को हो जाता है। पेयजल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है। भूमिगत जलस्तर के लवणीकरण के कारण तटीय इलाकों में कृषि उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

एक्सप्रेस आलेख

मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। 36 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। टेरर फंडिंग को रोकने के लिए 22 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। 90 संपत्तियां भी कुर्क की गईं और 134 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। एक बात बहुत साफ है कि सरकार देश विद्रोही ताकतों को कुचलने के लिए तैयार है और जो वार्ता करना चाहता है उसका सदैव स्वागत भी है। हां, उसे वार्ता संविधान के दायरे में आकर करनी होगी। बातचीत की प्रक्रिया में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों का कोई स्थान नहीं है। कहना न होगा कि अब देश बदला-बदला सा जम्मू-कश्मीर देख रहा है।

अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान

आर.के.सिन्हा

सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है।

कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चर्चाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था। 2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस एतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था, तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे ढ सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्य धारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे

पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है।

उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं। ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उप राज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई। उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है। राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे है। दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षों बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गये हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गईं, जो 46 प्रतिशत की कमी है।

एक्सप्रेस कविता

आओ एक-एक दीप जलाएं घनघोर तमस में, कई सहस्त्र दीपक जले उठे दूर हुआ अंधियारा, जग से, निराश मन से, आओ एक-एक दीप जलाएं। हृदय स्पंदित हुआ, नवीन आशाये ज्योतिमय हुई, अलग घरो में रहकर भी, लक्ष लक्ष मानव सब एक है आओ एक-एक दीप जलाएं। संकट गहरा कितना भी हो, सहस्त्र आशाओं से, इतनी दीपो से, इतनी रोशनी से, सहम सा गया ये अंधकार भी टल जाएगा आओ एक-एक दीप जलाएं। कल ये इतिहास बनेगा, हम मुस्कुरायेंगे, पराजित कर इस अदृश्य आततायी अंधियारे को आओ एक-एक दीप जलाएं। धरती का ऋण है हम पर, नही हारेंगे, न होंगे निराश, नही होंगे परेशान आओ एक-एक दीप जलाएं। माँ भारती का स्मरण कर, प्रजल्वित ज्वाला के साथ, तमस को दूर भगाएं आओ एक-एक दीप जलाएं।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

कौन बताता है भला समंदर का रास्ता नदी को, जिन्हें मंजिल पानी होती है वो सुझाव नहीं लेते

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	द्वादशी 17:42 तक
नक्षत्रः	उत्तराभाद्रपद 19:57
पक्षः	कृष्ण
वारः	रविवार
योगः	वैधृति, 07:36
सूर्योदयः	05:38
सूर्यास्तः	18:57
चंद्रमाः	मीन राशि में
राहुकालः	11:54-12:42
विक्रमी संवत्ः	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	वैशाख
शुभ मुहूर्तः	11:54-12:42

जन एक्सप्रेस

कर लिए स्वीकार !

मान गए वो झटपट ।
कर लिए स्वीकार ।।
फैसला है पार्टी का ।
व्यक्त किए उद्गार ।।
आने वाले कल का ।
हैं वही सितारा ।।
सार्वजनिक है सहमति ।
ना उसे नकारा ।।
आएगा अब जल्द ।
लगता अमृतलाल ।।
टल गया है संकट ।
शांत हैं सवाल ।।
फायदे का सौदा ।
चुपचाप ही रहना ।।
है ऐसी कहावत ।
बुजुर्गो का भी कहना ।।



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

हाई कोलेस्ट्रॉल से छुटकारा पाने के लिए करें दालचीनी के पानी का सेवन, मिलेंगे फायदे

खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। इस गंभीर स्थिति को नजरअंदाज करने से हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल बनते हैं- एक हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है और दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे बैड कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति हो ही हाई कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। जब आपके शरीर में बैड फैट बढ़ जाता है, तो यह नसों में जाकर जम जाता है।

हाई कोलेस्ट्रॉल में दालचीनी का पानी पीने के फायदे: दालचीनी का इस्तेमाल आमतौर पर मसाले के रूप में ही किया जाता है। लेकिन आयुर्वेद में इसे कई बीमारियों के इलाज में औषधि के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है।आरोप्यं हेल्थ सेंटर के आयुर्वेदिक डॉ एसके पांडे कहते हैं, ÷ दालचीनी में एंटीबैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण पाए जाते हैं। इसके अलावा दालचीनी में पॉलीफिनाल पाया जाता है जिसका इस्तेमाल पेट से जुड़ी समस्याओं में बहुत फायदेमंद होता है। शरीर में मौजूद हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए आप दालचीनी के पाउडर या इसके पानी का सेवन कर सकते हैं।÷ दालचीनी का सेवन शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल, सीरम फ्लूकोज और ब्लड में मौजूद फैट को कम करने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर और हार्ट से जुड़ी अन्य गंभीर समस्याओं से बचाव के लिए आप 1 से 3 ग्राम दालचीनी का सेवन रोजाना कर सकते हैं।

कैसे करें दालचीनी के पानी का सेवन?: रोजाना सुबह के समय खाली पेट दालचीनी के पानी का सेवन करने से हाई कोलेस्ट्रॉल में फायदा मिलेगा। इसके लिए सुबह के समय 1 से 2 ग्राम दालचीनी पाउडर को एक गिलास गुनगुने पानी में डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें आप काला नमक और नींबू या शहद मिलाकर पिएं। नियमित रूप से कुछ दिनों तक इसका सेवन करने से आपको बहुत फायदा मिलेगा। हाई कोलेस्ट्रॉल को जड़ से ठीक किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए दवाओं के सेवन के साथ आपको डाइट और एक्सरसाइज का ध्यान रखना होगा। एक बार कोलेस्ट्रॉल ठीक हो जाने के बाद दोबारा लापरवाही बरतने से यह फिर से बढ़ सकता है।

एक्सप्रेस विशेष

योग : 100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन

मुकुंद

योग एक विचार था, जिसे आज दुनियाभर ने अपनाया है। आज योग ग्लोबिल स्पिरट बन गया है। योग ने हमेशा से जोड़ने का काम किया है। हमारे आदर्श हों, भारत का दर्शन हो या दृष्टि हो हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपरा को पोषित किया है।

देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। दो मई को भव्य उत्सव योग महोत्सव के दौरान सूरत योग के आनंद से ओत-प्रोत रहा। सूरत के अठवालाइंस के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में सात हजार से अधिक लोग सुबह 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अच्यास में शामिल हुए। इनके उत्साह और सक्रिय जुड़ाव ने व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने इस महोत्सव की व्यापक चर्चा की है। इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, नई दिल्ली के अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र और बेंगलुरु स्थित अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (योग विज्ञान) के निदेशक प्रो.अविनाश चंद्र पाण्डेय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ समागंडी शामिल हुए। इन विभूतियों की उपस्थिति ने इस अवसर को काफी महत्वपूर्ण बनाया। यह योग को बढ़ावा देने, व्यक्तियों व समुदायों के लिए समान रूप से कल्याण के लिए साझा समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस सहभागिता ने योग के अच्यास के

पिछले साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क से संदेश जारी कर देश को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की अपील पर 180 देशों का योग को लेकर साथ आना, ऐतिहासिक है। योग ने हमें एकजुट किया। योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज का निर्माण करता है जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है।

माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि सूरत ने देश के विकास में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। कोटेचा ने सूरत के शांत वातावरण के बीच योग महोत्सव के लिए लोगों की उपस्थिति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों की अनुशासित उपस्थिति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और आईडीवाई-2023 के तहत पूरे विश्व में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईडीवाई- 2024 की 25वीं उलटी गिनती के अवसर पर बोधगया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2015 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस शारीरिक व मानसिक कल्याण, दोनों के लिए योग का अच्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और विभिन्न संस्कृतियों व समाजों में इसकी सार्वभौमिक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। साल 2015 में शुरुआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों, संगष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करना है। उन्होंने कहा कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ. काशीनाथ समागंडी ने योग के सार्वभौमिक अच्यास को बढ़ावा देने में इसके महत्व का उल्लेख किया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- 2024 (आईडीवाई-2024) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आयोजित योग महोत्सव की भूमिका को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का यह 10वां संस्करण स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाले इस वैश्विक आंदोलन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दिखाता है। इस कार्यक्रम के तहत सामान्य योग प्रोटोकॉल का सीधा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में 5,000 से अधिक योग उत्सुक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से सामान्य योग प्रोटोकॉल में उल्लिखित निर्धारित योग अच्यासों में शामिल हुए। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, गुजरात योग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और कई अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। इसके अलावा योग गुरुओं के संदेशों ने कार्यक्रम को उत्कृष्टता प्रदान की। इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के साथ मिलकर आयुष मंत्रालय 100 दिन, 100 शहर और 100 संगठन अभियान के तहत सामूहिक योग प्रदर्शनों और सत्रों की शृंखला की शुरुआत की है।

नारी शक्ति को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए विशेष अभियान पार्टी द्वारा तय किये गए

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के विकासखण्ड कुम्भी (गोला) के ग्राम दतेली, कोटवारा, कपरहा, बिलहरी, मूड़ा बस्सी, रामपुर में जनसम्पर्क सहित गोला नगर के सेन्ट्रल बार संघ तहसील गोला में बैठक, गोला नगर के शहनाई गेस्ट हाउस में महिला मोर्चा सम्मेलन, गोला नगर के दिव्य मैरिज लॉन में कार्यकर्ता बैठक, गोला नगर के उमा देवी चिल्डेऊन्स एकेडमी में कार्यकर्ता बैठक एवं गोला नगर के पंजाब कालोनी आदि में उपस्थित रहे।गोला नगर के शहनाई गेस्ट हाउस में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन को मुख्य अतिथि डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी सदस्य विधान परिषद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए विशेष अभियान पार्टी द्वारा तय किये गए है। एनजीओ से जुड़ी हुई महिलाएं, खेलकूद से जुड़ी हुई महिलाएं, प्रबुद्ध वर्ग की महिलाएं, ट्रांसजेण्डर, महिला साहित्यकार, महिला पत्रकार, स्वयं सहायता समूह संचालित करने वाली महिलाओं, नव युवतियों आदि से अभियान चलाकर भारतीय जनता पार्टी अपनी विचारधारा तथा भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जुड़ने का कार्य करेगी। देश की महिलाओं ने एक बार फिर से केन्द्र में भाजपा सरकार का गठन करने का संकल्प लिया है। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मानब बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण पर ऐतिहासिक कदम उठाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून से महिलाएं राजनीतिक तौर पर सशक्त होंगी। महिलाओं के लिए आरक्षण का फैसला भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। आरक्षण का कानून बन जाने से 33 प्रतिशत महिलाओं को विधानसभा और संसद में पहुंचने का अवसर मिलेगा। महिला जनप्रतिनिधि विधानसभा और संसद में महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठा सकेंगी। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

गोला नगर के शहनाई गेस्ट हाउस में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि भाजपा पार्टी नारी के सम्मान और अधिकारों की पक्षधर है। आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओ का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। आधी आबादी की आत्मनिर्भरता के साथ ही भारत की आत्मनिर्भरता का संकल्प भी पूरा होगा। हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमारे देश का विकसित भारत का संकल्प तब तक पूरा नहीं होगा जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होगी और महिलाओं को सशक्त करना यह केवल एक आयामी काम नहीं है। वैसे आम तौर पर लोग बोलते थे कि महिलाएं किसी काम को नहीं कर सकती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर उस विषय पर जिन चुनौतियों का सामना महिलाएं कर रही थी उन सारी चुनौतियां का समाधान हमने पिछले 10 वर्षों में किया है और करने का प्रयास भी किया जा रहा है। उसमें पहली सबसे बड़ी बात बालिका भ्रूण हत्या को रोकने का काम हमने किया। दूसरा हमारी बालिका बच्चियां और हमारी किशोर बच्चियां हो, युवा महिलाएं हो, गर्भावस्था की स्थिति हो, गर्भ के बाद की स्थिति हो या वृद्ध महिलाएं हो सभी के लिए पोषण की ऐसी उचित पौष्टिक व्यवस्था की गई जिससे की महिलाओं के स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़े महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो हमारा आने वाला भविष्य भी बहुत सी बीमारियों से बचा रहेगा। इस दृष्टि से यह योजना ले करके आई है आने वाले 50 वर्षों तक भारत को ताकत देने वाली है। तीसरी बात यह है कि महिलाओं की सुरक्षा और उनकी हर तरह की सहायता उनको उपलब्ध हो और बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध हो उस दृष्टि से हमारी सरकार ने हर थाने में महिला हेल्प डेस्क बन गई है आप सबको बताना चाहता हूं कि महिला हेल्प डेस्क हर थाने में है और वहां पर केवल महिला पुलिस कर्मी ही ड्यिूटी पर रहती है। आपको कभी भी कोई भी तकलीफ हो महिला हेल्प डेस्क पर जा करके अपनी बात को कह सकती है और आपकी बात को ठीक ढ़ंग से सुना जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर हर जिले में हमने एक महिला वन स्टाप सेंटर बनाया है जहां कोई भी महिला जो किसी कारण तकलीफ में है जिसका परिवार उसका सहयोग नहीं कर रहा है। वहां उनके रूकने की, भोजन की, उनको सहायता देने की ऐसी सारी व्यवस्था महिला वन स्टाप सेंटर पर हर जिले में की है।

इसके साथ ही विकासखण्ड कुम्भी (गोला) के ग्राम दतेली, कोटवारा, कपरहा, बिलहरी, मूड़ा बस्सी, रामपुर में जनसम्पर्क सहित गोला नगर के सेन्ट्रल बार संघ तहसील गोला में बैठक, गोला नगर के दिव्य मैरिज लॉन में कार्यकर्ता बैठक, गोला नगर के उमा देवी चिल्डेऊन्स एकेडमी में कार्यकर्ता बैठक एवं गोला नगर के पंजाब कालोनी आदि में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंजू त्यागी विधायक श्रीनगर, संतोष कुमारी जिला उपाध्यक्ष, रश्मि गुप्ता जिला मंत्री, रिंकू शुक्ला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला, मीनाक्षी अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय, मुन्ना लाल अवस्थी सांसद प्रतिनिधि, पुष्पा सिंह पूर्व अध्यक्ष अर्बन को-आपरेटिव बैंक लखीमपुर, कीर्ति महेश्वरी अध्यक्ष नगर पंचायत मैलानी, पारूल गुप्ता, प्रीती वर्मा, उमा राज, किरन अग्रवाल, राजेश शुक्ला, प्रभात बाजपेई सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

प्रत्येक विद्यार्थी पांच पाच परिवारों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें हेमंत पाल

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अर्तगत जनपद खीरी में 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रखंला में युवराज दत्त महाविद्यालय,लखीमपुर खीरी की राष्ट्रीय सेवा योजना तथा मतदाता साक्षरता क्लब तथा रोवर्स रेंजर्स द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप कोर्डिनेटर प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने घर घर जाकर राजगढ़ वार्ड के युवा एवं आम मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि मतदान आपका अधिकार एवं कर्तव्य दोनों है। देश में इस समय चुनाव का पर्व चल रहा है ऐसे में गर्व की बात यह है कि वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम। साथ ही नैतिक जिम्मेदारी से हम सबका प्रयास होना चाहिए कि इस पर्व में कोई भी मतदाता अपनी आहुति देने से ना छूटे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल ने युवा विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि वे लोकतंत्र के महापर्व में अपने पारिवारीय जनों को चुनाव के दिन निर्धारित बूथ तक पहुँचाने में सहयोग कर शत प्रतिशत मतदान करायें।साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी पाँच पाँच परिवारों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें।भारतीय संसदीय व्यवस्था की मजबूती के लिए यह पुनीत कार्य है। मतदाता जागरूकता अभियान में प्रो संजय कुमार, प्रो ज्योति पंत, प्रो डी के सिंह, प्रो नूतन सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अमित सिंह, सौरभ वर्मा, विनयतोष गौतम, देशराज वर्मा ने सक्रिय योगदान दिया।

कार ने आठ साल के छात्र को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस | सुनहरा

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर-पलिया हाईवे पर पड़रिया तुला कस्बे में तेज रफ्तार गाड़ी ने शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे छात्र को टक्कर मार दी। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मनोज कश्यप का आठ वर्षीय पुत्र आयुष कश्यप प्राथमिक विद्यालय पड़रिया तुला में पढ़ता है। छुट्टी होने के बाद अपने घर आ रहा था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी लखीमपुर की तरफ से आई अर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकानदारों ने निजी चिकित्सक को दिखाया, प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बड़े अस्पताल में ले जाने का सुझाव दिया। परिवार वाले लखीमपुर ले गए। बच्चे की हालत ज्यादा गंभीर है। कान से खून निकल रहा है। पड़रिया तुला पुलिस पिकेट ने दुर्घटना करने वाली गाड़ी को पकड़ लिया।

नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान जागरूकता अभियान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी। अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर लखीमपुर -खीरी में लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज कचहरी प्रांगण से किया गया। जो आगामी तिथियां को इस प्रकार संपन्न होगा- दिनांक 6 मई स्थान- तहसील, सुबह 10:30 बजे। 7 मई, स्थान सौजन्या चौराहा, शाम 5:00 बजे। 8 मई स्थान विलोबी हाल, शाम 5:00 बजे से।इस कार्यक्रम की प्रशासन ने भूरि भूरि प्रशंसा की एवं विद्यालय द्वारा लिया गया यह कदम बहुत ही सराहा गया।

फास्ट फॉरवर्ड

एसडीएम कार्यालय के बाहर सीएचसी अधीक्षक की पिटाई

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी। तहसील गोला में शनिवार दोपहर करीब एक बजे एसडीएम से मिलने पहुंचे सीएचसी अधीक्षक गणेश कुमार की वकीलों ने पिटाई कर दी। एसडीएम चेंबर के पास पिटाई करने के बाद हंगामा हो गया। उस दौरान एसडीएम अपने कक्ष में नहीं थे। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अधीक्षक और उनके एक कर्मचारी योगेश पाल को बचाकर लाए। बताते हैं कि घटना के दौरान तहसील स्थित बार संघ सभागार में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री की वकीलों के साथ बैठक हो रही थी। तहसील में कैमरे लगे हैं लेकिन कैमरे खराब हैं इसलिए घटनाक्रम कैमरे में कैद नहीं हुआ। अधीक्षक इस मामले में कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

4 दिनों से लापता व्यक्ति का नहीं लग रहा सुराग

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी। 4 दिनों से लापता व्यक्ति का नही लग रहा सुराग़ पीड़ित बड़े भाई बड़े तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर पुलिस जांच में जुटी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम अहमद नगर निवासी अवधेश तिवारी पुत्र देवनरायन तिवारी उम्र 49 वर्ष निवासी अहमदनगर 4 दिन पूर्व सुबह 9 बजे घर से गोला आये थे लेकिन आज तक घर नही पहुचे परिवारीजनों ने उसकी हर जगह तलाश की लेकिन उनका कोई पता नही चल सका है परिवार के लोग बहुत परेशान हो रहे है।इस बाबत हल्का इंचार्ज सुनील सिंह ने बताया कि गुमसुदगी दर्ज की जा चुकी है संदिग्धों से पूछताछ चल रही है विकास चौराहे पर शराब दुकान के सीसीटीवी फुटेज देखे जायेगे मोबाइल की काल डिटेल निकलवाई जा रही है जल्द ही तलाश पूरी हो जाएगी।

शिव ट्रेडिंग कंपनी पर हुआ 15 हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस | गोला गोकरननाथ खीरी। नगर के अलीगंज रोड स्थित शिव ट्रेडिंग कंपनी पर शनिवार को स्टॉक चेकिंग के दौरान स्टॉक अपडेट ना होने के कारण मंडी कर्मचारियों ने 15 हजार का जुर्माना लगाया है।जानकारी के अनुसार शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कुछ आढ़तियों के यहां मंडी समिति के कर्मचारी, अधिकारी जांच करने पहुंचे थे। बताते हैं ए एम ओ सुभाष चंद्र, मंडी सचिव राम लखन और एम आई ने कई आढ़तों की यहां जांच की परंतु सब कुछ ठीक पाया गया। जब यह लोग शिव ट्रेडिंग कंपनी अलीगंज रोड पर पहुंचे तो वहां उनके यहां 21 अप्रैल के बाद कोई भी स्टॉक अपडेट नहीं मिला। स्टॉक अपडेट ना मिलने के कारण शिव ट्रेडिंग कंपनी पर 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अलीगंज रोड पर मां वैष्णो ट्रेडिंग कंपनी, किसान सेवा केंद्र और मूड़ा सवारान में अरविंद इंटरप्राइजेज, गोगावां चौराहा, बिजुआ रोड आदि के आर्थियों के यहां जांच की गई थी। ए एम आई सुभाष चंद्र ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार इस तरीके की कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

चिराग पासवान की लोक जन शक्ति पार्टी उतरी मैदान में

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी। शनिवार को चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष जगेश कुमार राज ने भाजपा व लोजपा गठबंधन के नाते जिले के लोजपा पदाअधिकारीयों को निर्देश देकर भाजपा के प्रत्याशीयो को भारी मतो से जीताने की अपील की जगेश कुमार राज ने बताया कि 28 खीरी लोक सभा से भाजपा प्रत्याशी भारत वर्ष के ग्रह राज्य मंत्री अजय कुमार मित्र टेनी है व 29 धौरहरा लोकसभा से चुनाव लड़ रही भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्ष को भारी मतों विजयी बनायें दलित, शोशित, मजदूर, किसानो की बदोलत जिले की भाजपा की दोनो सिटे जीत रही है जनपद खीरी के दोनो भाजपा सांसदो जिले का चौहमुखी विकास किया है जिले भर के लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ता डोर टू डोर वोट मांग रही है।

हरपालपुर पुलिस ने घेराबंदी कर दो को पकड़ा

जन एक्सप्रेस | हरदोई। शातिरों ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए असलहे बनाने के लिए झोपड़ी को ठिकाना बना रखा है। हरपालपुर पुलिस ने शनिवार को अलल सुबह झोपड़ी की घेराबंदी कर उसके अंदर तमंचे बना रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बने-अधबने तमंचे, कारतूस और खोखे के अलावा उन्हे बनाने के उपकरण बरामद किए है। बताया गया है कि एसएचओ हरपालपुर आनंद नारायण त्रिपाठी, एसआई महावीर सिंह और पुष्कर वर्मा के अलावा अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे,उसी बीच पता चला कि कुछ लोग नुर्रापुरवा के खेत में झोपड़ी डाल कर उसमें असलहे बना कर उन्हे बेचते है। इस पर पुलिस टीम बताए गए ठिकाने पर पहुंची और उसी झोपड़ी की घेराबंदी उसके अंदर से वकील खां पुत्र वसी मोहम्मद व सद्दाम हुसैन पुत्र दिल हसन निवासी जोतपुरवा (ज्योति पुरवा) मजरा ककरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन बने,दो अधबने तमंचें, दो कारतूस, एक खोखा और असलहे बनाने के उपकरण बरामद किए गए है।

प्रेमी ने प्रेमिका के गांव पहुंच कर की सुसाइड

जन एक्सप्रेस | हरदोई। धोबिया आश्रम के पास एक बाग में युवक का शव गमछे के सहारे फंदे से लटकता हुआ देखा गया। बताया जा रहा है कि उसकी प्रेमिका धोबिया गांव में रहती है, उसी के बुलाने पर वहां पहुंचा था। युवक ने ऐसा क्यों किया पुलिस बरामद हुए उसके मोबाइल से इसका पता लगाने की कोशिश कर रही है।बताया गया है कि पिहानी कोयवाली के धोबिया आश्रम के पास बागझ में एक युवक का शव गमछे से फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। उस युवक की शिनाख्त सवायजपुर कोतवाली के रम्पुरा खम्हरिया निवासी विशुन दयाल का 22 वर्षीय पुत्र पेशकार के रूप में की गई। पेशकार हरिद्वार में काम करता था। 24 अप्रैल को वह गांव आया हुआ था। पिता विशुन दयाल ने बताया कि उसके पांच बेटों में एक पेशकार से बड़ा और तीन उससे छोटे बेटे है। पिहानी कोतवाली के धोबिया गांव की रहने वाली युवती से उसका प्रेम-प्रसंग था, इस बारे में उसे दूसरे लोगों से पता चला था, पेशकार को उसी की प्रेमिका ने फोन कर के बुलाया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा व विशाल रैली में जिले से 75 हजार लोग भाग लेने हरगांव जाएंगे सुनील सिंह

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी देवकली रोड, जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, अचिन मेहरोत्रा प्रभारी, 28 खीरी लोकसभा/पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सीतापुर, विनीत मनार संयोजक, 28 खीरी लोकसभा/अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, लखीमपुर ने प्रेस वार्ता को संयुक्त रूप से सम्बोधित किया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवकली रोड में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, अचिन मेहरोत्रा प्रभारी, 28 खीरी लोकसभा/पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सीतापुर एवं विनीत मनार संयोजक, 28 खीरी लोकसभा/अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, लखीमपुर ने प्रेस वार्ता को संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे जिले लखीमपुर-खीरी को 200 शैय्या मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, मोतीपुर ओयल का निर्माण कार्य, लखनऊ से मैलानी तक बड़ी लाइन रेल सेवा, विद्युतीकरण, रैक प्वाइंट का शुभारम्भ एवं अमृत भारत योजना के अन्तर्गत लखीमपुर, गोला, मैलानी रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प, जनपद लखीमपुर-खीरी के ओयल में ओयल से बेहजम मोड़ पर ट्रामा सेंटर का निर्माण, राजकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल एवं राजकीय मेडिकल कालेज प्रशिक्षण संस्थान, देवकली जनपद लखीमपुर खीरी का निर्माण, केन्द्रीय विद्यालय एस0एस0 बी0 कैम्प लखीमपुर में भवन निर्माण का शिलान्यास, केन्द्रीय विद्यालय एस0एस0बी0 कैम्प गदनियां, पलियाकलां, लखीमपुर खीरी का निर्माण, राजकीय पालीटेक्निक कालेज भानपुर, नकहा में निर्माण, विकासखण्ड बांकेगंज के ग्राम सलावतनगर में राजकीय इण्टर कालेज का निर्माण, विकासखण्ड पलिया के ग्राम सेमरी में राजकीय कन्या इण्टर कालेज का निर्माण, विकासखण्ड फूलबेहड़ के ग्राम फूलबेहड़ में राजकीय कन्या इण्टर कालेज का निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी के श्रीनगर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ द्वारा ग्राम मझरा में कृषि विज्ञान केन्द्र लखीमपुर-खीरी-2 की स्थापना, कृषि विज्ञान केन्द्र जमुनाबाद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में भवन निर्माण, चन्द्रशेखर आजाद कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर-खीरी का शुभारम्भ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 59 मार्गों के 298.412 किमी0 सड़क का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखीमपुर-खीरी द्वारा एफ0डी0आर0 पद्धति से 06 मार्गों के 67.74 किमी0 सड़क का निर्माण कार्य, लखीमपुर-देवकली-अलीगंज मार्ग अ0जि0मा0 चैनेज (0.000 से 25.000 तक) सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य। दूरी 25.600 किमी0, बेलराया-पनवारी मार्ग किमी0 43 एल0आर0पी चौराहा से महेवागंज टेढ़ुई निकट इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास। दूरी 9.35 किमी0, जनपद लखीमपुर-खीरी में तीन ओवरब्रिज ईपीसी आधार पर एनएच-730 पर 1 आरओबी कम फ्लाईओवर किमी 136.200 से 137.800 तक और 2 फ्लाईओवर किमी 133.230 से किमी 134.330 तक और किमी 134.550 से किमी 135.650 का निर्माण कार्य, निघासन में मुंशिफ कोर्ट का शुभारम्भ, निघासन एवं भीरा नगर पंचायत का दर्जा, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 23001 लाभार्थियों को आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 1 लाख 85 हजार लाभार्थियों को आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 420310 लाभार्थियों को लाभ, दिव्यांग पेंशन- 20342 लाभार्थी, वृद्धावस्था पेंशन- 136544 लाभार्थी, विधवा पेंशन योजना- 83813 लाभार्थी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत 759207 गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध, आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 2143521 लाभार्थियों को लाभ,पासपोर्ट सेवा केन्द्र की स्थापना आदि योजनाओं से लाभांवित किया है। उन्होंने कहा यह चुनाव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा एनडीए गठबंधन की पुनः सरकार बनेगी।प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि दिनांक 05.05.2024 दिन रविवार समय 02.00 बजे जिला सीतापुर के अवध सुगर मिल यार्ड ग्राउण्ड हरगांव में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा एवम विशाल रैली में भाग लेने के लिए खीरी जिले से 75 हजार लोग भाग लेने हरगांव जाएंगे। लखीमपुर जिले से 466 बसों, 400 छोटे बड़े वाहन तथा दुपहिया वाहनों से सभी पांचो विधानसभाओं से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी की रैली में भाग लेंगे इस जनसभा में आप सभी लोग भारी से भारी संख्या में पहुंचकर उनके विचारों को सुने। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि दिनांक 08.05.2024 दिन बुधवार समय 10.00 बजे जिला। लखीमपुर खीरी के राजकीय इण्टर कालेज मैदान में श्री अमित शाह जी माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की एक विशाल जनसभा होनी है। इसके लिए भी तैयारी चल रही है।प्रेस वार्ता में खीरी लोकसभा रैली संयोजक कुलभूषण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, महामंत्री आशू मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

एक आरोपी के पैर में लगी गोली, दूसरे को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जनपद में बिलग्राम पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को बाएं पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। दूसरे बदमाश को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपियों के पास से डोडा पोस्ता छिलका, दो तमंचे और एक बाइक बरामद हुई है। एसपी केशव चंद ने बताया कि बिलग्राम पुलिस हरदोई-कन्नौज मार्ग परसोला बॉर्डर पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी कन्नौज की तरफ से आ रहे दो संदिग्ध बाइक सवारों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर बाइक सवार बैरियर चेकिंग तोडक़र फायरिंग करते हुए छिबरामऊ की तरफ भागने लगे। तभी बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन मकान के पास गिर गई। बदमाशों ने खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने संभल जिले के निवासी सुरेंद्र को बाएं पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। दूसरा अपराधी बिजनौर निवासी नरेश उर्फ आजाद को घेराबंदी कर पकडऩे में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 9 किलोग्राम डोडा पोस्ता छिलका, घटना में प्रयुक्त बाइक और दो तमंचे मय तीन जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद किए है। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह डोडा को आसपास के जनपदों में सप्लाई करते है। जिससे होने वाली आमदनी से परिवार का पालन पोषण करते हैं। इस पूरे मामले को लेकर हरदोई पुलिस ने दो वीडियो भी जारी किए है, जिनमे एक वीडियो में आवाज आ रही है

कि सर कारतूस के खोखे को किस तरफ रखें साथ रख दें या अलग रख दें। तभी वीडियो पॉज होने के बाद दोबारा आवाज आती है कि एक खोखा इधर पड़ा है। दूसरा दूसरी तरफ। वीडियो सामने आने के बाद तमाम तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं।

बीजेपी सरकार ने रोड साइड रोमियो को जेल पहुंचाने का काम किया: कांता कर्दम

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जनपद में राज्यसभा की सांसद कांता कर्दम एक कार्यक्रम में पहुंचीं। यहां उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला है। राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि विगत दस वर्षों में देश की महिलाओं के सशक्तिकरण में भाजपा ने अनेक निर्णय लिए, जिसकी वजह से आज देश की आधी आबादी भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। भाजपा ने महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रख उज्जवला योजना की शुरुआत की। 2014 और 2017 से पहले की सरकारों की बदहाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम किया। गुंडों माफियाओं और रोड साइड रोमियो को जेल पहुंचाने का काम किया और भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया। नतीजा बहन बेटियां बिना डरे घर से बाहर निकल रही है।

भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं से महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया। गांव की बहनों के लिए योजनाओं के मध्य से सशक्त बनाकर उन्हें लखपति दीदी बनाने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 60 साल में देश और देशवासियों का विकास किया गया होता तो न गरीबी होती और न गरीब होते।

आग से जलकर राख हुईं 6 गृहस्थी

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव हरीपुर ग्रंट में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटों की जद में आने से 6 घरों में भीषण आग लग गई। इसके बाद घर में रखी नगदी, पशु समेत लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव हरीपुर ग्रंट मजरा परसनी में आज दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। चपेट में नंदलाल, तुलसीराम, प्यारे लाल, अमित, बुलाली और आशाराम आदि के घरों में आग लग गई। आग की चपेट करीब आए घरों का करीब 2 लाख से ऊपर नुकसान हुआ है। पीड़ित नंदलाल ने बताया कि वह लोग खेत पर थे उसी समय दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लगी है।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर कंटेनर ने कार को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर के खुदागंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे लोगों की कार को कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मियुना निवासी राजकुमार (47) शुक्रवार को शाहजहांपुर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। रात करीब 10:30 बजे हाईवे किनारे सहारा होटल के पास कार को बैक करते समय कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में घायलों का इलाज चल रहा है।

हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ी कार

जन एक्सप्रेस | बहराइच

नानपारा बहराइच हाईवे पर शुक्रवार की रात सड़क किनारे खड़े ट्रक में कार भिड़ गई। इससे कार में मौजूद दो युवकों की मौत हो गई। हादसा देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को को कार की बॉडी काटकर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मटेरा थाना क्षेत्र के बहराइच नानपारा हाईवे पर डीहवा पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की रात सड़क किनारे खड़े ट्रक में कार पीछे से भिड़ गई। इससे कार में मौजूद खैरीघाट थाना क्षेत्र के इमामगंज निवासी असलम उर्फ आशु (38) व उसके दोस्त नानपारा के शिवपुर निवासी अंकित शुक्ला (28) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था की पुलिस ने कटर मशीन की सहायता से शवों को बाहर निकाला। सूचना पर मृतकों के बदहवास परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। असलम के पिता अब्दुल सत्तार ने बताया कि कार से दोनों बहराइच से घर वापस लौट रहे थे। तीन भाई चार बहनों में चौथे नंबर का था। दो पुत्र व एक पुत्री है। डीजल मिस्त्री का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था।

मौत से मां मुन्नी बेगम पत्नी शाइस्ता सहित अन्य परिजन बेहाल है। वहीं मृतक अंकित के बिजली कर्मचारी होने की बात पता चली है।

लिव इन में रह रही महिला की निर्मम हत्या

जन एक्सप्रेस | बरेली

यूपी के बरेली स्थित बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की रामगंगानगर कॉलोनी के सेक्टर सात में प्रेमी के साथ लिव इन में रह रही महिला पिंकी सागर की धारदार हथियार से काटकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई। सहेली की सूचना पर पुलिस ने किराये के कमरे से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिंकी की मां ने बेटी के प्रेमी के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है, पुलिस प्रेमी की तलाश कर रही है। बारादरी थाने के हरुनगला निवासी पिंकी सागर (30) का पहले पति मदनपाल से करीब आठ साल पहले विवाद हो गया था। तब से वह अलग रह रही थी। फिलहाल काफी समय से वह अपने प्रेमी मेहतरपुर करोड़ गांव निवासी जोगेंद्र के साथ सहमति संबंध में किराये पर कमरा लेकर सेक्टर सात में रह रही थी। उसकी नौ साल की बेटी मुस्कान भी साथ रहती थी। फिलहाल मुस्कान हरुनगला में अपनी नानी सावित्री देवी के घर गई हुई थी। कैंट निवासी बबली की पिंकी से मित्रता थी। बबली के मुताबिक शुक्रवार शाम पिंकी उनके घर आई थी। रात में वह चली गई। उन्होंने शनिवार को कॉल की जो रिसीव नहीं हुई। दोपहर करीब एक बजे बबली सीधे पिंकी के कमरे पर चली आईं। बाहर से दरवाजे पर कुंडी लगी थी। उन्होंने दरवाजा खोला तो अंदर जमीन पर पिंकी का रक्तरंजित शव पड़ा था।

बबली ने इसकी सूचना पिंकी की मां सावित्री को दी, जिसके बाद वह घटनास्थल पर आ गईं। बिथरी इंस्पेक्टर संजय सिंह भी पुलिस के साथ पहुंच गए।

डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ भव्य मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को पडरौना नगर के बावली चौक से सुभाष चौक तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में एवं नोडल स्वीप अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदीकी उपस्थिति में संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी पंक्तियों को गुब्बारे के साथ आसमान में विमुक्त कर किया गया। अधिक प्रचार प्रसार के लिए परिवहन निगम की बसों, ई रिक्शा एवं नगर पालिका के समस्त वाहनों पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा 1 जून को मतदान करने के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाया गया।

जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का बृहद शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा कालेज स्कूल के छात्र- छात्राओं द्वारा रैली के साथ पथ संचलन करते हुए पूरे नगर का भ्रमण कर मतदाताओं से स्लोगन के जरिए अपील किया।

पहले मतदान, फिर जलपान 1-जून को करें मतदान बढ़ाएं, कुशीनगर की शान तथा अन्य स्लोगन के साथ-साथ जन जागरूकता का संदेश देते हुए सुभाष चौक तक आए। रास्ते में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा भी जागरूकता संदेश लिखी तख्तियों के साथ रैली में शामिल होकर प्रतिभाग किया। छात्र छात्राओं सहित जनपद स्तरीय सभी अधिकारियों द्वारा रैली में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

सुभाष चौक पर हनुमान इंटर कालेज की छात्राओ द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जो मतदाता जागरूकता रैली की अलग पहचान रही।कार्यक्रम के अंत में 1 जून को वोट देने के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ साथ सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में हनुमान इंटर कालेज और उदित नारायण इंटर कालेज के स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट अपने बैंड के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर के समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाला गया। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुभाष चौक पर पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहम्मद अजीम, खंड विकास अधिकारी पडरौना सुशील अग्रहरी, खंड विकास अधिकारी विशुनपुरा सुशील सिंह, जिला सचिव स्काउट गाइड व प्रधानाचार्य हनुमान इंटर कालेज शैलेंद्र दत्त शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका, प्रधानाचार्य उदित नारायण इंटर कालेज अरविंद सिंह, राजीव यादव, अजय सिंह, मृगेंद्र राव, विशाल राव सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने लोकसभा निर्वाचन के पर्चा दाखिला के लिए मजिस्ट्रेटों की लगाई ड्यूटी

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कुशीनगर में लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 के नामांकन के लिए दिनांक 7 मई से जिले में लोकसभा चुनाव के पर्चा दाखिला प्रारंभ हो रहा है।, जिसमें उप जिलाधिकारी डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। डीएम कुशीनगर ने विवरण के क्रम में बताया कि अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को रविंद्र नगर चौराहे पर यातायात कार्यालय पर लगे बैरियर पर, हीरालाल डिप्टी कलेक्टर को विकास भवन के पश्चिमी गेट के पास लगे बैरियर के पास, आशुतोष डिप्टी कलेक्टर को कलेक्ट्रेट गेट पर, योगेश्वर सिंह उप जिलाधिकारी कप्तानगंज को सर्किट हाउस के पास लगे बैरियर पर, मोहम्मद जफर उप जिलाधिकारी को ए आरटीओ ऑफिस के पास लगे बैरियर पर, धर्मवीर सिंह तहसीलदार कसया को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के आवास के सामने बैरियर पर, सुमित कुमार सिंह तहसीलदार पडरौना को जिला न्यायालय गेट के सामने लगे बैरियर पर ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त समस्त मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने कार्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के सहजनवा थाना क्षेत्र के रानूखोर गांव में आमी नदी के किनारे आजमगढ़ जिले की एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर से नाराज होकर निकली युवती की मदद करने के बहाने युवक ने घटना को अंजाम दिया है। शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे गांव में पहुंचकर युवती ने घटना की जानकारी दी, तत्पश्चात पुलिस और परिजनों को जानकारी दी गई। युवती के चेहरे व शरीर पर चोट लगने के कारण उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर जांच में जुट गई।

शनिवार तड़के सुबह सहजनवा पुलिस व एस ओ जी टीम ने संयुक्त रूप से गीडा सेक्टर 26 में मुठभेड़ के दौरान दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे सहजनवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने उसे बी आर डी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है आरोपी की पहचान ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मोती नगर खलीलाबाद के रूप में हुई।

गन्ना फसलों में लग रहे कीटों से करें बचाव, समय पर करें दवा का छिड़काव: वाईपी सिंह

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जनपद के सेवरहीं चीनी मिल के अधिशासी निदेशक वाई पी सिंह व सहायक प्रबंधक रमाशंकर प्रसाद द्वारा गेट जोन के पृथ्वीपुर ग्राम सभा मे किसान संगोष्ठी का आयोजन कर गन्ना फसलों के उत्पादन व उपज को किटों के प्रकोप से बचाव के लिए किसानों को जानकारी दी गई।

किसानों को संबोधित करते हुए मील के अधिशासी निदेशक वाईपी सिंह ने कहा कि किसान भाइयों को गन्ने की खेती में आ रही समस्याओं के लिए मील प्रवंधन खाद बीज किटनाशक दवाओं को मील पर उपलब्ध कराया है। गन्ना फसलों में लगने वाले किटों से बाचाव के लिए गन्ना की फसल में किटनाशक दवाओं का समय से छिड़काव करें। कहा कि गन्ना की समस्या के निस्तारण के लिए गेट एरिया के किसान को फसल को लेकर कोई भी समस्या आती है तो वे गेट इंचार्ज सूर्य प्रताप वर्मा व रजनीश सिरोही से तुरंत सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं। गन्ने की फसल के उत्पादन में आ रही लागत को कम करने के सभी किसान भाईयों को बिजली का कनेक्शन कर सिंचाई करने की सलाह दिया। कहा कि बिजली कनेक्शन हो जाने से समय समय पर कम लागत में सिंचाई होती रहेगी और उत्पाद भी बढ़ेगा। सहायक प्रवंधक रमाशंकर प्रसाद ने कहा कि इस समय गन्ना फसलों के सर्वे कार्य चल रहा है मील के अन्तर्गत आने वाले सभी किसान भाई अपने खेतों पर रहकर सर्वे अवश्य करा लें। सहायक महा प्रबंधक गन्ना ने कहा कि क्षेत्र के गन्ना फसलों में चोटी बेधड़क किट प्रकोप दिख रहा है।

बेधक कीट के प्रकोप से फसलों को बचाने की कोराजन दवा अपने सर्किल सुपरवाइजर से मिलकर ले लेवें और उसको 15 मई तक गन्ना फसल में अवश्य डाल दे। कहा कि जिन किसान भाइयों को कृषि यंत्र जैसे एमबी प्लाऊ, रेज़र, स्प्रे मशीन, चीनी मिल मे अनुदान की दर पर मिल रहा है इस यंत्र को लेना चाहें तो अति शीघ्र ले सकते हैं द्यकिसान संगोष्ठी के अवसर पर अधिक संख्या में किसान व चीनी मिल स्टाफ मौजूद उपस्थित रहे।

नहाने गया युवक का नदी में मिला शव, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस/भाटपाररानी,देवरिया। थाना क्षेत्र के मठदनउर निवासी अमित साहनी शुक्रवार को गांव के छोटी गंडक नदी में नहाने के लिए गया था। देर रात तक घर नहीं लौटा। शनिवार की सुबह उसका शव नदी से बरामद हुआ। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है।मठ दनउर गांव निवासी अमित साहनी (35) पुत्र धर्मदेव साहनी शुक्रवार की शाम गांव के छोटी गंडक नदी में नहाने गया था। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौट सका। परिजन अनहोनी की आशंका में थे। शनिवार की सुबह अमित के पिता ने पुलिस को सूचना देकर घटना की जानकारी दी और ग्रामीणों की मदद से नदी में तलाश करवाया तो गांव के पूरब दिशा नदी से अमित का शव बरामद हुआ। शव मिलने बाद परिवार में कोहराम मच गया। शव देख कर अमित की पत्नी कुसुम सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का मास्टर ट्रेनर द्वारा कराया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। देवरिया

लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन हेतु 29 अप्रैल से 04 मई तक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में अनुपस्थित एवं छूटे हुए अन्य कार्मिकों का (अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउन हाल देवरिया एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल टाउन हाल देवरिया कराया गया। प्रत्येक कक्ष में 02-02 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम पाली में प्रशिक्षण हेतु कुल 368 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था जिसमें 367 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, जबकि 01 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये।

29 अप्रैल से 04 मई तक कुल 6368 कार्मिकों के सापेक्ष 6306 कार्मिक प्रशिक्षण के उपस्थित हुए तथा 62 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये।

समस्त उपस्थित पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में मतदान प्रारम्भ से मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने प्रशिक्षण समाप्ति के समय सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे द्वितीय प्रशिक्षण के समय अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से करेंगे।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा पदाधिकारियों ने किया जनसंपर्क

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

ग्रामीण विधानसभा के वार्ड नंबर 11 बड़गो एवं वार्ड नंबर 38 के कान्हा उपवन नगर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा महानगर पदाधिकारियों ने जनसंपर्क करते हुए सम्मानित जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को पुनः अपना बहुमूल्य वोट देने की अपील किया।

जन संपर्क के दौरान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार दलितों व वंचितों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने ,संवैधानिक अधिकार ,सामाजिक न्याय व सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याण एवं अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है , भाजपा नेता ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर पीएम मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि हमारी सरकार में हर तरफ बहन बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से जनता को फायदा हुआ है तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में सबसे ज्यादा काम बीजेपी सरकार ने किया है।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमृत लाल भारती ने कहा कि सभी लोग जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काल में दिमक खाती बाबा साहब की स्मृतियों को संजोने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकार के साथ मिलकर चिंचोली संग्रहालय का निर्माण किया। पीएम मोदी द्वारा 100 करोड़ की लागत से बरतुमा गांव में बन रहे संत रविदास मंदिर का भूमि पूजन किया जा चुका है।

भाजपा नेता इंजीनियर बृजमोहन ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम से प्रत्येक जिले के जमीन से जुड़े कारीगरों को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया।

आईएएस में चयनित होने पर हुआ ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर ,देवरिया। तहसील क्षेत्र के छपरा प्रयाग सोहनाग निवासी आदित्य कुमार पुत्र उमाशंकर का आईएएस परीक्षा में 861 रैंक हासिल किए हैं। वे पहली बार अपने गांव पहुंचे तो उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। वे अपने पिता उमाशंकर कुमार व माता सुमन के साथ लखनऊ से कृषक एक्सप्रेस से सलेमपुर पहुंचे। जहां लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। आदित्य ने सोहनाग धाम मंदिर में भगवान का पूजा- अर्चना की। स्वागत के दौरान माकपा नेता सतीश कुमार, शिव शंकर प्रसाद, बड़ी मां अभिलाषा देवी, डॉ असलम आदि रहे।

किशोरी ने फंदे से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस/रूद्रपुर देवरिया। नगर के पश्चिमी तिवारी टोला वार्ड में शुक्रवार की शाम एक छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। चिकित्सक के अनुसार किशोरी के गले पर फंदे के निशान बने हैं। वहीं, परिवार वाले घटना के कारण को लेकर स्पष्ट नहीं बता रहे।

भाजपा सरकार में महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का हक मिला: कान्ता कर्दम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर के सभागार में शनिवार को महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद व महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम ने अपने उद्बोधन में कहीं कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का हक मिल रहा है। आज महिलाएं घर की मालकिन भी हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। उन्होंने ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में देश का विकास व देश की आधी आबादी का सम्मान बढ़ा है। सम्मेलन में उपस्थित नारी शक्ति ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार फिर से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन मे भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद कुं. आर. पी. एन. सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री देवी जायसवाल, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा चन्द्र प्रभा पान्डेय, लोक सभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, नगर पालिका कुशीनगर की अध्यक्ष किरण राकेश जायसवाल, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, ब्लाक प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह, सुकरौली रंजना पासवान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव, सुकरौली महेंद्र पासवान, पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजना दूबे, लोकसभा विस्तारक पवन पाण्डेय, लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, विधानसभा प्रभारी राधेश्याम दीक्षित, विधानसभा संयोजक छेदी शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा सुदर्शन पाल, महामंत्री महिला मोर्चा रूपम सिंह, सुगंधा मिश्रा, सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा मातृ शक्ति अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दुकान व वाहन स्टैण्ड हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

जन एक्सप्रेस/देवरिया। अध्यक्ष नीलामी समिति जजी देवरिया छाया नैन ने बताया है कि जनपद न्यायाधीश देवरिया के निर्देश के अनुपालन में दीवानी न्यायालय परिसर स्थित भुजा-मूँगफली, लस्सी सरबत के दुकानों व वाहन स्टैण्ड हेतु 14 मई को 01 बजे दीवानी न्यायालय परिसर में दस कक्षीय न्यायालय भवन में स्थित केन्द्रीय सभागार कक्ष में प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अधीन बोली में भाग ले सकते है।

देवरिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु एम रतन कुमार व्यय प्रेक्षक नियुक्त

जन एक्सप्रेस/देवरिया। अपर जिला मजिस्ट्रेट(प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा 66-देवरिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु एम रतन कुमार आई0आर0एस0 को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

सामूहिक प्रयास से ही टीबी रोग का होगा उन्मूलन: डॉ. मुकेश यादव

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जनपद कुशीनगर के कसया तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिरसिया खोईया में टीबी जागरूकता समुदाय बैठक में टीबी रोग के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए एमोटीसी डा. मुकेश यादव ने सभी से अपील करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के कार्यक्रम में सभी का सहयोग अपेक्षित है।

डा.यादव ने कहा कि सामोहिक प्रयास से ही क्षय रोगों का खात्मा कर सकते हैं। उन्होंने ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाना है। टीबी रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियो को जाँच एवं उपचार हेतु प्रेरित करे। ताकि वह समाज में दूसरे व्यक्तियों को न फैला सके।

वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि क्षयरोग अब असाध्य नही है यह बात सभी लोग समझ गये है। आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जिन व्यक्तियों को खाँसी, बलगम आ रहा हो उनकी जाँच अवश्य कराये। जाँच के बाद यदि रोग का पता चलता है तो वह उपचार लेकर पूर्ण स्वस्थ हो सकता है। बैठक को सम्बोधित करते हुये सीएचओ गुड़िया शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति टीबी की दवा खा रहे है वे कोर्स के बीच में दवा न छोड़े नही तो बीमारी और घातक सो सकतीं है। दवा समय से ले तथा चिकित्सक की सलाह पर ही दवा बंद करें।

10 को होगा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा का अनावरण

जन एक्सप्रेस/देवरिया। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विवेक कमानी ने कहा कि 10 मई को अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी कि प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। विष्णु अग्रवाल ने कहाकि अग्रवाल समाज को समाज सेवा के साथ राजनीति के क्षेत्र में बढ़चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न मार्गो पर राहगीरों के लिए अस्थाई प्याऊ लगाने व जगह जगह मिट्टी के निःशुल्क घड़े प्रदान कर शीतल जल की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंच द्वारा सदस्यता अभियान चला कर नये प्रतिभावान युवाओं को मंच प्राथमिक सदस्य बनाने की योजना बनाई गई। समर कैम्प लगाने के लिए राहुल पोद्दार व प्रीति पोद्दार को संयोजक बनाया गया।

शिक्षकों ने घर-घर जाकर किया मतदान के प्रति जागरूक

जन एक्सप्रेस। लार, देवरिया

लार विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय करमुआ के शिक्षको द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र छात्राओं व शिक्षको ने हाथ में तख्तियां बैनर लेकर गांव की गलियों में रैली निकालकर मतदान करना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है हम लोकतंत्र के सिपाही हैं। सबसे पहले मतदान करो उसके बाद दूसरा काम करो आदि के नारे लगाए।

घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान मतदान का महत्व बताया गया। शिक्षक शिशिर राय ने मतदाताओं को उनके वोट के अधिकार बताकर मत का प्रयोग करने का आग्रह किया। लोगों को बताया कि आपका एक वोट एक अच्छी सरकार बना सकता है। देश व समाज को मजबूत बनाने के लिए लोगों को अपने मत का सही प्रयोग करना चाहिए। उसके बाद कई जगह कागज की बनी डेमो ईवीएम मशीन से नए वोटरों को समझाया गया की हमे अपना वोट ईवीएम से कैसे डालना है। संजीव तिवारी ने कहा कि मतदान करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसका प्रयोग हमें बहुत सोच-समझकर करना चाहिए। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव में मतदाता जागरूकता को लेकर गांव वाले बहुत अधिक उत्साहित थे। इस दौरान ग्राम प्रधान तपनारायण यादव, अंजला यादव, अजय यादव, रमेश भर, उमेश भर, मनीष निषाद, भोलू निषाद, रामशंकर राजभर, प्रदीप भर, लीलावती देवी, अनारी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

घर से दो किमी दूर मिला शव : गाजियाबाद में टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के साहिबाबाद में एक टाटा स्टील के बिजनेस हेड की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। 17 दिन पहले दिल्ली तबादला हुआ था। घर से दो किमी दूर खेतान स्कूल के खेल मैदान के बाहर शव मिला है। राजेंद्रनगर सेक्टर-2 में शुक्रवार रात टाटा स्टील के बिजनेस हेड विनय त्यागी (42) की डेढ़ लाख रुपये और लैपटॉप लूटने के दौरान चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने उनका शव घर से दो किमी दूर खेतान स्कूल के खेल मैदान के पीछे नाले में फेंक दिया। पिता विशम्भर सिंह त्यागी ने शालीमार गार्डन थाने में लूट और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। राजेंद्र नगर सेक्टर-5 निवासी विनय त्यागी पालम एयरपोर्ट, दिल्ली के पास एरोसिटी टी-3 में टाटा स्टील कंपनी में बिजनेस हेड के पद पर कार्यरत थे। वह रोजाना मेट्रो से ऑफिस जाते थे। शुक्रवार रात करीब 11:21 बजे ऑफिस से घर लौटने के दौरान उन्होंने पत्नी रुचि को कॉल कर कहा कि उनके पास डेढ़ लाख रुपये कैश और लैपटॉप है। वह उन्हें लेने राजेंद्रनगर मेट्रो स्टेशन आ जाएं। उन्होंने व्हाट्सएप पर अपनी लोकेशन भी रुचि को भेजी थी। रुचि जब मेट्रो स्टेशन पहुंचीं तो वहां विनय नहीं मिले। इसके बाद वह घर पहुंचीं और विनय के आने का इंतजार करने लगीं। उन्होंने दोबारा व्हाट्सएप पर लोकेशन देखा तो वह डिलीट हो चुकी थी। फोन करने पर वह स्विच ऑफ था। डेढ़ घंटे इंतजार करने के बाद परिजन गाड़ी से उनकी तलाश करने लगे। सुबह साढ़े तीन बजे खेतान स्कूल के खेल मैदान के पीछे सर्विस रोड पर नाले में एक हाथ देख बेटे अरमान ने गाड़ी रोक दी। पास में गए तो देखा कि विनय का शव पड़ा था। परिजन उन्हें मोहननगर स्थित अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विनय के सीने व पेट में गहरे घाव थे। अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

17 दिन पहले दिल्ली हुआ था तबादला

विनय पिछले कई साल से कोलकाता में नौकरी करते थे। 17 अप्रैल 2024 को उनका कंपनी ने दिल्ली में तबादला कर दिया था। वह पत्नी रुचि त्यागी, बेटे अरमान व ओम त्यागी, पिता विशम्बर सिंह त्यागी, मां संगीता त्यागी, छोटे भाई वरुण त्यागी के साथ रहते थे। पिता विशम्बर त्यागी मौसम वैज्ञानिक थे, सेवानिवृत्त होने के बाद बेटे के साथ ही रहते थे। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो सोसायटी के लोग और परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था।

डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि पिता की शिकायत पर लूट व हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के लिए आठ टीमों को लगाया है। विनय त्यागी के मोबाइल फोन की सीडीआर से लेकर अन्य तथ्य जांचने के लिए टीम ने कंपनी से भी संपर्क किया है। विनय के शरीर पर चोट के निशान मिले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और ज्यादा स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस ने दो बाइक चोर किये गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गभाना पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान अभियुक्त सचिन पुत्र यशपाल निवासी बादौली थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर और .अंशु सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी बादौली थाना अरनिया बुलन्दशहर को मय चोरी की बुलट मोटरसाइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट लगी) व दो अन्य चाबी सहित कटरा मोड से गिरफ्तार किया गया।

आयुक्त अलीगढ़ मण्डल एवं आईजी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयुक्त अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ चैत्रा वी. एवं आईजी शलभ माथुर द्वारा छर्रा विधानसभा में नगला मानसिंह के बूथ न. 265, 266. 267, 268, 269, 270 व प्राथमिक विद्यालय अली नगर में स्थापित मतदेय स्थलों का जायजा लिया। आयुक्त एवं आई जी ने इगलास विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय जारोठ के बूथ संख्या 294, 295 व प्राथमिक विद्यालय ताहरपुर मतदान केंद्र में स्थापित 316 और 317 मतदेय स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए वोटर पर्ची प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं एआरओ संजय मिश्रा एवं उपलाधिकारी व एआरओ इगलास महिमा भी साथ रहे।

शहर मुफ्ती ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

जज़्बा फाउण्डेशन द्वारा डिर्पाटमेन्ट ब्लड एन्ड कंपोनेंट सेन्टर जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ के सहयोग से सकीना लॉज अपर फोर्ट, अलीगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन अलाउद्दीन सैफी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खालिद हमीद शहर मुफ्ती अलीगढ़ ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जिससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। समाज के एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। प्रोफेसर मो जसीम हस्सान ने कहा कि ब्लड डोनेट करने से शरीर तमाम बीमारियों से बचा रहता है और दिमाग स्वस्थ, ब्लड प्रेशर ,वेट कंट्रोल रहता है। हार्ट अटैक, कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। फाउण्डेशन के महासचिव डॉक्टर स्वालेहीन अख्तर ने बताया कि खून की कमी से अब कोई मौत न हो। 64 रजिस्ट्रेशन मे से 35 लोगों ने रक्तरक्तदान किया। जिसमें 27 फाउंडेशन सदस्यों ने हिस्सा लिया सभी रक्तदाताओं को फाउंडेशन द्वारा सर्टिफिकेट एवं ब्लड डोनर कार्ड वितरित किया गया, उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही जज़्बा फाउंडेशन दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। मुख्य रूप से डॉक्टर मो. उमर सईद, डॉक्टर दीबा खान, डॉक्टर अजहरूद्दीन अन्सारी, डॉक्टर अदीबा, कुं आरिफ अली, अबुज़र, बिलाल खान, मो. इरशाद,रजनी रावत, मो. खुर्शीद अहमद, मो. उमैर, चन्दन सिंह, गांधी, मो. शकील, महेंद्र सिंह आसिम पेंथर, फैसल, सोनू सिंह व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक आदालत 13 जुलाई को

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 13 जुलाई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अलीगढ, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों व विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों (जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो) तथा उक्त के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित व प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है।

डीलरों के फर्जी हस्ताक्षर से घोटाला, माफिया ने गोदाम से बेच दिया तीन हजार क्विंटल राशन

जन एक्सप्रेस। नोएडा

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में राशन माफिया ने गोदाम से तीन हजार क्विंटल राशन बेच दिया। नई मंडी स्थित गोदाम से डीलरों के फर्जी हस्ताक्षर कर राशन निकालने का आरोप है। शिकायत मिलने पर एसडीएम सदर ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिले में राशन माफियाओं ने गोदाम से तीन हजार क्विंटल से अधिक राशन बेच दिया। बताया जा रहा है कि राशन डीलरों के फर्जी हस्ताक्षर कर राशन बेचा गया है। राशन डीलरों की शिकायत पर मामले में एसडीएम सदर ने जांच शुरू कर दी है। जबकि एफसीआई व खाद्य विभाग के अधिकारी मामले को दबाने में जुटे हैं।

एफसीआई के नई मंडी स्थित गोदाम से राशन डीलरों के फर्जी हस्ताक्षर से राशन निकालने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राशन डीलरों के माल को छोटे वाहनों से पहुंचाने वाले एक राशन माफिया ने बाहरी व्यक्ति की मदद से राशन खरीदकर दिल्ली, नोएडा में बेच दिया। जब राशन न बंटने की शिकायत अधिकारियों तक पहुंची तो राशन डीलरों से जवाब तलब किया।

राशन डीलरों ने एसडीएम सदर को शिकायत देकर बताया कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में राशन नहीं पहुंचाया गया। बड़ी मात्रा में राशन को बाजार में बेच दिया गया। जिस कारण वह राशन नहीं बांट सके हैं। राशन डीलरों ने एसडीएम सदर को मामले में शिकायत दी तो एफसीआई के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद अब एफसीआई के अधिकारी निजी स्तर पर राशन खरीदकर माल की पूर्ति करने में लगे हैं।

वहीं, राशन डीलरों को पर्याप्त माल न पहुंचने की शिकायत पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है और कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। एक राशन डीलर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पिछले कई माह से उन्हें कम राशन दिया जा रहा था। जिसके चलते सभी कार्ड धारकों को राशन बांटने में परेशानी हो रही थी। जब एसडीएम से मामले में शिकायत की गई तो कई विभागीय अधिकारियों ने शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया।

विज्ञापन

बताया जा रहा है कि एफसीआई के एक अधिकारी ने निजी व्यक्ति को काम पर रखा है। अधिकारी के स्थान पर उक्त व्यक्ति राशन डीलरों का माल बाहर निकलाता है। इस दौरान राशन माफिया एफसीआई अधिकारियों के साथ पुलिस और मंडी के अधिकारियों से मिलीभगत के कारण खुलेआम कालाबाजारी के लिए राशन अपने वाहनों से ले जाता है।

मामले में राशन डीलरों ने मुझे शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। कुछ दस्तावेज जांच के लिए मांगे गए हैं।

सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो सफाईकर्मियों की मौत

जन एक्सप्रेस। नोएडा

शहर के पॉश सेक्टर-26 निवासी कारोबारी घर में सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे दो कर्मियों की दम घुटने से मौत हो गई। शुक्रवार देर रात हुए हादसे में जान गंवाने वाले सफाईकर्मियों की शिनाख्त मूलरूप से पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी नीनू मंडल (36) और तपन मंडल (40) उर्फ कोकन मंडल के रूप में हुई है। रिश्ते में जीजा और साले लगने वाले दोनों सफाईकर्मियों की मौत की खबर मिलते ही परिजन और पड़ोसी सेक्टर-20 कोतवाली पहुंच गए। शनिवार सुबह परिजनों ने कोतवाली में हंगामा किया। हालांकि बाद में दोनों पक्ष में समझौता हो गया। नीनू और तपन मंडल सेक्टर-9 स्थित झुग्गी झोपड़ी में परिवार के साथ रहते थे। दोनों सीवर की साफ सफाई समेत अन्य काम कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सेक्टर-26 के ए ब्लॉक निवासी कारोबारी सुमित चावला ने शुक्रवार शाम 7 बजे दोनों को घर में सीवेज के सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए बुलाया।

सफाई के दौरान जहरीली गैस के रिसाव के कारण दोनों मजदूर बेहोश हो गए। रात करीब साढ़े दस बजे सुमित ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजकर कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। अस्पताल ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। देर रात घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और पड़ोसी कोतवाली सेक्टर-20 पर पहुंच गए। पूरी रात दोनों मजदूरों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास करते रहे।

सुबह परिजन और पड़ोसी एक बार फिर थाने पहुंचे गए। हंगामा कर रहे लोगों का आरोप था कि मौके पर पर्याप्त रोशनी के बिना मकान मालिक ने दोनों को काम करने को कहा। करीब चार घंटे तक परिजन और पड़ोसी कोतवाली में डटे रहे। पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर वापस भेजा। शनिवार दोपहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस के मुताबिक सुमित चावला ने दोनों से पहले भी सेप्टिक टैंक की सफाई कराई थी।

मकान मालिक ने आरडब्ल्यूए के दिशानिर्देशों का नहीं किया पालन

सेक्टर-26 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने बताया कि आरडब्ल्यूए के दिशानिर्देशों के अनुसार निवासियों को सूर्यास्त के बाद घरों में निर्माण या सफाई कार्य नहीं कराने की सलाह दी जाती है। सेक्टर की सुरक्षा समिति इसकी अनुमति नहीं देती। इसके बावजूद सुमित ने सूर्यास्त के बाद सफाई कर्मियों को बुलाया।

परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट

शुक्रवार रात करीब 12 बजे नीनू की पत्नी लिली मंडल को घटना की जानकारी मिली। सेक्टर- 21 में घरेलू सहायिका का काम करने वाली लिली ने बताया कि सुमित ने जब उनके पति को कॉल कर बुलाया तो अंधेरा होने की बात कहकर नीनू को जाने से रोका था। नीनू को बुखार था। वह यह कहते हुए घर से निकल गए कि अगर काम नहीं करेंगे तो खाएंगे क्या। उनके तीन नाबालिग बच्चे हैं। वहीं तपन के परिवार में माता-पिता, पत्नी और चार बच्चे हैं। नीनू और तपन दोनों ही गटर और सीवेज सफाई का काम करते थे। दोनों के बच्चों ने कहा कि परिवार के मुख्य कमाने वाले को खो दिया है। ऐसे में उनके सामने रोजी और रोटी का संकट पैदा हो गया है।

ताला तोड़ रहे दो चोरों को लोगों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले, मौके से हुए फरार

जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद। घटना शुक्रवार रात केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी की है। बताया जा रहा है कि चार चोरों ने फ्लैट का ताला तोड़ने का प्रयास किया। इनमें से दो को लोगों ने दबोच लिया है और पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, अन्य दो चोर मौके से फरार हो गए। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में चोरी करने घुसे चार चोरों में से दो को निवासियों ने पकड़ लिया। मौके पर पुलिस बुलाकर चोरों को उनके हवाले कर दिया है। घटना शुक्रवार रात की है। जिसके बाद से लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। सोसाइटी निवासी नीतू सिंह का कहना है कि सोसाइटी में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कई दिनों तक धरना प्रदर्शन के बाद भी बिल्डर की ओर से सुरक्षा के कोई कदम उठाए नहीं गए हैं। मामले में नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

लॉयड कॉलेज और कैंटीन संचालक को नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस। नोएडा

खाद्य विभाग की टीम ने हॉस्टल आर्यन रेजीडेंसी की कैंटीन का किया निरीक्षण, मिली गंदगी अब हॉस्टल में गठित होगी छात्र समिति, हर सप्ताह देगी फीडबैक दो कॉलेज के हॉस्टल के खाने में कीड़े निकलने से छात्रों में रोष नॉलेज पार्क स्थित लॉयड कॉलेज के हॉस्टल आर्यन रेजीडेंसी की कैंटीन में गंदगी और खराब भोजन मिलने पर खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को कॉलेज और कैंटीन संचालक को नोटिस जारी किया है। इसमें तत्काल व्यवस्था में सुधार करने के साथ ही जवाब मांगा है। साथ ही विभाग ने कॉलेज प्रबंधक को छात्र समिति बनाने को कहा है। समिति हर सप्ताह कॉलेज प्रबंधन को खाने की गुणवत्ता की रिपोर्ट देगी। वहीं, छात्रों को परोसी जा रही बिरयानी का नमूना जांच के लिए भेजा गया। दो दिन पहले पहले खाने में कीड़े मिलने पर छात्रों ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रबंधन के साथ खाद्य विभाग से की थी। शनिवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने हॉस्टल की कैंटीन का निरीक्षण किया।

''**कैंटीन** में साफ-सफाई नहीं थी और अन्य मानक भी पूरे नहीं थे। वहीं, छात्रों ने खाने की गुणवत्ता खराब बताई। एक और हॉस्टल की कैंटीन के खाने में मिले कीड़े नॉलेज पार्क स्थित एक और कॉलेज के हॉस्टल के खाने में कीड़े मिले। छात्रों ने परिजनों से शिकायत की है। एक छात्र के पिता कृष्णानंद ने बताया कि सोमवार को हॉस्टल में बने आलू-राजमा की सब्जी में कॉकरोच और अन्य मरे कीड़े पाए गए। बेटे ने उसकी फोटो भी भेजी। शिकायत पर कॉलेज प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद खाद्य विभाग से शिकायत की। आरोप है कि हॉस्टल में खाने की गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर जांच की जा रही है। आर्यन रेजीडेंसी हॉस्टल से पहले लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आ गई है। उस पर कार्रवाई चल रही है। साथ ही कॉलेजों और हॉस्टलों की कैंटीन की जांच का अभियान चलाया जाएगा। लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी।''

- अर्चना धीरान, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय

आप ने हरियाणा-दिल्ली के लिए जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

जन एक्सप्रेस। नोएडा

आप ने शनिवार को दिल्ली और हरियाणा के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इसमें जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रचार की कमान संभाल रखी है। हाल ही में उन्होंने पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और गुजरात के भरूच व भावनगर निर्वाचन क्षेत्रों में आप के उम्मीदवारों के साथ रोड शो किया। रविवार को दक्षिणी दिल्ली सीट से आप उम्मीदवार सही राम पहलवान के समर्थन में रोड शो में शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा स्टार प्रचारकों की लिस्ट में राघव चड्ढा का नाम भी शामिल है। वह इस समय आंखों के इलाज के लिए विदेश में हैं।

दो माह में दूसरी बार खराब मिली खाने की गुणवत्ता

जन एक्सप्रेस। नोएडा

नॉलेज पार्क के कॉलेजों और हॉस्टलों की कैंटीन संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। गंदगी में खाना बनाकर छात्रों को परोसा जा रहा है। छात्रों की शिकायत पर खाद्य विभाग समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। आरोप है कि आर्यन रेजीडेंसी की कैंटीन में दो माह में दूसरी बार खराब गुणवत्ता का खाना परोसा गया है, लेकिन नोटिस के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहीं हाल नॉलेज पार्क के अन्य कॉलेजों की कैंटीन का है।

महाशिवरात्रि पर आठ मार्च को आर्यन रेजीडेंसी हॉस्टल के करीब 200 छात्रों को फूड प्वाइजनिंग हो गई थी। तब जांच में पता चला कि कुट्टू का आटा खाना से छात्र बीमार हुए। खाद्य विभाग की टीम ने हॉस्टल की और चार नमूने लैब भेजे। निरीक्षण के दौरान कैंटीन में साफ-सफाई नहीं मिली थी। तब भी हॉस्टल को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। शनिवार को भी कैंटीन में गंदगी मिली। गंदगी के बीच छात्रों का खाना तैयार किया जा रहा है। उसमें कीड़े गिर रहे है। छात्रों का आरोप है कि कुट्टू का आटा खाने के मामले में अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है।

समय से कैंटीन की जांच नहीं

ग्रेनो के नॉलेज पार्क में 100 से अधिक कॉलेज और हॉस्टल हैं। ज्यादातर जगह पर कैंटीन चल रही है। कैंटीन की एनओसी खाद्य विभाग से मिली है। एनओसी देने के बाद विभाग को समय-समय पर निरीक्षण कर मानकों का पालन कराना होता है, लेकिन विभाग लापरवाही बरत रहा है। पिछले वर्ष कैंटीन की जांच की गई थी। तब से अब तक जांच नहीं की है। दो माह पहले भी दो कैंटीन में लापरवाही मिली थी।

सीएम की गिरफ्तारी का जवाब जनता वोट से देगी

जन एक्सप्रेस/नोएडा। नई दिल्ली लोकसभा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने नामांकन से पहले पटेल नगर में आप कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव अलग है। दिल्ली की जनता मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से गुस्से में है। आज हर तरफ एक ही बात है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का जनता वोट से जवाब देगी। इस बार का चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। 10 साल पुरानी भाजपा की सरकार ने देश को हर स्तर पर कमजोर करने का काम किया है। तीन बार के चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना सबूत के गिरफ्तार कर लिया गया। हम अहिंसावादी और गांधीवादी लोग हैं। गांधीवादी अपनी बारी का इंतजार करता है। भाजपा वाले हिंसा का सहारा लेते हैं। इसके बाद सोमनाथ ने नामांकन से पहले घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पत्नी, दोनों बच्चे, मंत्री गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत विधायक व पार्षद के साथ रैली निकालते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। यहां गोपाल की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया।

नलगढ़ा के हर्ष और अनुष्का पंडित ने जीती कुश्ती

जन एक्सप्रेस। नोएडा

सूरजपुर में चल रहे प्राचीन बाराही मेले में 13वें दिन जयपाल भगतजी की स्मृति में आयोजित दंगल में नलगढ़ा के हर्ष महिला पहलवानों में अनुष्का पंडित ने 1100 रुपये की कुश्ती जीती।

पहलवानों ने जमकर दांव पेंच लड़ाए। मेले में जयवीर भाटी और मनोज चौधरी एंड पार्टी के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मेले में पहलवानों को जोर आजमाइश करते हुए देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। 101 रुपये की कुश्ती जेवर के कार्तिक, 501 रुपये की कुश्ती बल्लू, साहिल और अयान ने जीती। दंगल प्रतियोगिता में मुगदड़ भी साधी गई। खोदना गांव के शिवम शर्मा ने 75 किग्रा, धर्मी शर्मा ने 80 किग्रा, दादूपुर के पवन व बागपुर के अंकित ने 90 किग्रा की मुगदड़ उठाई। संदीप भड़ाना ने 70 किग्रा की मुगदड़ उठाई। कलाकारों ने महाभारत और रामायण के किस्सों पर एक से बढ़कर एक रागनियों की प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिव मंदिर सेवा समिति महासचिव ओमवीर बैंसला ने शिव पार्वती प्रसंग से तू तो प्यारे भजन कराकर की प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सूरजपुर के दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सोलो, कथक की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज, शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, सतवीर भाटी, राजवीर भगतजी, भोपाल ठेकेदार, मूलचंद शर्मा, धर्मवीर भाटी, योगेश अग्रवाल, विनोद खलीफा, लक्ष्मण सिंघल, अनिल भाटी आदि पदाधिकारियों ने जीतने वाले पहलवानों को पुरस्कृत किया।

बाइक सवार युवक-युवती को कार ने रौंदा, हादसे में दोनों की मौत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

दोनों नोएडा में इंटरव्यू देने के लिए जा रहे थे। जैसे ही दोनों मौसमगढ़ गांव के पास पहुंचे तो बुलंदशहर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। बुलंदशहर के देहात कोतवाली की नई मंडी चौकी क्षेत्र के गांव मौसमगढ़ के निकट शनिवार सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार युवक और युवती को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई।

बताया गया कि संभल जनपद के थाना चंदौसी क्षेत्र निवासी युवक दीपेंद्र अपनी साथी मोनम के साथ शनिवार सुबह घर से नोएडा जाने के लिए बाइक से निकला था। दोनों नोएडा में इंटरव्यू देने के लिए जा रहे थे। जैसे ही दोनों मौसमगढ़ गांव के पास पहुंचे तो बुलंदशहर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों की शिनाख्त कर उनके परिजनों को मामले की सूचना दे दी है।

राज्य मंत्री ने की धर्मेंद्र कश्यप को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील

भाजपा लोक सभा प्रत्याशी के समर्थन में किया चुनावी जनसंपर्क

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार में आज शनिवार को आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र की गांव भुता में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा जनसंपर्क किया मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे राज्य मंत्री श्री गंगवार में कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाना हैं। और इसके लिए लोकसभा प्रत्यासी धर्मेंद्र कश्यप को भारी मतों से विजय बनाना हैं।उन्होंने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार के कामों की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि उन्होंने गांव का विकास, किसान, मजदूर, युवाओं की हितों में कल्याणकारी कार्य किए हैं।और यह कार्यक्रम आगे भी जारी रखें जाएंगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित और देश के विकास के लिए तीसरी बार श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाना हैं।

उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की भारी मतों से धर्मेंद्र कश्यप को विजय बनाकर लोकसभा में पहुंचाएं और एक बार फिर मोदी सरकार का नारा पूरा करने में अपना अहम योगदान दें। कार्यक्रम में सांसद के अनुज दिनेश कश्यप, फरीदपुर विधायक श्याम बिहारी सिंह, ब्लाक प्रमुख हरेंद्र पटेल, पूर्व विधायक बागपत नीरज शर्मा, पूर्व प्रधान लक्ष्मण गंगवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुंवर सेन गंगवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद, शङ्ख लोकसभा प्रभारी नरेंद्र सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहें। इससे पहले राज्य मंत्री श्री गंगवार कार्यक्रम में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

हमलावर सांड ने खेत पर गए किसान को उतारा मौत के घाट, बचाने गये साथी पर भी किया हमला

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

योगी सरकार में जहां एक तरफ सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंश से ग्रामीणों को छुटकारा दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। वहीं दूसरी तरफ आवारा सांड के हमलों से तमाम किसान अपनी जान गंवा चुके हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मनपुरा निवासी किसान रामपाल 60 वर्ष पुत्र आशाराम बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव गजरौला अमेड़ी नदी के पुल के पास बने सरदार सुखदेव सिंह के झाले पर सुबह भूसा भर रहे थे। उनके साथ सुखदेव सिंह और उनका बेटा सहित तीन लोग मौके पर मौजूद थे। हमलावर सांड को अपनी ओर आता देखकर सड़क की ओर भागे तभी हमलावर सांड ने उनका पीछा किया। सांड को देखकर तीनों लोग सड़क के किनारे बनी खाई में कूद गए। उधर हमलावर सांड भी खाई में उतर गया। सुखदेव सिंह और उनका बेटा फुर्ती में खाई से सड़क पर आ गए लेकिन रामपाल को हमलावर सांड ने घेर लिया और पटक पटक कर अपने नुकीले सींगों से उन्हें मौत के घाट उतार दिया। सांड के हमले से रामपाल को बचाने के दौरान सुखदेव सिंह भी सांड के हमले से मामूली घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दो लोगों के बचाने के बाद भी सांड ने रामपाल को तब तक नहीं छोड़ा जब तक उन्हें मार नहीं दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ढकिया रंजीत, सखिया, गजरौला के तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक हमलावर सांड घटना स्थल के आसपास ही मंडराता रहा। घटना की सूचना मिलते ही दियोरिया कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सलमान अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। सांड के हमले में किसान रामपाल की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिवार के लोग भी रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि सुबह इसी सांड ने बल्देव पुर निवासी मुन्ना लाल को भी घर से बाहर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

उन्हें इलाज के लिए बरेली निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामपाल की मौत की खबर मिलते ही उनकी पत्नी राम बेटी और उनके बेटे अमरपाल, नरेन्द्र, मुकेश भी मौके पर पहुंच गए। असमय मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बीसलपुर पुलिस तथा पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को हमलावर सांड को जल्द पकड़वाने का आश्वासन दिया। हमलावर सांड को लेकर ग्रामीणों में भारी गुस्सा देखा गया।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही इस हमलावर सांड को नहीं पकड़ा गया तो जल्द ही और किसी निर्दोष की जान जा सकती है।

संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

ससुराल पक्ष ने लगाया हत्या कर मार के पंखे पर लटकाने देने का आरोप

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो जाने से परिजनों में हाहाकार मच गया तो वहीं ससुराल पक्ष के लोगों में हत्या कर पंखे पर लटकाने का आरोप लगाया हैं। बताते चले की मृतका के पति रोहित 27 वर्ष पुत्र राममूर्ति लाल निवासी कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर सात ने बताया कि शनिवार दोपहर उसकी पत्नी किरन रोज की भांति ऊपर कमरे में सोने चली गयी।

मैं मकान के नीचे कमरे में था। जब 5 बजे तक किरन नीचे नही आयी तो मैंने अपने भतीजे को ऊपर बुलाने के लिये भेजा कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। तो उसने दरबाजा की दराज से झांक कर देखा तो किरन लटकी हुई नजर आ रही थी। उसके चीखने पर हम लोग ऊपर गये और दरवाजा को किसी प्रकार खोल कर देखा तो पत्नि किरन पंखे के कुंडे में धोती से लटक रही थी। फोन द्वारा सूचना पर ससुराली पहुंचे ससुराली तो कोहराम मच गया। इधर ससुराल पक्ष ने अपने बहनोई रोहित पर आरोप लगाते हुए कहा है की हमारी बहन की हत्या की गई हैं। और उसे मारकर पंखे पर लटका दिया हैं। वही सूचना मिलते मौके पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जूटी बरखेड़ा पुलिस ने फारेंसिक टीम को सूचित कर बुलाया हैं।

मां पूर्णागिरी दर्शन के लिए बजरंग दल ने निकाली भव्य बाइक यात्रा

यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग वहीं यात्रा का शुभारंभ नारियल फोड़, शंख बजा कर किया गया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को बजरंग दल द्वारा गांधी स्टेडियम पीलीभीत से एक भव्य विशाल 2000 की मोटरसाइकिल की संख्या के साथ कार्यकर्ताओं ने मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए यात्रा निकाली। इस भव्य यात्रा में लगभग भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्थित लगभग 150 गांव से एवं पीलीभीत के सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

वही इस अवसर पर यात्रा को संबोधित करते हुए सिंधु प्रसाद के प्राण संगठन मंत्री राजेश कुमार एवं बजरंग दल के प्रांत संयोजक दिष्विजय नाथ तिवारी ने कहा कि बजरंग दल द्वारा प्रारंभ की जा रही इस मां पूर्णागिरि सीमा दर्शन यात्रा का उद्देश्य यह हैं। कि भारत नेपाल की खुली सीमा के माध्यम से भारत हिंदू विरोधी ताकते देश के अंदर इन खुली हुई सीमाओं के माध्यम से घुसपैठ करते हैं।

और अपनी जिहादी मानसिकता का प्रचार और प्रसार करते हैं इससे विगत कई वर्षों से सीमावर्ती क्षेत्र के अंदर लबजहद एवं लैंड जिहाद मादक द्रव्यों की तस्करी को तस्करी महाभारत की अर्थव्यवस्था से जाली भारतीय मुद्रा को इन खुली सीमाओं के माध्यम से भारत के अंदर प्रवेश करके जहदी मानसिकता के लोग लिप्त रहते हैं।

लैंड जहाज के माध्यम से इन लोगों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के अंदर अवैध रूप से मजारे मस्जिद मदरसे का भारी संख्या में निर्माण कराया जा चुका हैं। हम इस यात्रा के माध्यम से भारत की सरकार एवं प्रदेश की सरकार से अनुरोध करते हैं कि इन अवैध रूप से बनी मजारे,मस्जिद और मद्रसो को ध्वस्त किया जाए।

यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य इन सीमावर्ती क्षेत्रों में जो गांव हमारे हैं उनमें रह रहे सभी हिंदू एवं हिंदू युवा साथी सजक एवं जागरूक हो और राष्ट्र विरोधी एवं हिंदू विरोधी ताकतों के विरुद्ध खड़े होकर इनका विरोध करें।

बजरंग दल की ओर से निकल गई आज की यह भव्य यात्रा पीलीभीत गांधी स्टेडियम से गैस चौराहा से बिजली घर चौराहे होते हुए माता यशवंतरी देवी मंदिर होते हुए मझोला पहुंची।

वही मझोला में यात्रा का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया एवं यात्रा मझोला से खटीमा होते हुए टनकपुर पहुंचेगी।

इस भव्य यात्रा का शुभारंभ नारियल फोड़कर एवं शंख बजाकर किया गया।

वही इस अवसर पर जनपद में जाने-माने समाजसेवी नीरज रस्तोगी ने सभी को पटका पहनाकर स्वागत किया और अपने उद्बोधन में कहा संगठन एक परिवार है और यह एक ऐतिहासिक यात्रा हैं।

वही यात्रा का संचालन जिला सह मंत्री एवं यात्रा संयोजक प्रवीन मोहन अग्रवाल ने किया जिला संगठन मंत्री प्रिंस गॉड ने कहा यह ऐतिहासिक और साहसिक यात्रा है जो कि हर साल मई,जून में निकाली जाएगी।

यात्रा में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल एवं विकास वाल्मीकि एवं पीयूष अग्रवाल ने यात्रा का स्वागत सुनगढ़ी थाने गैस चौराहा बिजली घर और मझोला में भी यात्रा का कई जगह भव्य स्वागत किया गया जिसमें कपिल अग्रवाल अजय गोयल का यात्रा पर फूलों वर्ष की गई यात्रा में उपस्थित होने वाले जिला अध्यक्ष कृष्ण गंगवार यात्रा संयोजक एवम जिला सह मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष जगदीश सक्सेना नगर अध्यक्ष महेश पाठक महेश पाठक, हरीश जुलवानी अजय राठौर रणवीर पाठक संगम अग्रवाल संतोष मिश्रा आदित्य ओझा अजय पाल राठौर विनय गर्ग अमित गुप्ता परमजीत कौर, सोनी पटेल, एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं मंत्री एवं संयोजक एवं कार्यकर्ता कार्यकर्ता की संख्या में कार्यकर्ता यात्रा पर रहें।

तेंदुए का कहर बरकरार

खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों के सामने अचानक नजर आया तेंदुआ मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शहर से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर गांव सैदपुर में रेलवे लाइन किनारे तेंदुए को देखा गया वहां काम कर रहे ग्रामीणों ने अचानक तेंदुआ नजर आया तो हड़कंप मच गया और यह खबर आग की तरह हर ओर फैल गई। यह बात देख सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई और इस पर जब तेंदुए ने दौड़ लगाई तो ग्रामीणों ने लाठी डंडा लेकर उसे दौड़ा दिया इस दौरान तेंदुआ रेलवे लाइन के किनारे भी नजर आया हालांकि इसका वीडियो लोगों द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया गया। वहीं सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी ड्यूटी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ पहुंचे उन्होंने जांच पड़ताल की साथी ग्रामीणों को भी सावधान रहने को कहा गया।

स्कूल बस के सामने आया बाघ

शहर से सटे गांव में जहां तेंदुए ने दहशत फैलाई, वहीं कलीनगर क्षेत्र में बाघ को देखकर स्कूली बच्चे सहम गए। दरअसल, शनिवार को माधोटांडा स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की मिनी बस तराई क्षेत्र से बच्चों को लेकर लौट रही थी। शारदा डैम और बाइफरकेशन जंगल मार्ग पर अचानक एक बाघ नहर की ओर से मार्ग पर आ गया। बीच सड़क पर बाघ को देखकर बस में सवार बच्चे सहम गए। करीब पांच मिनट तक बाघ वाहन के करीब ही चहलकदमी करता रहा। बस में सवार विद्यार्थी हरमनदीप कौर, खुशप्रीत कौर, करनजोत सिंह, गुरजोत सिंह व सिमरन मंडल ने बताया कि बाघ को पहली बार इतना करीब से देखा, जिससे वे सभी डर गए थे। काफी देर तक बाघ घूमता रहा। इसके बाद जंगल की ओर निकल गया।

नकली तेल बेचने के आरोप में तीन दुकानदार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। शुक्रवार को तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया और उन्हें जेल भेज दिया। एएसपी सिटी ने बताया कि बहुचर्चित कंपनी के जांच टीम अधिकारी गोपी किशोर बेरा ने कटरा कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि जिले में कंपनी के नाम पर नकली फॉर्च्यून ऑयल बेचा जा रहा है। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। कंपनी की टीम के साथ कटरा कोतवाली पुलिस की टीम ने मुकेरी बाजार में छापेमारी की। यहां दीपक कुमार एंड अमित कुमार और गोपाल ट्रेडर्स नाम से संचालित दुकान से नकली तेल के नौ डिब्बे बरामद किए। इनमें 15-15 लीटर के तीन और दो-दो लीटर के छह सोयाबीन ऑयल के डिब्बे शामिल हैं। दुकान मालिक अमित जायसवाल और अक्षत जायसवाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। इसके बाद कंपनी की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र से मनोज कुमार केशरवानी नाम से संचालित दुकान के मालिक मनोज कुमार केशरवानी निवासी वासलीगंज को गिरफ्तार किया।

जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया से पिछड़ा हुआ है शाहगंज, विकास से कोसों दूर

जन एक्सप्रेस । शाहगंज

कसमे वादे प्यार वफ़ा सब वादे हैं वादों का प्यार एक फिल्म का यह गीत इस चुनावी माहौल में शाहगंज नगर के लिए चरितार्थ होता नजर आ रहा है। बताते चलें निकाय चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव जनप्रतिनिधि लंबे-लंबे बड़े-बड़े शाहगंज नगर के लिए वादे करते रहते हैं। मगर वह वादे धरातल पर कभी नहीं उतरता। मसलन शाहगंज का चीनी मिल हो, शाहगंज जिला बनाए जाने की मांगो, राजकीय इंटर कॉलेज बनाए जाने की मांग हो जैसे तमाम मुद्दे हर चुनाव में उभरते रहते हैं और इस पर बड़ी-बड़ी बातें भी होती हैंह मगर कहा जाता है बातें हैं बातों का क्या यही हाल है नगर वासियों का जो अपने आप को हर चुनाव में ठगा सा महसूस करता है। अब 2024 के आम चुनाव में फिर सभी पार्टियों के उम्मीदवार विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते नजर आ रहे हैं। अब देखना यह है कि उनकी बातें और बातें धरातल पर कितना खरा उतरता है। आम चुनाव के बारे में पूछने पर मतदाता शोएब अहमद इदरीसी ने कहा कि इस बार हम अपना मत विकास शिक्षा स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं पर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमें ऐसे जनप्रतिनिधियों की जरूरत नहीं है जो झूठे वादों पर जनता को बरगला दे। हम सच्चे अच्छे और ईमानदार प्रत्याशी का चयन करेंगे। मुंतज़िर अब्बास ने कहा कि हर चुनाव में गरीब और आम लोगों के लिए सरकार बहुत सी योजनाएं चलाती है। मगर वह योजनाएं कभी-कभी ठंडे बस्ते और बिचौलियों के बीच फंसकर रह जाता है।

और आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाता है। हमारा मत ऐसे प्रत्याशियों को रहेगा जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरोटारलेंश रखता हो। युवा मतदाता विशाल सोनी ने कहा कि हमारा मत ऐसे प्रत्याशी को जाएगा जो युवाओं के रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य आदि की बातें सदन में पुरजोर तरीके से रखें और जनता के सुख- दुख में बराबर का भागीदारी करें।

ऐसा ना हो की काम पड़ने पर हमारा जन्म प्रतिनिधि जनता की पहुंच से दूर रहे। मतदाता अधिवक्ता उच्च न्यायालय ऋषि कुमार प्रजापति ने कहा कि हमारा मत रोजगार भ्रष्टाचार महिला सुरक्षा स्वास्थ्य आदि मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने मत का प्रयोग किया जाएगा और होने वाले सांसद से अपेक्षा करते हैं।

कि वह विकास जैसे बंद चीनी मिल को चालू करना, शाहगंज को जिला बनाना, नगर में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना करना, जैसे अति आवश्यक जरूरत पर कम करें।

विकसित भारत में मातृ शक्ति का अहम योगदान है

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

विकसित भारत को लेकर आर्ट आफ लिविंग के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे हुए हैं। वाराणसी प्रवास के दूसरे दिन विश्वनाथ मंदिर पहुंचे, बाबा को जल अर्पित और शिखर को नमन कर बाहर निकले। मौजूद लोगों ने गुरु जी को आकृष्ट करने के लिए महादेव का उद्घोष किया, जिस पर हाथ जोड़ कर सभी का अभिवादन स्वीकार कर आगे कार्यक्रम स्थल की ओर चले। विकसित भारत के कार्यक्रम के तहत धाम स्थित त्रयंबकेश्वर हॉल मे अपने अनुयायियों संग पहुंचे। स्वामी जी ने कहा कि इस नगरी का अपना एक अलग ही महत्व शिव की नगरी का है, जो सत्य है। जहां मां के रूप मे पार्वती हैं, यहाँ हर किसी को आना चाहिए।

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

रामपुर पुलिस अधीक्षक डॉ.अजय पाल शर्मा महोदय, जौनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी जमालापुर उपनिरीक्षक रामजी सैनी मय हमराह द्वारा जांच प्रा0पत्र, पेंडिग विवेचना, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति /वाहन व तलाश वांछित / वारन्टी के दौरान मु0अ0सं0-73/24 धारा 323/504/506/120बी/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)ङ्क एससी एसटी एक्ट मे वांछित चल रहे अभियुक्तगण 1- गौरव सिंह पुत्र अरविन्द कुमार सिंह निवासी हथेरा थाना नेवढिया जनपद जौनपुर, 2- प्रिंस कुमार गौतम पुत्र रमेश चन्द्र गौतम निवासी पुरेलला थाना नेवढिया जनपद जौनपुर को बरसठी तिराहा जमालापुर से समय 05.35 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय मे भेज दिया गया

रिहायशी मड़हों में लगी भीषण आग, मवेशी, खाद्यान्न, साइकिल, मोपेड जलकर खाक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

चंदवक। बलरामपुर धरकार बस्ती में शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों से रिहायशी मड़हों में भीषण आग लग गई। अगलगी की घटना में खाद्यान्न, कपड़ें, बकरियां व उसके बच्चें, साइकिल, मोपेड व गृहस्थी के समान जलकर खाक हो गए। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर किसी तरह आग बुझाई। जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार अहमद हुसैन, हल्का लेखपाल ने निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था।

दोपहर से पहले खाना बनाने व खाने के बाद बस्ती के लोग काम में व्यस्त थे इसी बीच हीरावती पत्नी चंद्रभूषण के मड़हे में आग की लपटें उठी तो लोग बुझाने को दौड़े लेकिन तेज हवा के कारण आग की लपटें कई मड़हों को चपेट में लेते हुए विकराल रूप धारण कर लिया। लोग आग बुझाने के प्रयास के बीच फायर ब्रिगेड को सूचना दी।फायर ब्रिगेड के कर्मियों व ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई जा सकी।आग बुझाने के प्रयास में हीरावती का दामाद सोनू निवासी सदरजहांपुर, गाजीपुर झुलस गया। अगलगी की घटना में हीरावती की रिहायशी मड़हा, चार बकरियां, उनके दो बच्चें, तीन कुंतल खाद्यान्न व कपड़े, गृहस्थी के सामान, भिखारी का रिहायशी मड़हा, साइकिल, मोपेड, खाद्यान्न, कपड़ें व गृहस्थी के सामान, ओमप्रकाश का रिहायशी मड़हा, खाद्यान्न, कपड़ा, पप्पू का रिहायशी मड़हा, खाद्यान्न, कपड़ा व गृहस्थी का सामान, राजू का रिहायशी मड़हा, खाद्यान्न, कपड़ा व गृहस्थी का सामान, अखिलेश का रिहायशी मड़हा, खाद्यान्न, कपड़ा व गृहस्थी का सामान व इसके अलावा चौबेपुर की रीना जो बिसातबाना का सामान बेचने गई थी उसका भी हजारों का सामान आग की चपेट में आकर जल गया। अगलगी की घटना में झुलसे सोनू का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया।घटना की सूचना पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय के साथ पहुंचे सांसद पुत्र प्रमोद कुमार सरोज ने नुकसान का जायजा लिया और पीड़ितों को सरकार द्वारा अहेतुक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार अहमद हुसैन ने बताया कि नुकसान का आकलन किया गया है।जो भी सरकार द्वारा अनुमन्य होगा दिलाया जाएगा।

डीएम-11 टीम ने एसपी - 11 टीम को पराजित किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज डीएम-11 बनाम एसपी-11 के बीच एलएच शुगर मिल के ग्राउण्ड में क्रिकेट मैच सम्पन्न हुआ। मैच 15 ओवर का खेला गया। जिसमें डीएम संजय कुमार सिंह की टीम द्वारा 15 ओवर में कुल 80 रन बनाये। जिसमें डीएम संजय कुमार सिंह ने 07 रन, जिला पंचायत राज अधिकारी ने 15 रन, एसीजेएम अमित यादव ने 10 रन, नगर मजिस्टेऊट ने 09 रन बनायें, पुलिस अधिक्षक की टीम में बालर प्रतीक दहिया ने 01 विकेट, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने 02 विकेट, अपर पुलिस अधिक्षक 02 विकेट व डीएफओ मनीष सिंह ने 01 विकेट लिया साथ ही पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने 12 रन की डीएफओ ने 15 रन, अपर पुलिस अधीक्षक ने 05 रन, क्षेत्राधिकारी सदर प्रतीक दहिया ने 04 रन बनाये, डीएम संजय कुमार सिंह की टीम के बालर अक्षय ने 04 विकेट, प्रदीप ने 02 विकेट व प्रखर ने 01 विकेट लिया। नगर मजिस्टेऊट विकेट कीपर 04 कैच, 01 रन आउट तथा अन्तिम ओवर में 07 रन चाहिए थे जीतने के लिए अक्षय ने 03 विकेट ले लिये।

विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर दी जान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जेठपुरा गांव में शनिवार सुबह एक 33 वर्षीय विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झुलकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। मृतका के पति ने मानसिक रूप विक्षिप्त होने का दावा किया है। जेठपुरा गांव के निवासी बृजेश यादव की शादी 10 वर्ष पूर्व खुटहन थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में शादी हुई थी।बृजेश विदेश मे रहकर कमाई करता था। बीते दो वर्ष पहले वह घर पर आकर रहने लगा था। पति बृजेश ने बताया की नए घर के निर्माण कार्य की देखभाल के लिए वह अपने नए घर सोता था और पत्नी राधिका 33 वर्ष पुराने घर सोई थी शनिवार सुबह जब वह उठा तो देखा की पत्नी के कमरे का दरवाजा बंद था खिड़की से जाकर देखा तो वह चौक गया कमरे में लगे पंखे पर साड़ी के सहारे फंदे पर झूलती पत्नी को देखकर वह सहम गया और शोरगुल मचाना शुरू कर दिया थोड़ी देर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सरायख्वाजा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवा लिया और शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।परिजनों ने बताया की मृतका दो पुत्री व एक पुत्र की मां थी। और मृतका की मानसिक स्थिति ठीक ना होने के चलते अक्सर वह उलझी रहती थी। सरायख्वाजा थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मामले की तहकीकात की जा रही है।

चुनावी पाठशाला में स्कूली बच्चों संग अभिभावक पढ़े जागरूकता का पाठ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सुइथाकला। शनिवार को शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न बेसिक स्कूलों में चुनावी पाठशाला आयोजित कर बच्चों संग अभिभावकों को कहीं चुनावी प्रक्रियाओं तो कहीं क्लास लगाकर बच्चों संग अभिभावकों को जागरूकता काइपाठ पढ़ाया गया। इस दौरान नौनिहाल बच्चों ने प्रेरक नारों द्वारा अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी दिशा निर्देश के क्रम में क्षेत्र के बरोत, खानपुर,सारी जहांगीर पट्टी व बुमकहां के बेसिक स्कूलों में चुनाव कराकर बच्चों को चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। वहीं सदरूद्दीनपुर इंग्लिश मीडियम प्राथमिक स्कूल के चुनावी पाठशाला में प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनुपमा अग्रहरि ने क्लास लगाकर जहां बच्चों समेत अभिभावकों को मतदान सम्बन्धी जागरूकता का पाठ पढ़ाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार के प्रयोग को आवश्यक बताया वहीं कक्षा 4 के बच्चे सक्षम विन्द ने पहले मतदान बाद में जलपान जैसे मतदान सम्बन्धी प्रेरक नारे लगाकर अभिभावकों को प्रेरित करने का कार्य किया। इस दौरान बबिता यादव, घनश्याम, विवेक कुमार आदि शिक्षकों समेत अरविन्द, मालती व तमाम अभिभावक और बच्चे बच्चियां मौजूद रहीं।

रामभक्तों पर गोलियां चलाने वालों, अयोध्या में फिर से त्रेतायुग लौट आया है: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया के बिधूना में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए की जनसभा
- सीएम बोले, रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक देख अभिभूत हुई दुनिया
- बिना नाम लिए सपा पर बरसे, बोले-कल्याण सिंह के निधन पर संवेदना तक व्यक्त नहीं किया और माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने चले गए

जन एक्सप्रेस । औरैया

समाजवादी पार्टी के शासन में अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं पर आज अयोध्या में फिर से त्रेतायुग और रामराज्य वापस आ गया है। नई अयोध्या में 500 वर्षों के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने होली खेली। रामनवमी पर उनका सूर्य तिलक हुआ। इसे देख पूरी दुनिया अभिभूत हो गयी थी। यह अद्भुत कार्य कभी सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यकाल में नहीं हो सकता था, क्योंकि ये तो प्रभु श्रीराम के वजूद पर ही सवाल खड़ा करते थे। एक समय था जब सपा कहती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है, लेकिन भाजपा सरकार में देश ही नहीं, दुनिया से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन को आ रहे हैं और दिव्य-भव्य अयोध्या देखकर प्रफुल्लित हो रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के बिधूना में कहीं। उन्होंने यहां कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में जनसभा कर वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यूपीए की सरकार में देश के विभिन्न हिस्सों में आये दिन

आतंकवादी घटनाएं होती थीं। यूपीए को समर्थन देने वाली समाजवादी पार्टी आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी। इस पर न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि आज आप इनके मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं और कल इन्हे पद्म पुरस्कार से नवाजेंगे। इसके बाद न्यायालय ने समाजवादी पार्टी को रोका था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश आतंकवाद मुक्त हो गया है। यह मोदी की गारंटी है। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जहां एक ओर रामलला विराजमान हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े माफिया की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन प्रदेश के विकास और राम जन्मभूमि के लिए समर्पित था। उनके देहांत पर सपा के लोगों ने संवेदना तक नहीं व्यक्त की, जबकि माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने जाते हैं। आपको इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

इंडी गठबंधन बताए, अल्पसंख्यकों को किस तरह के खाने-पीने की छूट देना चाहती है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के मेनिफेस्टो में अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। यह जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन सा खानपान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, अल्पसंख्यक समाज को गोमांस पसंद है। हम गो माता की रक्षा के लिए जान भी देंगे। यह किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता देंगे और हम उसे स्वीकार कर लेंगे। यह कतई नहीं होगा। प्रदेश में गोकशी की बात तो दूर कोई इसके बारे में भी सोचेगा तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिये जाएंगे।

जनसभा में कन्नौज सांसद व भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक, योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण, विधायक कैलाश राजपूत, अर्चना पांडेय, पूनम शंखवार आदि मौजूद रहीं।

भाजपा ने दी अतीक और मुख्तार के गुनाहों की सजा

- मृतक उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा भाजपा ने दिया न्याय
- मुख्यमंत्री ने सदन में कहा था कि माफियाओं को मिट्टी में मिला दूँगा, पूरा किया वादा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

यूपी में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के मामले को लोग शायद भूल न सके हो, लेकिन इस हत्याकांड की पीड़िता उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने प्रयागराज से कन्नौज पहुंचकर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने सपा सरकार में संरक्षण प्राप्त माफिया अतीक अहमद ओर मुख्तार अंसारी को लेकर सपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि 2023 में मेरी पति उमेश पाल की हत्या हुई थी, माफिया अतीक अहमद के द्वारा और इन माफियाओं का अंत करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरपूर न्याय दिलाया। उन्होंने वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इस सरकार को जितायें ताकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए न्यायपूर्वक काम कर सके। उन्होंने मुझे न्याय दिलाया जो कोई भी नही कर सकता। मुझे याद है कि राजू पाल की हत्या हुई थी सन् 2005 में तब सपा सरकार थी। सपा सरकार में राजू पाल को न्याय नही मिला, अगर न्याय उसी दिन मिल गया होता तो आज यह घटना मेरे पति के साथ जो हुई है, वह न होती, क्यों कि राजू पाल की हत्या के मामले से यह अतीक अहमद जुड़ा हुआ था। मुख्यमंत्री ने जो सदन में कहा कि माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे जो उन्होंने किया।

महिलाओं को मिल रही सुरक्षा

मृतक उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कार्य किया है उससे महिलाएं स्वतंत्र होकर चाहें रात हो या दिन किसी भी समय स्वतंत्र होकर जा सकती है, उनके साथ कोई दुर्व्यवहार नही हो सकता है और अगर कोई घटना होती है तो तत्काल कार्यवाही होती है।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील

पाल समाज से पहुंची जया पाल ने कन्नौज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए जनता से वोट देने की अपील भी की। उनका कहना है कि जो सरकार भाजपा की है, उनके सेवक हैं, यह तो मै चाहूंगी कि भारी मतों से इनको यहां से बिजयी करें क्यों कि यह भी एक पूरी तरह से उत्तरदायित्व के लायक है और वह सभी कार्य पूरी तरह से करेंगे।

जया पाल ने सपा सरकार पर साधा निशाना

उन्होंने सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार में किसी को न्याय नही मिला और बाकी उन्ही ने माफियाओं को पैदा भी किया है और हर जगह पर उनका शोषण, और अन्य लोग जो असहाय और असक्षम है, उन लोगों को शोषण भी किया है, जिस तरह से जमीन का मामला है और औरतों पर अत्याचार है दुराचार है। यह सब चीजें जो है सपा सरकार में देखी गयी है। बांकि सपा में भी, बसपा में भी है और कांग्रेस में भी है गुण्डा माफिया हर जगह पर मिला है, लेकिन भाजपा सरकार ने न्याय जो दिलाय वह सबको पूरी तरह से दिलाया।

फास्ट फॉरवर्ड

रसूलाबाद विधानसभा में सियासी पारा गर्म

जन एक्सप्रेस/रसूलाबाद कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव को लेकर जहां तमाम राजनीतिक दल के प्रत्याशी व कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से लोगों के बीच जाकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए वोट मांग रहे हैं। अखिलेश यादव के चुनाव लडने से कन्नौज का चुनाव बहुत चर्चा में है।शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जिताने के लिए सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आलोक रत्न यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष समरथ पाल, नीलम कठेरिया, पुष्पेंद्र यादव सहित कई नेताओं ने सघन जनसंपर्क कर जन आशीर्वाद मांगा। जगह-जगह नुक्कड़ सभा करके लोगों को भाजपा सरकार की गलत नीतियों के बारे में बताया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय सचिव आलोक रत्न यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। भाजपा ने जो भी वादे किए कोई भी वादा पूरा नहीं किया। आज पूरे देश में भाजपा के विरोध में माहौल बना हुआ है। कन्नौज में जनता ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए वोट मांग रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि कन्नौज अखिलेश यादव के दिल में बसता है और वह कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के ही हैं। वहीं सपा नेत्री नीलम कठेरिया ने कहा कि उनका समाज अखिलेश यादव को बड़े बहुमत से जिताने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हुए हैं वह सपा कार्यकाल में हुए और जो कार्य छूटे हैं वह अभी तक छूटे हुए पड़े हैं। इस बार जनता विकास के नाम पर वोट करेगी।

पल्लवी क्लासेस स्कूल में बच्चों और अभिभावकों ने मतदान के लिए शपथ ली

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर कस्बा स्थित पल्लवी क्लासेस में सभी बच्चो को मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई इस मौके पर विशाल चतुर्वेदी मनोज चतुर्वेदी व बच्चे ऋद्धि, नैतिक, हर्ष, कृष्णा, पुनीत, विभु आदि मौजूद रहे । शपथ में कहां प्रबंधक ने हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रबंधक ने आगे बताया कि बच्चे अपने नाते रिश्तेदारों को अपने विभावकों को सभी को प्रतिदिन प्रेरित करें की 13 तारीख को शत प्रतिशत मतदान करने में सहयोग करें और स्वयं भी मतदान करें।

बंगले में आग लगने से मचा हडक़ंप

जन एक्सप्रेस/रसूलाबाद कानपुर देहात। बंगले में आग लगने से हडक़ंप मच गया। कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकता लेकिन बंगले में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।रसूलाबाद थाना क्षेत्र के कंडवर गांव में उस वक्त हडक़ंप मच गया जब कलेक्टर सिंह के बंगले में आग लग गई। बंगले में सबमर्सिबल से ट्यूबबेल संचालित होता था। अज्ञात कारणों से आग लगने से स्टार्टर, पाइप, साइफन,चारपाई, पंखा इत्यादि समान जल गया। सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को भी दी गई।

मान्यता विहीन संचालित स्कूलों पर कार्यवाही हेतु बीएसए ने बीईओ से मांगी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस/रसूलाबाद कानपुर देहात। जले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर अफसरों की कार्यवाही का चाबुक चलना शुरू हो गया है। मई माह में अभियान चलाकर बिना मान्यता के स्कूलों की धरपकड़ के बाद कार्यवाही होगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जिले में बिना मान्यता के स्कूल संचालित नहीं होगें। इसे लेकर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। बीएसए कार्यालय से निर्देश जारी हुए थे कि जिन स्कूलों ने अस्थाई मान्यता लेने के बाद सभी मानक पूरे कर लिए हैं वह स्थाई मान्यता लेकर स्कूल संचालित करें लेकिन अभी तक काफी स्कूलों ने स्थाई मान्यता नहीं ली है। जिले में जल्द ही ऐसे स्कूलों के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। शुक्रवार को रसूलाबाद में घर के अंदर बिना मान्यता के संचालित एक स्कूल को बीईओ ने बंद कराया। मौके पर 50 बच्चे पढ़ते मिले। विद्यालय को नोटिस जारी की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी रसूलाबाद अजब सिंह ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि निभू गांव में एमजीएमएस के नाम से स्कूल घर पर संचालित किया जा रहा है।शुक्रवार सुबह उन्होंने गांव पहुंचकर निरीक्षण किया। एक घर के अंदर कमरों में करीब 50 बच्चे पढ़ते मिले। परिसर में कक्षा एक से आठ तक विद्यालय संचालित हो रहा था।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विद्यालयों में चलाया गया जागरुकता अभियान

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिला मजिस्ट्रेट,जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ छात्र-छात्राओं को दिलाई गई तथा छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार के मूल्य को समझने तथा आमजन एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने को कहा गया। इसलिए आगामी 13 मई को जनपद में मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में सहभागी बने।उपरोक्त कार्यक्रम जनपद के जिला पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय उमरैन , किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर, इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, सर्वोदय इंटर कॉलेज साफर, नेहरू इंटर कॉलेज कैथावा, श्री नारायण इंटर कॉलेज बडेरा अजीतमल, विजय शंकर शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर ऊंचा में छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ, संगोष्ठी एवं रंगोली बनाकर आमजन को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

सरकार को जन और सरकार विरोधी बताकर रूठों को मनाने की नसीहत दे गए अखिलेश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंच से सपाइयों से कहा कि कुछ साथी किसी कारणवश नाराज हो गए। ऐसे लोगों से मिलकर उन्हें मनाएं और सपा को जिताने के लिए उनके साथ मिलकर काम करें। कल हसेरन में आयोजित जनसभा में मौजूद भीड़ को नियंत्रित रखने में प्रशासन के पसीने छूट गए। इसके बाद भी सपाई बैरिकेडिंग तोड़कर अखिलेश से मिलने के लिए अंदर घुस गए। युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए अखिलेश ने कहा कि भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मामले में प्रदेश सरकार ने रिकॉर्ड कायम किया है। बार-बार पेपर लीक होने से कई बेरोजगार आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार में आई तो युवाओं के हित में अग्निवीर योजना समाप्त कर युवाओ को रोजगार मुहैया कराने का काम होगा। पुलिस कर्मियों को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में भाजपा की सरकार बनी रही, तो उनकी नौकरी तीन साल की कर दी जाएगी। यादव ने सपा की सरकार बनने पर तिर्वा के पैरा मेडिकल कॉलेज का नाम वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने अपनी सरकार में घोषित हसेरन तहसील मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए योगी सरकार को न सिर्फ आड़े हाथों लिया वरन इसी बहाने राज्य सरकार को विकास और जन विरोधी भी करार दे दिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा की सरकार को किसान और नौजवान विरोधी बताते हुए सबक सिखाने की अपील की। अपने नामांकन के बाद जिले में दूसरी बार प्रचार करने पहुंचे सपा प्रमुख ने इस बार तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के हसेरन कस्बे का चयन किया। क्षत्रिय, लोधी, शाक्य और यादव बाहुल इलाके में अपने प्रचार के दौरान सभी वर्ग को साधा।

किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे

केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा करने वाली सरकार में किसानों को न्याय पाने के लिए दिल्ली तक आंदोलन करना पड़ा। कई किसानों पर झूठे मुकदमे हुए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनेगी, तो किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। >

रूठे लोगों को मनाने की दी नसीहत

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंच से एक बार फिर सपाइयों से कहा कि कुछ साथी किसी कारणवश नाराज हो गए। ऐसे लोगों से मिलकर उन्हें मनाएं और सपा को जिताने के लिए उनके साथ मिलकर काम करें।

अपने ही विधानसभा क्षेत्र में तीन बार के विधायक का तीखा विरोध, लगे वापस जाओ के नारे

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के एक भाजपा विधायक का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। जब विधायक वापस जाने लगे तो मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। गांव में विकास कार्य न होने से परेशान लोगों ने उस वक्त विरोध शुरू कर दिया, जब भाजपा विधायक लोकसभा चुनाव के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। विधायक का एक पुराना वीडियो भी वायरल हो गया, जिसमें वह मंच से ग्राम प्रधान को बोल रहे कि हमने तुमको बेईमानी से प्रधान बनाया फिर भी तुम काम नहीं कर रहे। मामला बीती शाम तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के बरुआहार गांव का है। जहां भाजपा के तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिये वोट मांगने गए थे। विधायक को देखकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताना शुरू कर दिया। गांव में विकास कार्य न होने से परेशान ग्रामीण उनको ताने मारने लगे। गांव में रोशनी की भी व्यवस्था न होने की बात कहते हुए ग्रामीणों ने वोट देने से इनकार कर दिया और हंगामा करते हुए विरोध जताना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। ग्रामीणों की नाराजगी देख विधायक कैलाश राजपूत वापस जाने के लिए अपनी कार में बैठ गए। जिसके बाद गांव वालों ने उनके लिए आपत्तिजनक नारे भी लगाए। तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत का एक वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है। जिसमें वह मंच पर माइक पकड़ कर भीड़ को सम्बोधित करते नजर आ रहे। वायरल वीडियो में एक ग्राम प्रधान को विधायक बोल रहे हैं कि एक तो हमने तुमको बेईमानी से चुनाव माइक पकड़ कर भीड़ को सम्बोधित करते नजर आ रहे। वायरल वीडियो में एक ग्राम प्रधान को विधायक बोल रहे हैं कि एक तो हमने तुमको बेईमानी से चुनावा जितवाया और फिर भी तुम काम नहीं कर रहे हो। 18 सेकेंड का ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। बताया गया कि ये वीडियो 3 या 4 महीने पुराना है।

सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण,सकुशल,पारदर्शीपूर्ण रूप में संपन्न कराए जाने हेतु लोकसभा कन्नौज सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार की अध्यक्षता व जिलाधिकारी आलोक सिंह की उपस्थिति में मतदान दिवस की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में प्रेक्षक महोदय ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सामान्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था,स्वीप गतिविधि, एफ एस टी, एस एस टी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा लोकसभा कन्नौज के लिए विधानसभा रसूलाबाद में 13 मई को मतदान होगा।

मैनपुरी जिले की सीमा से 8 किमी की परिधि में मदिरा, बियर, भांग सब की बिक्री बन्द

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य निर्वाचन/उपनिर्वाचन हो, उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 8 किमी क्षेत्र में स्थित देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बियर, माडॅल शॉप, ताड़ी एवं भांग की समस्त लाईसेंस प्राप्त दुकाने और उनकी बिक्री के लिये स्वीकृत अन्य लाईसेंस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड-1 में यथा उपबंधित मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय से 48 घंटे पूर्व तथा मतगणना दिवस को पूर्णतय बंद रखे जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया है कि जिला मजिस्ट्रेट मैनपुरी द्वारा लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी में 07 मई को लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी से सटे जनपदों के 8 किमी क्षेत्र में स्थित देशी, विदेशी मदिरा, बियर, भांग, ताड़ी है। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट कन्नौज शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने लोकसभा मैनपुरी की सीमा से 8 किमी के अन्दर जनपद कन्नौज की छिबरामऊ तहसील की देशी मदिरा दुकान हसनपुर, डडौनी, प्रेमपुर बाजार, सुल्तानपुर, घिलोई, माधोनगर, विशुनगढ़ विदेशी मदिरा/बियर की दुकाने प्रेमपुर, विशुनगढ़, आदि को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड-(एक) में यथा उपबंधित सं0प्रा0 आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 मे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जनपद कन्नौज स्थित देशी मदिरा, विदेशी मदिरा और उनकी बिक्री के लिये स्वीकृत अन्य लाईसेंस नियमानुसार 05 मई की सांय 06:00 बजे से 07 मई को मतदान समाप्ति तक बंद रखे जाने के निर्देश दिये है।

कन्नौज सीट ने हमेशा खुशबू अलग ही बिखेरी, दिए तीन मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

उत्तर प्रदेश की कन्नौज सीट इन दिनों सुर्खियों में है। इस सीट से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव मैदान में हैं। अखिलेश ने यहां अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। सपा ने पहले यहां से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, नामांकन से ठीक पहले तेज प्रताप का नाम कट गया। इस सीट भाजपा ने मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक को टिकट दिया है। बसपा के इमरान बिन जफर भी यहां से ताल ठोंक रहे हैं।

पहले कन्नौज सीट के बारे में

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से एक कन्नौज भी है। कन्नौज नाम से लोकसभा सीट शुरुआतों तीन लोकसभा चुनावों में नहीं थी। यह सीट 1967 में अस्तित्व में आई। साल 1967 में हुए आम चुनाव में कन्नौज सीट पर राम मनोहर लोहिया को जीत मिली थी। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उतरे लोहिया ने कांग्रेस के एसएन मिश्रा को मात्र 472 वोटों से हराया था। 1971 में लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट पर बाजी पलट गई। इस चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार एसएन मिश्रा ने जीत दर्ज की। मिश्रा 1967 में यहां राम मनोहर लोहिया से हारे थे। 1971 के चुनाव में मिश्रा ने भारतीय जन संघ की तरफ से उतरे राम प्रकाश त्रिपाठी को 43,115 वोटों से हराया।

कन्नौज में भाजपा को मिली पहली जीत

- 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कन्नौज सीट पर अपना खाता खोला। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चंद्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू ने सपा की तरफ से उतरे छोटे सिंह को 54,880 मतों के अंतर से शिकस्त दी।
- 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा ने कन्नौज सीट पर पिछली हार का बदला ले लिया। पार्टी के उम्मीदवार प्रदीप कुमार यादव ने इस बार भाजपा के चंद्र भूषण सिंह को 42,504 वोटों से हरा दिया।
- 1999 के चुनाव में कन्नौज सीट पर सपा उम्मीदवार और कोई नहीं बल्कि मुलायम सिंह यादव होते हैं।
- इस चुनाव में उनकी टक्कर किसी बड़े राजनीतिक दल के उम्मीदवार की बजाय एक गैर-मान्यता प्राप्त दल अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी से हुई। मुलायम सिंह ने लोकतांत्रिक कांग्रेस की तरफ से उतरे अरविंद प्रताप सिंह को 79,139 वोटों से हराया।
- 1999 के लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने कन्नौज के साथ ही संभल लोकसभा सीट से भी जीत दर्ज की थी। नतीजों के बाद मुलायम सिंह यादव संभल सीट से सांसद बने रहे और कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया।

आपातकाल के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस हारी

साल 1977, आपातकाल के बाद देश में चुनाव होते हैं। कन्नौज से भारतीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरे राम प्रकाश त्रिपाठी ने जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार बलराम सिंह यादव को 1,71,042 वोट से बड़ी शिकस्त दी। तीन साल बाद 1980 में मध्यावधि चुनाव हुए। 1980 के चुनाव में जनता पार्टी (सेकुलर) के उम्मीदवार छोटे सिंह यादव ने सफलता हासिल की। छोटे सिंह ने जनता पार्टी के टिकट पर उतरे राम प्रकाश त्रिपाठी को 39,137 वोटों से हराकर यह सफलता अर्जित की।

कन्नौज में अखिलेश की एंट्री

साल 2000 में हुए उप-चुनाव में कन्नौज सीट मुलायम सिंह के बेटे और मौजूदा सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उतारा गया। इसके साथ ही अखिलेश ने चुनावी राजनीति में एंट्री ली। अखिलेश का राजनीति में यह प्रवेश जीत के साथ हुआ। उन्होंने इस उपचुनाव में जीत दर्ज की और लोकसभा पहुंचे। साल 2004, इस बार कन्नौज सीट से एक बार अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरते हैं। इस चुनाव में अखिलेश के सामने बसपा से ठाकुर राजेश सिंह थे। अखिलेश ने बसपा प्रत्याशी को 3,07,373 वोटों के विशाल अंतर से हरा दिया। अब आती है 2009 के लोकसभा चुनाव की बारी। इस चुनाव में भी सपा की ओर से उतरे अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट पर जीत हासिल की लेकिन उनकी जीत का अंतर घट गया। उन्होंने बसपा उम्मीदवार डॉ. महेश चंद्र वर्मा को 1,15,864 वोट से हराया। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले सुब्रत पाठक 2009 में तीसरे स्थान पर रहे।

उपचुनाव में निर्विरोध जीतीं डिंपल

2012 में कन्नौज सीट पर उप-चुनाव की जरूरत पड़ गई। दरअसल, 2012 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें सपा को सफलता मिली थी। जीत के बाद अखिलेश यादव राज्य के मुख्यमंत्री बने और विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद कन्नौज सीट पर उप-चुनाव हुआ जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे दो उम्मीदवारों ने उप-चुनाव के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया था। कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवारों को मैदान में नहीं उतारा था जबकि भाजपा उम्मीदवार अंतिम समय में अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पाए थे। इस तरह से शीला दीक्षित के बाद डिंपल यादव कन्नौज सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दूसरी महिला बन गईं।

2014 में डिंपल-सुब्रत का कड़ा मुकाबला

2014 के लोकसभा चुनाव में देश के ज्यादातर हिस्सों में भाजपा को जीत मिलती है। हालांकि, कन्नौज में पार्टी सपा के सामने हार जाती है। इस चुनाव में डिंपल यादव ने भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक को रोचक मुकाबले में 19,907 वोटों से हरा दिया। डिंपल को 4,89,164 वोट मिले। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी को 4,69,257 वोट मिले। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को देशभर की 303 सीटों पर जीत हासिल की। इनमें कन्नौज की अहम जीत भी शामिल रही। आखिरकार सुब्रत पाठक कन्नौज का किला भेदने में कामयाब हो गए।

दिल्ली-महाराष्ट्र से इंडी वालों ने बिहारियों को भगाया

दरभंगा में पीएम बोले, देश में दो शहजादे, एक ने देश, दूसरे ने बिहार को जागीर समझा है

500 साल के इंतजार को परिपूर्ण कर अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बना: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दरभंगा

दरभंगा में शनिवार को पीएम मोदी ने बीजेपी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। 26 मिनट के भाषण में पीएम ने कांग्रेस और लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा राजा जनक, सीता मैया के पावन मिथिला भूमि के नमन करए छी। मोदी ने भारत माता की जय और जय श्री राम भी कहा। उन्होंने कहा कि 500 साल के इंतजार को परिपूर्ण कर अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बना है। पीएम ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान दिल्ली और महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन की सरकार थी। इन लोगों ने बिहार के लोगों को वहां से भगा दिया। आज वही लोग आपसे वोट मांगने आ रहे है। क्या आप उन्हें माफ करेंगे?

मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने शनिवार 4 मई को पलामू और गुमला में जनसभा की। पलामू में पीएम ने भीड़ देखकर कहा कि आप लोगों ने जेएमएम- कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। पीएम मोदी ने लोगों को वोट की ताकत बताई। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से आज राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गई। पीएम ने कहा कि आपके आशीर्वाद से मोदी पर 25 साल में एक पैसे का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। मोदी मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ है। परिवारवाद पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग अपने बच्चों के लिए पैसा जमा कर रहे हैं। मेरे पास ना साइकिल है ना घर। मेरा परिवार और वारिस तो आप लोग हैं। मैं आपको विकसित भारत देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों को मेरे आंसू अच्छे लगते हैं। कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान दुनियाभर में जा-जाकर रोता है। आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं। मजबूत भारत आज मजबूत सरकार ही चाहता है।

दिल्ली और बिहार के शाहजादे की रिपोर्ट कार्ड एक जैसे

उन्होंने कहा, जैसे दिल्ली में एक शहजादे हैं। वैसे ही बिहार में भी एक शहजादे हैं। एक ने देश तो एक ने बिहार को जागीर समझा है। दोनों के रिपोर्ट कार्ड एक जैसे हैं। इनके रिपोर्ट कार्ड में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं है। लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, बिहार के शहजादे के पिता जी ने मुस्लिमों को आरक्षण में से कोटा निकालने की बात कही थी।

एक महीने के अंदर पीएम मोदी का 5वां बिहार दौरा

मंच पर एनडीए नेताओं के साथ सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान दरभंगा के साथ-साथ झंझारपुर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, उजियारपुर की सीट को भी साधने की कोशिश की। इससे पहले लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में इसी मैदान में पीएम की सभा हुई थी। एक महीने के अंदर पीएम मोदी का 5वां बिहार दौरा है।

तेजस्वी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पीएम मोदी के दरभंगा दौरे पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा था कि एम्स चालू हो चुका है। आज प्रधानमंत्री खुद आकर देख लें कि क्या स्थिति है। पीएम ने मंच से हाथ हिला कर दरभंगा के लोगों का अभिनंदन किया। फिर मैथिली में अपना संबोधन शुरू किया।

नई सरकार के बनते ही तीन करोड़ पक्के मकान देंगे

पीएम मोदी ने दावा किया कि चार जून के बाद नई सरकार बनते ही हम तीन करोड़ लोगों को पक्का मकान देंगे। दरभंगा एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और सड़क पर काम हुआ। दरभंगा एम्स की अड़चनों को दूर कर काम हो रहा । दरभंगा में आईटी पार्क भी बना। इससे युवओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। मिथिला में मखाना, लीची और आम खूब होता है। अच्छी सड़कों और इंफ्रास्ट्रचर से यह सामान देश और दुनिया में जाएंगे। हमारी सरकार ने मखाना को जीआई टैग दिया है। हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 42 हजार करोड़ रुपये की सहायता बैंक के माध्यम से दिया।

पीएम मोदी ने नेहरु को याद किया

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों को लंबी चर्चा के बाद संविधान का निर्माण हुआ था। बाबा साहेब, राजेंद्र बाबू जैसे विद्वानों के नेतृत्व में आरक्षण पर कई प्रावधान किए। बाबा साहेब और पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया। अब जब हमारे गरीब, एससी-एसटी और ओबीसी का ध्यान कांग्रेस से भंग हो गया तो वह अब नेहरू की भावना के खिलाफ जा रही है। बाबा साहेब के संविधान को तोड़ने-मरोड़ने में लगी है। कांग्रेस लगी हुई है कि ओबीसी कोटे को कम कर धर्म के आधार पर उसमें से डाका डालकर मुसलमानों को आरक्षण दे दिया जाए।

बिहार को लालटेन के दौर में वापस नहीं जाने देना

पीएम मोदी ने कहा कि हमें बिहार को लालटेन के दौर में वापस नहीं जाने देना है। दिल्ली वाले शहजादे एक नई बात लेकर आए हैं। हमारे परिवार में मां-बाप अपने बच्चों के लिए कुछ न कुछ बचाते हैं। एक घर बना दूं, गाड़ी और खेत खरीद कर दे दूं ताकि बच्चों काम आ जाएगा। हर मां-बाप की इच्छा होती है कि बच्चों को कुछ देकर जाए। यह कांग्रेस ऐसा कानून बनाना चाहती है कि आपके मां-बाप की संपत्ति आपको नहीं मिल पाएगी। आधा कांग्रेस की सरकार छीन लेगी। यह लोग 55 प्रतिशत टैक्स पर फतवा लेकर आए हैं। क्या आप अपनी कमाई किसी कांग्रेस और राजद वालों को लूटने देंगे क्या? इसलिए बच्चों का भविष्य बनाने के लिए सात मई को झंझारपुर में जदयू प्रत्याशी रामप्रीत मंडल, 13 मई को दरभंगा में भाजपा प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर, समस्तीपुर से लोजपा (रा.) की प्रत्यशी शांभवी चौधरी को वोट दीजिए। पूरे हिन्दुस्तान की सबसे छोटी उम्र की बेटी चुनाव लड़ रही है। आप सब आशीर्वाद दीजिए कि हमारी बेटी तो जीतनी ही चाहिए। 20 मई को मधुबनी में भाजपा के अशोक यादव को भारी संख्या में वोट दीजिए। आपका यह वोट मोदी के खाते में जाएगा।

लालू पर हमला, कहा जमानत पर घूम रहे लालू

पीएम मोदी ने कहा कि राजद का इतिहास तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री बिहार के शहजादे के पिता था। जो सजा काट रहे हैं और जमानत पर घूम रहे हैं। उन्होंने गोधरा कांड के दोषियों को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक जज एक कमेटी बनाई। सोनिया मैडम का राज था। इसलिए उन्होंने बेन राजी कमेटी बनाई। उस कमेटी ने ऐसा रिपोर्ट बनाया कि 60 लोगों को जिंदा जलाने वाले निर्दोष से छूट जाएं। लेकिन उस समय के रेल मंत्री की रिपोर्ट को अदालत ने कूड़े में फेंक दिया। पूरी दुनिया को पता था कि कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था। फर्जी जांच रिपोर्ट बनाकर कार सेवको पर ही दोष मढ़कर आरोपियों को बचाने की साजिश रची गई। कोर्ट ने उस रिपोर्ट को गलत करार दिया। इसके बाद बार दोषियों को फांसी तक की सजा दी।

प्रियंका ने मोदी को शहंशाह कहा

बोलीं, मेरे भाई को शहजादा कहते हैं, खुद महलों में बैठे, राहुल 4 हजार किमी पैदल चल चुके

आप बताइए कि 55 साल हमारी सरकार रही, कांग्रेस ने किसी का क्या चुराया: प्रियंका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बनासकांठा

राहुल गांधी को शहजादा कहने का जवाब प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को शहंशाह कहकर दिया। उन्होंने कहा, वे मेरे भाई को शहजादा कहते हैं, जबकि मोदी खुद शहंशाह बनकर महलों में बैठे हैं। प्रियंका ने यह बात 4 मई, शनिवार को गुजरात के बनासकांठा में कही। प्रियंका ने कहा, यही शहजादा देश की बहनों, किसानों और मजदूरों की समस्याएं जानने के लिए 4 हजार किमी पैदल चल चुका है। मोदी को देखिए, उनका चेहरा देखिए, बिल्कुल साफ। साफ-सुथरे कपड़े और एक बाल तक इधर से उधर नहीं होता। वे आपकी समस्याएं कैसे समझेंगे? दरअसल, मोदी 2014 से चुनावी रैलियों में राहुल को शहजादा कहते हुए आ रहे हैं। ज्यादातर वे कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए राहुल को शहजादा कहते हैं।

वह एक्स-रे मशीन देखना चाहती हूं कि कैसे लोगों का सोना चुराती है

चुनाव भारत में हो रहे हैं और बातें पाकिस्तान की हो रही हैं। आपको बताया जा रहा है कि कांग्रेस एक्स-रे की मशीन लाएगी। यह मशीन आपका सोना चुरा लेगी। मंगल सूत्र चुरा लेगी। आप देश के प्रधानमंत्री हैं और इतनी तर्कहीन बातें करते हैं। देश की जनता ने आपको इसलिए चुना कि दुनिया के सामने आप साफ-सुधरी बातें करें। हमारे प्रधानमंत्री झूठ तो बहुत बोलते हैं, लेकिन अब फालतू बातें भी करने लगे हैं। वे कहते हैं कि अगर आपके पास दो भैंस हैं तो उनमें से एक भैंस कांग्रेस चुरा लेगी। आप बताइए कि 55 साल हमारी सरकार रही। कांग्रेस ने किसी का क्या चुराया। किसकी भैंस चुराई, किसका मंगल सूत्र चुराया। पीएम होकर भी इतनी तर्कहीन बातें करते हैं। मैं भी वह एक्स-रे मशीन देखना चाहती हूं कि कैसे वह लोगों का सोना चुराती है। कैसे मंगल सूत्र चुराती है।

मोदी जी गुजरात की जनता को भूल चुके हैं

पीएम मोदी गुजरात की जनता को अब नहीं पहचानते। अगर वह गुजरात की जनता से कटे नहीं होते, तो यहां से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं, क्योंकि मोदी जी का आपसे जो फायदा निकलना था, उन्होंने अपना फायदा निकाल लिया। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी गुजरात की जनता को भूल चुके हैं।

इवेंट में भी सिर्फ मोदी जी ही दिखते हैं

मोदी जी सबका साथ सबका विकास की बातें करते हैं, लेकिन आपमें से किसी एक का भी विकास हुआ? वे बस बड़े-बड़े इवेंट करते हैं। एक बात तो मैं भी मानती हूं कि इवेंट बहुत शानदार करते हैं। उसमें कोई कमी नहीं रहती। इसमें (इवेंट में) भी सिर्फ मोदी जी ही दिखते हैं। एक समय मीडिया पीएम से ढेरों सवाल पूछा करती थी, लेकिन आज सब चुप हैं। आज मीडिया में 70 करोड़ बेरोजगारों की नहीं, बल्कि मोदी जी की पोशाकों की खबरें रहती हैं।

पीएम से लोग डरते हैं

प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में सिर्फ लोगों के अधिकारों को कमजोर करने का काम किया है। उनके आसपास के लोग उनसे डरते हैं। उनके खिलाफ कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं करता। कोई आवाज उठा भी दे तो उसकी आवाज दबा दी जाती है। वे संविधान को बदलना चाहते हैं यानी जो अधिकार आपको मिले हैं, उन्हें कमजोर करना चाहते हैं।

अग्निवीर योजना लाकर सेना को खत्म कर दिया

आज देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। देश के करोड़ों नौजवान बेरोजगार बैठे हैं। यहां तक कि इस सरकार ने सेना को भी अग्निवीर योजना लाकर खत्म कर दिया। आज कोई नौजवान सेना में नहीं जाना चाहता। वह कहता है कि 5 साल बाद घर आ जाऊंगा तो फिर बेरोजगार हो जाऊंगा। सारी नीतियां खरबपतियों के लिए ही बनाई जा रही हैं।

गुजरात में 7 मई को होगा मतदान

गुजरात में 26 लोकसभा सीटें हैं। यहां की सूरत सीट पर पहले ही बीजेपी उम्मीदवार ने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। अब बाकी की 25 सीटों के लिए 7 मई को मतदान होगा। राजनीतिक दल 5 मई की शाम 5 बजे तक ही प्रचार कर सकेंगे।

दो टर्म से गुजरात में बीजेपी का दबदबा

पिछले दो टर्म यानी 2014 और 2019 में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने राज्य में गठबंधन किया है। गठबंधन के तहत आप गुजरात की भावनगर और भरूच सीट पर लड़ रही है, जबकि कांग्रेस ने 24 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

16 घंटे तक धधकते रहे नैनीताल के जंगल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नैनीताल

नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुर्पाताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी। उधर, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर खुर्पाताल क्षेत्र के जंगल में अराजक तत्व ने आग लगा दी। खड़ी चट्टान होने के चलते आग पर काबू पाने में वन विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी बीच आग आवासीय क्षेत्र के करीब पहुंची तो वन विभाग को दूसरे रेंज से टीम बुलनी पड़ी। मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत टीआर बीजू लाल भी आग बुझाने में जुटे गए। दोपहर दो बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि खुर्पाताल में आग बुझाने के लिए दो रेंज की टीम को जुटी रहीं। फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 28 प्रशिक्षुओं ने भी सहयोग किया। वहीं, भीमताल, बेतालघाट, रामगढ़, मुक्तेश्वर और धानाचूली के जंगल जलने से फैली धुंध के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जंगलों में भड़कती आग की घटनाओं के बीच सीएम ने की अहम बैठक, दिल्ली से वीसी पर जुड़े

वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं के बीच सीएम धामी ने अहम बैठक की। मुख्यमंत्री दिल्ली से ही वीसी पर जुड़े। उन्होंने वन विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा की। देहरादून सचिवालय में शासन के आला अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 64 घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग दो नेपाली परिवारों पर भारी पड़ी है। जंगल की आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

उम्मीदवारों को जारी करें नो ड्यूज सर्टिफिकेट आयोग का राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को हलफनामे के लिए आवेदन करने के 48 घंटे में नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी कर दिए जाएं। आयोग के संज्ञान में आया था कि कई प्रत्याशियों को संबंधित विभागों से प्रमाणपत्र लेने में असुविधा हो रही है। आयोग ने मुख्य सचिवों से कहा, वे इस संबंध में तुंरत प्रभाव से कदम उठाएं। चुनाव आयोग के मुताबिक, यदि उम्मीदवार अपने सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा करने में सक्षम नहीं है, तो यह नामांकन की जांच के समय उसकी उम्मीदवारी के खिलाफ जाता है। कई मामलों में पर्चा रद्द हो सकता है। ऐसे में नामांकन दाखिल करने की अवधि बीतने के बाद नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा करने पर भी प्रत्याशी को कोई राहत नहीं मिलती।

मतदान प्रतिशत के आंकड़े जारी करना हमारी प्रतिबद्धता

साथ ही चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि वह प्रत्येक चरण के बाद मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को समय से जारी करने को उचित महत्व देता है। आयोग ने कहा कि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद वास्तविक मतदान का बूथ-वार डाटा उम्मीदवारों के पास उपलब्ध होता है। देरी से मतदान प्रतिशत जारी करने के विपक्ष के आरोपों के बाद आयोग ने इस संबंध में आधिकारिक तौर पर बयान जारी किया है। ईसी ने कहा, आयोग के काम में पारदर्शिता बेहद अहम हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर फॉर्म 17सी में मतदान का प्रतिशत यानी अंतिम आंकड़ा दर्ज किया जाता है। पीठासीन अधिकारी और सभी मौजूद मतदान एजेंट के फॉर्म 17 सी पर हस्ताक्षर होते हैं। इसकी प्रतियां सभी उपस्थित मतदान एजेंटों को दी जाती हैं। आयोग ने कहा, वैधानिक प्रक्रिया के तहत, मतदान का, निर्वाचन क्षेत्र के साथ-साथ बूथ-वार डाटा भी उम्मीदवारों के पास उपलब्ध होता है।

तीसरे चरण में मौसम के सामान्य रहने की संभावना

तीसरे चरण के मतदान के लिए मौसम विभाग ने राहत भरी खबर चुनाव आयोग को बताया है कि 5 मई से देश के कई चुनावी क्षेत्रों में मौसम खुशगवार रहेगा। चुनाव आयोग ने उम्मीद जताई है कि इस चरण के दौरान गर्मी चुनौती नहीं बनेगी। उधर आयोग ने कहा कि बाकी के पांच चरणों में मतदान को बढ़ाने के लिए वह लोगों को विभिन्न माध्यमों से प्रोत्साहित कर रहा है। आईपीएल मैचों के दौरान दिग्गज क्रिकेटर लोगों से अपने मतदान के अधिकार को इस्तेमाल करने की अपील कर रहे हैं।

भागीदारी का सिद्धांत कमजोर

चुनाव अधिकारी ने कहा, ऐसे मामलों में न केवल इच्छुक उम्मीदवारों, बल्कि राजनीतिक दलों व मतदाताओं को भी नुकसान हो सकता है। इससे चुनावी लोकतंत्र में भागीदारी का सिद्धांत कमजोर होता है। ऐसा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से दिशानिर्देश जारी किए हैं।

भारतीय वायुसेना को मिला दूसरा सी-295 सैन्य विमान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को दूसरा सी-295 सैन्य विमान सौंपा गया है। पहला विमान पिछले साल सितंबर माह में दिया गया था। एयरबस डिफेंस ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। एयरबस डिफेंस ने एक्स पर लिखा, कहानी जारी है। भारतीय वायुसेना के लिए दूसरे सी-295 विमान को भारत को सौंपा गया है। भारत की ओर से ऑर्डर किए गए कुल 56 विमानों में से 16 का उत्पादन एयरबस द्वारा स्पेन के सेविले में किया जाएगा। एक औद्योगिक साझेदार के रूप में शेष 40 का उत्पादन पश्चिम भारत के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स द्वारा किया जा रहा है। मेक इन इंडिया के तहत सी-295 के लिए वडोदरा में पहला संयंत्र 2026 में शुरू होने जा रहा है। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के साथ दो साल पहले 21,935 करोड़ रुपये में 56 सी295 परिवहन विमानों को खरीदने का सौदा किया था। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) छह दशक पहले सेवा में आए पुराने एवरो-748 विमानों के अपने बेड़े को बदलने के लिए सी295 विमान खरीद रही है।

23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधि आए भारत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में शुरू हो चुके हैं। भाजपा इस चुनाव में 400 सीटों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी है। वहीं, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, सेशेल्स, कंबोडिया, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर सकती है सीबीआई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक में पेन ड्राइव स्कैंडल के बाद राजनीति गरमाई हुई है। मामले की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा एसआईटी गठित की गई है। एसआईटी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बताया कि इस मामले में प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा सकता है। बता दें कि ब्लू कॉर्नर नोटिस किसी अपराध के संबंध में व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिये जारी किया जाता है।

रेवन्ना को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश

एसआईटी ने सीबीआई से अनुरोध किया है कि इस मामले में प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाए। जांच टीम ने उम्मीद जताई कि हासन सांसद के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद उनके ठिकानों के बारे में जानकारी हासिल हो सकती है। खबर थी कि कर्नाटक में पहले चरण के मतदान के बाद प्रज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। उनके वकील ने एसआईटी के सामने पेश होने के लिए सात दिन का समय मांगा था, जिस पर जांच टीम ने जवाब दिया कि ऐसा संभव नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी को निर्देश दिया है कि प्रज्वल को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही इस मामले शामिल लोगों के खिलाफ भी सख्त से सख्त एक्शन लेने के लिए कहा गया है।

तत्काल गिरफ्तारी के लिए एक्शन लेने को कहा

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिस दौरान उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल एक्शन लेने के लिए कहा। बैठक में एसआईटी के अधिकारियों ने सीएम को बताया कि रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि जांच में तेजी लाने के लिए सीबीआई द्वारा ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा सकता है। एसआईटी ने कहा कि जैसे ही एयरपोर्ट से कोई जानकारी मिलेगी, रेवन्ना को तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अफगान राजनयिक पर लगा सोने की तस्करी का आरोप, डीआरआई ने जब्त किया 25 किलो गोल्ड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट से अफगानिस्तान की एक महिला राजनयिक को सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा है। महिला राजनयिक के पास से 25 किलो सोना बरामद हुआ है। तस्करी किए जा रहे सोने की कीमत 18.6 करोड़ रुपये आंकी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महिला राजनयिक की पहचान जाकिया वरदाक के रूप में हुई है। अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, घटना 25 अप्रैल की है, जब अफगानिस्तान की महिला राजनयिक जाकिया वरदाक अपने बेटे के साथ दुबई से मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। डीआरआई के अधिकारियों को अफगानिस्तान की राजनयिक के मुंबई पहुंचने से पहले ही सोने की तस्करी की खुफिया जानकारी मिल गई थी। ऐसे में डीआरआई ने अपने कई अधिकारियों को मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात कर दिया। जैसे ही महिला राजनयिक मुंबई एयरपोर्ट पर उतरकर एयरपोर्ट से बाहर निकल रहीं थी, तभी डीआरआई के अधिकारियों ने महिला राजनयिक और उनके बेटे को रोका। डीआरआई अधिकारियों ने राजनयिक से पूछा कि क्या उनके पास कोई ऐसा सामान तो नहीं है, जिस पर कस्टम ड्यूटी लगती हो? तो राजनयिक ने ऐसा कोई भी सामान अपने पास होने से इनकार कर दिया।

तस्करी के बावजूद महिला राजनयिक को नहीं किया गया गिरफ्तार

डीआरआई ने महिला राजनयिक के सामान की तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद एक महिला अधिकारी ने राजनयिक को अलग कमरे में ले जाकर तलाशी ली। तलाशी में राजनयिक की जैकेट, लैगिंग्स आदि से सोने के बार बरामद किए। हालांकि महिला राजनयिक के बेटे के पास से कुछ नहीं मिला। डीआरआई ने बरामद सोने को जब्त कर लिया। हालांकि डिप्लोमैटिक इम्युनिटी होने की वजह से अफगानिस्तान की राजनयिक को गिरफ्तार नहीं किया गया। डीआरआई ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)